

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़



/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



11 विश्व कप के बीच क्रिकेट के अधिकारी ने मांगी भारत से ...

अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव से पहले ईवीएम को लेकर एलन मस्क .... 12



वर्ष : 12 | अंक : 66 | पटना, सोमवार, 17 जून, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 59,340 |
| चांदी | 55,350 |
| सेंसेक्स | 63,327 |
| निफ्टी | 18,816 |

# गंगा दशहरा के मौके पर स्नान के दौरान डूबने से 9 लोगों की मौत

## पटना व भोजपुर में चार चार तो बेगूसराय में एक की जान गई



प्रात : किरण

पटना। बिहार में गंगा दशहरा के दौरान गंगा में नहाने से पटना में गंगा नदी में डूबने से नौ की मौत की खबर है। पटना व भोजपुर में चार चार तो बेगूसराय में एक की जान गई। पटना के बाढ़ में अचानक नाव पलट गई। नाव पर सवार परिवार के 17 लोग नदी में डूबने लगे। फौरन स्थानीय तैराकों और नाविकों उन्हें बचाने की कोशिश करने लगे। 13 लोगों को किसी तरह बाहर निकाला गया। परिवार के चार लोगों की तलाश जारी है।

वहीं, भोजपुर में डूबने से चार लोगों की मौत हो गई। घटना बिहार और यूपी के सीमावर्ती क्षेत्र शिवपुर गंगा घाट के पास की है। सभी मृतक बिहियां थाना क्षेत्र के खरौनी गांव के रहने वाले बताए गए हैं। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर एसडीआरएफ के साथ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की टीम मौके पर पहुंच गई है। लापता चारों लोगों की नदी में तलाश शुरू कर दी गई है। घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ भी मौजूद है।

जानकारी के अनुसार, गंगा दशहरा के मौके पर बहोरनपुर थानाक्षेत्र के शिवपुर गंगा घाट पर श्रद्धालुओं की भीड़ सुबह से ही उमड़ने लगी थी। सैकड़ों लोग गंगा में स्नान करने पहुंचे थे। इसी दौरान चार लोगों के गंगा में डूबने के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। घटना के बाद लापता चारों लोगों के परिजनों में कोहराम मच गया है। भोजपुर डीएम राजकुमार ने बताया कि घटना सूचना जैसे ही मिली, वैसे ही जगदीशपुर के एसडीएम और डीएसपी

### मुख्यमंत्री ने हादसे में हुई मौत पर जताया शोक

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भोजपुर जिले के शिवपुर गंगा घाट पर 04 बच्चों के डूबने से हुयी मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि यह घटना अत्यंत दुखद है। मुख्यमंत्री ने मृतक के परिजनों को चार-चार लाख रुपए अनुग्रह अनुदान देने के निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

को घटनास्थल पर भेज दिया गया है। अधिकारी मौके पर पहुंच कैंप कर रहे हैं। वहीं, मृत छात्र के परिजनों ने बताया कि लव कुमार अपने चार दोस्तों के साथ गंगा स्नान करने के लिए गया था, लेकिन हादसा हो गया।

गंगा में डूबे सभी चार लोग बिहियां थाना क्षेत्र के खरौनी गांव के रहने वाले बताए जा रहे हैं। चारों मृतकों की पहचान दीपू यादव, सोनू यादव, निशु शर्मा और रामजी गोंड के रूप में हुई है। भीषण गर्मी और कड़ी धूप के कारण चारों को तलाश करने में परेशानी आ रही है। हालांकि एसडीआरएफ के साथ-साथ स्थानीय गोताखोरों की टीम भी नदी में डूबे लोगों की तलाश में जुटी है।

भोजपुर डीएम राजकुमार ने बताया कि घटना सूचना जैसे ही मिली, वैसे ही जगदीशपुर के एसडीएम और डीएसपी

## नाव हादसे में चार लोग लापता, तलाश जारी

### गंगा दशहरा पर नहाने गए थे, अचानक नदी में पलटी नाव

पटना। पटना में गंगा नदी में अचानक नाव पलट गई। नाव पर सवार परिवार के 17 लोग नदी में डूबने लगे। फौरन स्थानीय तैराकों और नाविकों उन्हें बचाने की कोशिश करने लगे। 13 लोगों को किसी तरह बाहर निकाला गया। वहीं, परिवार के चार लोगों की तलाश जारी है। इधर, घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। पुलिस एसडीआरएफ की टीम की मदद से गंगा नदी में सर्च ऑपरेशन चला रही है। लापता लोगों की तलाश जारी है।

**13 लोगों को बाहर निकाल लिया गया :** इधर, घटना की पुष्टि करते हुए बाढ़ थाना प्रभारी ने बताया कि उमानाथ घाट पर रविवार को गंगा दशहरा के अवसर पर लोग गंगा स्नान करने आए थे। नाव पलटने से परिवार के 17 लोग नदी में डूबने लगे। इनमें से 13 लोगों को बाहर निकाल लिया गया है। वह फिलहाल ठीक है। इधर, एसडीआरएफ की टीम ने छह लोगों को तलाश में रेस्क्यू ऑपरेशन चला रही है। इनमें से दो लोगों को बचाकर नदी से बाहर निकाल लिया गया। वहीं चार लोगों की तलाश जारी है। इसमें एनएचएआई के एक सेवानिवृत्त अधिकारी अवधेश प्रसाद भी लापता हैं। अवधेश प्रसाद एक माह पहले ही सेवानिवृत्त हुए



हैं। जबकि उनकी पत्नी को बचा लिया गया है।

**चार लोगों की तलाश जारी है :** गंगा नदी में नाव पलटने की हादसा में नदी में लापता चार लोगों में अवधेश कुमार 60 वर्ष, हरदेव प्रसाद 65 वर्ष, नीतीश कुमार 30 वर्ष एवं मंजू देवी 45 वर्ष शामिल हैं। यह सभी नालंदा के मालती गांव के निवासी बताए जा रहे हैं। गंगा नदी में शव तलाशने की अभियान जारी है। बताया जा रहा है कि अवधेश कुमार अपने घर में किसी के गमी के बात गंगा स्नान में रविवार को शुद्धिकरण के लिए पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि गंगा स्नान करके वापस लौट के क्रम में अचानक नाव अनियंत्रित होकर बीच गंगा में पलट गई। इसी क्रम में गंगा दशहरा के अवसर पर गंगा नदी में छोटे-छोटे नाव जो भ्रमण कर रहे थे। उनके द्वारा गंगा नदी में गिरे लोगों को किसी तरह बचाया गया, जबकि चार लोग इस हादसे में गंगा नदी में लापता हो गए। एसडीआरएफ की टीम शव को तलाश करने में जुटी है।

को घटनास्थल पर भेज दिया गया है। अधिकारी मौके पर पहुंच कैंप कर रहे हैं। जो घटना हुई है वह कानूनी रूप से यूपी के लालगंज ओपी क्षेत्र की है। यूपी प्रशासन को सूचना दी गई है। एसडीआरएफ टीम पहुंच गंगा में शवों को ढूंढ रही है।

बेगूसराय जिले में भी रविवार को गंगा दशहरा के अवसर पर गंगा स्नान के दौरान एक छात्र की डूबकर दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। घटना साहेबपुरकमाल थाना क्षेत्र के कुरहा स्थित गंगा घाट की है। मृतक छात्र की पहचान साहेबपुरकमाल थाना क्षेत्र के बाबूराही गांव निवासी विद्यानंद यादव के बेटे लव कुमार (16) के रूप में की गई है। परिजनों ने बताया कि लव कुमार अपने चार दोस्तों के साथ गंगा दशहरा के शुभ अवसर पर गंगा स्नान करने के लिए गंगा घाट पर पहुंचा था।

## सबसे अधिक औरंगाबाद में भीषण गर्मी ने पांच लोगों की जान ले ली

# सूबे में प्रचंड गर्मी से लोगों का हाल बेहाल, 13 की मौत!

प्रात : किरण



पटना। राजधानी पटना सहित पूरे प्रदेश में भीषण गर्मी कहर बरपा रही है। पिछले 24 घंटे में पांच जिले में 13 लोगों की मौत हो गई। सबसे अधिक औरंगाबाद में पांच लोगों ने अपनी जान गंवा दी। वहीं, सारण और गया में तीन-तीन लोगों की मौत हुई। रोहतास और भोजपुर एक-एक लोगों की मौत हुई। इनके परिजनों का दावा है कि लू लगने के कारण तेज बुखार के साथ उल्टी होने लगी। अस्पताल ले गए लेकिन जान नहीं बचा पाए। इधर, सबसे अधिक बक्सर में गर्मी पड़ी। यहां का अधिकतम तापमान 46 डिग्री रिकॉर्ड किया गया।

मौसम विभाग के अनुसार बिहार के पटना 43.0 एवं मुंगेर 40.7 में उष्ण लहर दर्ज किया गया। जबकि गया में अधिकतम तापमान 44.4 डिग्री सेल्सियस, छपरा 43.5, डेहरी 45.2, भोजपुर 45.6, शेखपुरा 44.2, गोपालगंज 42.4, जमुई 42.2, बक्सर 46.4, औरंगाबाद 45.3 ,वैशाली 42.5, नवादा 44.01, राजगीर 44.01, अरवल 45.7 और जीरादेई 40.3 डिग्री सेल्सियस के साथ भीष्म उष्ण लहर दर्ज की गई। पिछले 24 घंटे के दौरान जिन जिला में तापमान 40 डिग्री से अधिक दर्ज किए गए, उनके नाम पटना 43.3, गया 45.2, छपरा 42.8, डेहरी 45.6, शेखपुरा 44.5, गोपालगंज 42.0, जमुई 42.8, बक्सर 46.0, भोजपुर 45.2, औरंगाबाद 45.5, नवादा 44.5, राजगीर 44.6, जीरादेई 43.1, अरवल 44.8, बिक्रमगंज 44.5 और मुंगेर 41.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किए गए इसके साथ ही भागलपुर 37.2, पूर्णिया 32.4, मुजफ्फरपुर 36.0, दरभंगा 35.2, सुपौल 32.6 ,मधुबनी 34.2, मोतिहारी 36.0 बेगूसराय 37.2, बांका 38.6, कटिहार 32.4, अररिया 30.5 और बाल्मीकि नगर 38.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किए गए। मौसम विभाग का मानना है कि राज्य के उत्तर पश्चिम उत्तर मध्य एवं दक्षिण भाग के एक से दो स्थान पर रविवार को गर्म दिन रहने की संभावना के साथ ही येलो अलर्ट जारी किया है।

# जम्मू-कश्मीर : शाह ने कानून-व्यवस्था की स्थिति व अमरनाथ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की

प्रात : किरण



नई दिल्ली,एजेंसी। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर में बढ़ती आतंकवादी गतिविधियों के मद्देनजर रविवार को यहां एक उच्च स्तरीय बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ केन्द्र शासित प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था की स्थिति तथा आगामी अमरनाथ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की।

यहां नार्थ ब्लॉक में दो चरणों में करीब चार-पांच घंटे से भी अधिक समय तक चली बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा, केन्द्रीय गृह सचिव अजय भल्ला, खुफिया ब्यूरो के निदेशक, सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, सेना प्रमुख नामित जनरल उपेन्द्र द्विवेदी, केन्द्रीय पुलिस बलों के महानिदेशक, जम्मू कश्मीर के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, जम्मू कश्मीर प्रशासन तथा केन्द्रीय गृह मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। शाह को उप राज्यपाल मनोज सिन्हा द्वारा जम्मू कश्मीर में सुरक्षा स्थिति की विस्तार से जानकारी दी गयी।

सेना और पुलिस की ओर से भी आतंकवादियों की गतिविधियों के बारे में बताया गया। इसके आधार पर अधिकारियों को केन्द्र शासित प्रदेश में आतंकवादियों की गतिविधियों से सख्ती से निपटने की रणनीति बनाने के निर्देश दिये गये। बैठक में आगामी अमरनाथ यात्रा को ध्यान में रखते हुए यात्रियों की सुरक्षा तथा उन्हें दी जाने वाली सुविधाओं से संबंधित तैयारियों का भी जायजा लिया गया। इससे पहले श्री मोदी ने गुरुवार को शाह और श्री डोभाल तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जम्मू कश्मीर की स्थिति की समीक्षा की थी। बैठक में श्री मोदी ने आतंकवाद रोधी कार्रवाई में सशस्त्र बलों की पूरी क्षमता का इस्तेमाल करने को कहा था। इसके बाद श्री शाह ने शुक्रवार को भी एक बैठक में कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की थी। उल्लेखनीय है कि पिछले एक सप्ताह से जम्मू कश्मीर में आतंकवादी गतिविधियां बढ़ गयी हैं और सुरक्षाकर्मियों तथा आतंकवादियों के बीच निरंतर मुठभेड़ हो रही हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री ने सड़क हादसे में 02 लोगों की मौत पर जताया दुख

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दरभंगा जिले के सदर थाना क्षेत्र के खूंटवारा मोड़ के पास सड़क हादसे में 02 लोगों की हुई मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि यह घटना अत्यंत दुखद है। मुख्यमंत्री ने मृतक के परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

### अमरनाथ यात्रा: दोनों मार्गों के लिए ऑनलाइन हेलीकॉप्टर बुकिंग शुरू

जम्मू। श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड ने इस 29 जून से शुरू होने वाली 52 दिवसीय श्री अमरनाथ यात्रा के लिए बालटाल और पहलगाम मार्गों के लिए हेलीकॉप्टर बुकिंग सेवा शुरू कर दी है। बाबा अमरनाथ की वार्षिक तीर्थयात्रा 29 जून से शुरू होकर 19 अगस्त को रक्षा बंधन के दिन समाप्त होगी। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, बालटाल मार्ग के लिए, नीलग्रथ-पंजतरणी-नीलग्रथ पर हेलीकॉप्टर सेवा प्रदान की जा रही है, और पहलगाम मार्ग के लिए, यह पहलगाम-पंजतरणी-पहलगाम मार्ग पर उपलब्ध होगी। सूत्रों ने कहा कि आधिकारिक वेबसाइट पर हेलीकॉप्टर सेवा की ऑनलाइन बुकिंग का लाभ उठाया जा सकता है। ऑफलाइन टिकट या प्राथमिकता उपलब्ध नहीं होगी।

### पौड़ी जिले में वाहन खाई में गिरा, चार की मौत, तीन घायल

पौड़ी/देहरादून। उत्तराखंड के जनपद पौड़ी गढ़वाल में एक वाहन रविवार को अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरा। उसमें सवार चार लोगों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई जबकि तीन अन्य घायल हो गये। राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) के पुलिस अधीक्षक (एसपी) मणिकांत मिश्रा ने बताया कि आज सुबह कोतवाली श्रीनगर द्वारा खिर्सू चौबट्टा के पास एक वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना देते हुए रेस्क्यू को टीम की मांग की गई। जिसपर उप निरीक्षक देवीदत्त बर्थवाल के नेतृत्व में एसडीआरएफ की रेस्क्यू टीम तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई। उन्होंने बताया कि उक्त वाहन स्विफ्ट कार में सात लोग सवार थे जो किसी बारात में शामिल होने जा रहे थे। वाहन अनियंत्रित होकर लगभग 200 मीटर गहरी खाई में गिरकर, दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

# नितिन गडकरी आज करेंगे जम्मू-कश्मीर की परियोजनाओं की समीक्षा

प्रात : किरण

श्रीनगर, एजेंसी। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी जम्मू-कश्मीर में विभिन्न विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए सोमवार को यहां एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे।बैठक में पवित्र गुफा मंदिर तक सुगम यात्रा सुनिश्चित करने के लिए अमरनाथ यात्रा ट्रैक और जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भी चर्चा होगी। अमरनाथ यात्रा 29 जून से शुरू होगी और 52 दिन बाद 19 अगस्त को समाप्त होगी।

लोकसभा चुनाव के बाद केंद्र में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय का कार्यभार संभालने के बाद नितिन गडकरी की राज्य में यह पहली बैठक होगी।



जोजिला सुरंग सहित कई रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण विकास परियोजनाएं केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में निमार्णाधीन हैं। यह सुरंग लद्दाख को सड़क मार्ग के जरिये जम्मू-कश्मीर और देश के बाकी हिस्सों से पूरे साल जोड़े रखेगी। वर्तमान में सर्दियों के महीनों में राजमार्ग बंद रहता है।बालटाल और पहलगाम दोनों आधार शिविरों से अमरनाथ यात्रा ट्रैक पर राजमार्ग का निर्माण केंद्र सरकार की प्राथमिकता सूची में है। सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) यात्रा ट्रैक को चौड़ा करने, ब्लॉक लगाने, तथा मोड़ और ढलानों को ठीक करने का काम पहले ही कर चुका है। जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग के रामबन-बनिहाल खंड के रखरखाव पर भी बैठक में चर्चा होगी।जम्मू-कश्मीर में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाएं चल रही हैं। बैठक में इन सभी की समीक्षा की संभावना है।जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्यमंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह भी बैठक में मौजूद रहेंगे। मुख्य सचिव अटल डुल्लू इन विकास परियोजनाओं से सीधे जुड़े अधिकारियों के साथ विस्तृत प्रगति रिपोर्ट पेश करेंगे।

# भारत में ईवीएम 'ब्लैक बॉक्स' हैं, किसी को उनकी जांच की इजाजत नहीं: राहुल

प्रात : किरण

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि भारत में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) एक ब्लैक बॉक्स है, जिसकी जांच करने की किसी को इजाजत नहीं है। उन्होंने कहा कि भारत की चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर गंभीर चिंताएं जताई जा रही हैं।गांधी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट कर कहा, जब संस्थाओं में जवाबदेही ही नहीं होती तो लोकतंत्र दिखावा बन कर रह जाता है और धांधली की आशंका बढ़ जाती है। इस



पोस्ट के साथ गांधी ने एक खबर भी साझा कि जिसमें दावा किया गया कि मुंबई की उत्तर-पश्चिम लोकसभा सीट से 48 वोट से जीत दर्ज करने वाले शिवसेना के उम्मीदवार के एक रिश्तेदार के पास एक ऐसा फोन है जिससे ईवीएम में छेड़छाड़ संभव थी। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने एक्स पर एलन मस्क की उस पोस्ट को भी साझा किया जिसमें मस्क ने ईवीएम को हटाने की बात कही थी। मस्क ने अपनी पोस्ट में कहा था, हमें ईवीएम को खत्म कर देना चाहिए। मुनष्यों या कृत्रिम मेधा (एआई) द्वारा हैक किए जाने का जोखिम, हालांकि छोटा है, फिर भी बहुत अधिक है। विपक्षी दल पिछले कुछ समय से ईवीएम पर चिंता जताते रहे हैं और उसने शीर्ष अदालत में याचिका दायर कर ह्यवोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) पर्चियों का शत प्रतिशत मिलान करने की अपील की की थी लेकिन अदालत ने इसे स्वीकार नहीं किया।

## युद्ध अभ्यास

**शून्य से नीचे के तापमान के बावजूद भारत ने सभी निर्धारित मिशन पूरे किए**

# हवाई युद्ध अभ्यास 'रेड फ्लैग' में वायु सेना ने 100 से अधिक उड़ानें भरीं

## यही टुकड़ी 24 जून को ग्रीस और मिस्र की वायु सेना के साथ करेगें अभ्यास

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। भारतीय वायु सेना ने सिंगापुर, यूनाइटेड किंगडम, नीदरलैंड, जर्मनी और अमेरिका की वायु सेनाओं के साथ एयर फोर्स बेस, अलास्का में हवाई युद्ध प्रशिक्षण अभ्यास रेड फ्लैग में हिस्सा लिया है। यह अभ्यास का दूसरा संस्करण था, जिसे अमेरिकी वायु सेना वर्ष में चार बार आयोजित करती है। चुनौतीपूर्ण मौसम और लगभग शून्य से नीचे के तापमान के बावजूद भारतीय वायु सेना ने पूरे अभ्यास के दौरान 100 से अधिक उड़ानें भरकर सभी निर्धारित मिशन पूरे किए। भारत लौटने से पहले यह टुकड़ी को 24 जून को ग्रीस और मिस्र की वायु सेना के साथ अभ्यास में भाग लेगी। संयुक्त राज्य वायु सेना



के एयरबेस एइलसन में 04 से 14 जून तक आयोजित इस अभ्यास में भारतीय वायु सेना के साथ-साथ रिपब्लिक ऑफ सिंगापुर एयर फोर्स, यूनाइटेड किंगडम की रॉयल एयर फोर्स, रॉयल नीदरलैंड एयर फोर्स, जर्मन लूफ़्टवाफे. और यूएस एयर फोर्स ने भाग लिया। भारतीय वायुसेना की टुकड़ी ने राफेल विमान और कर्मियों के साथ भाग लिया, जिसमें एयर क्रू, तकनीशियन, इंजीनियर, नियंत्रक और विषय विशेषज्ञ शामिल थे। भारत की यह टुकड़ी 29 मई को अलास्का में यूएसएएफ बेस, एइलसन पर उतरी थी। राफेल लड़ाकू विमान को आईएल-78 एयर टू एयर रिफ्यूलर से सक्षम किया गया था, जबकि कर्मियों और उपकरणों को परिवहन विमान सी-17 ग्लोबमास्टर से ले जाया गया।

यह पहली बार था जब भारत के राफेल विमानों ने सिंगापुर और अमेरिकी विमान एफ-16, एफ-15 और ए-10 के साथ अभ्यास 'रेड फ्लैग' में भाग लिया। इन मिशनों में आक्रामक काउंटर एयर और एयर डिफेंस भूमिकाओं में लार्ज फोर्स इंगेजमेंट के एक भाग के रूप में बियॉन्ड विजुअल रेंज लड़ाकू अभ्यास शामिल थे। भारतीय वायु सेना के चालक दल मिशन योजना में सक्रिय रूप से शामिल थे और अभ्यास के दौरान निर्दिष्ट मिशनों के लिए मिशन लीडर की भूमिका भी निभाई। अभ्यास के दौरान अंतरराष्ट्रीय भागीदारों के साथ अंतर-संचालन की अंतर्दृष्टि और बहुराष्ट्रीय वातावरण में सहयोगात्मक समझ शामिल थी। लंबी दूरी तक हवाई उड़ान भरने और रास्ते में हवा से हवा में ईंधन भरने का अनुभव युवा चालक दल के लिए रोमांचकारी अनुभव था। भारत लौटने से पहले यह टुकड़ी 24 जून को ग्रीस और मिस्र की वायु सेना के साथ अभ्यास में भाग लेगी। रेड फ्लैग अभ्यास के अनुभव से समृद्ध भारतीय वायु सेना अभ्यास तरंग शक्ति-2024 के दौरान अन्य देशों के प्रतिभागी दलों की मेजबानी करने के लिए उत्सुक है, जो इस वर्ष के अंत में होने वाला पहला भारतीय बहुराष्ट्रीय वायु अभ्यास है।


बिहार सरकार

मुख्यमंत्री
बिहार

**संदेश**

ईद-उल-अजहा (बकरीद) का त्योहार समर्पण और बलिदान का प्रतीक है। इस्लाम धर्म में बलिदान का बहुत अधिक महत्व है। कहा गया है कि अपनी सबसे प्यारी चीज रब की राह में खर्च करो। रब की राह में खर्च करने का अर्थ नेकी और भलाई के कामों से है।

ईद-उल-अजहा हमें सच्चाई की राह पर चलते हुए हर तरह की कुर्बानी देने की प्रेरणा देता है। यह एक ऐसा मुकद्दस महीना है जिसमें दुनिया के तमाम मुस्लिम भाई-बहन मक्का और मदीना में हज करने का अहम फर्ज अदा करते हैं। मैं दुआ करता हूँ कि तमाम हाजियों की इबादत मुल्क की बहबूदी के लिए कबूल हो और सबको हज का यह मुबारक मौका नसीब हो।

इस पवित्र अवसर पर मैं प्रदेश की जनता, खासकर मुसलमान भाईयों और बहनों को तहे-दिल से मुबारकबाद एवं शुभकामनायें देता हूँ। ऐसे मुबारक मौके पर प्रदेशवासियों से मेरी गुजारिश है कि इसे खुशी और पारंपरिक सौहार्द्र के माहौल में मनाएँ।

(नीतीश कुमार)

PR No.- 001949 (Home)D. 2024-25

## संक्षिप्त खबरें

### ट्रक के टक्कर से टेम्पो सवार 11 लोग घायल

फतुहा। रविवार को शीशामील व फोरलेन ओवरब्रिज के बीच गंगा दशहरा पर गंगा स्नान कर लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी टेम्पो में सामने से आ रही एक ट्रक ने जबरदस्त टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही टेम्पो बीच सड़क पर हवा में लहराते हुए पलट गयी। जहां एक श्रद्धालु टेम्पो के मलवे में दब गया वहीं इस पर सवार अन्य श्रद्धालु सड़क पर जहां तहां गिरकर गंभीर रुप से जख्मी हो गये। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से सभी को वाहन पर लादकर सीएचसी लाया तथा भर्ती कराया। चिकित्सक ने एक श्रद्धालु को मृत घोषित कर दिया। शेष 11 लोगों को प्राथमिक उपचार कर एनएमसीएच व पीएमसीएच दोनों जगहों के लिए रेफर कर दिया। घायलों को रेफर करने में भी परेशानी का सामना करना पड़ा। गंगा दशहरा के बजह से फतुहा व दनियावां के कई एम्बुलेंस जहां तहां जाम में फंस गयी। नतीजा यह हुआ कि अधिकांश घायलों को पुलिस वाहन से ही पटना भेजा गया। मृतक की पहचान नसीरपुर बलवा गांव निवासी जोगी सिंह के 36 वर्षीय पुत्र शंभु सिंह के रुप में हुई है। वहीं घायलों में निसिरपुर बलवा के हीं सुपिन्दर कुमार, सुनीता देवी, रीता देवी, दीपक कुमार, धर्मपाल यादव, रवीन्द्र कुमार, आशु देवी, पारो देवी, दीपू कुमार एवं रिंकू कुमार व बबीता कुमारी शामिल है। बताया जाता है कि एक ही गांव के सभी श्रद्धालु गंगा स्नान कर टेम्पो से अपने गांव लौट रहे थे। विपरीत दिशा से आ रही ट्रक ने टक्कर मार दी। घटना के बाद ट्रक चालक ट्रक छोड़कर फरार हो गया। घटना के बाद करीब पौन घंटे तक घटनास्थल पर जाम की स्थिति बनी रही। बाद में पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया तथा आवागमन को सुचारु कराया।

### उच्चकों ने गंगा स्नान कर रही महिला के सोने का चेन काटा

फतुहा। रविवार को त्रिवेणी संगम पर गंगा दशहरा के अवसर पर स्नान कर रही एक महिला के गले से बदमाशों ने सोने की चेन काट ली। यह घटना उस समय हुई जब त्रिवेणी संगम पर महिला काफी भीड़ के बीच गंगा स्नान कर रही थी। घटना से हतप्रभ हिलसा के बिहारी रोड निवासी संगीता कुमारी ने तत्काल घाट पर तैनात पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने एक शख्स को हिरासत में भी लिया लेकिन तलाशी के बाद उसके पास से कुछ भी बरामद नही हुआ। नदी थाना एसएचओ राजु कुमार ने बताया कि महिला की चेन किसी और बदमाश काटकर भाग निकला है। घटना के बाद पीड़ित महिला रोते बिलखते हुए घर वापस लौट गयी। महिला के मुताबिक उसकी सोने की चेन 16 ग्राम की थी।

### जमीन विवाद का केस उठाने को लेकर युवक की पीट पीट कर हत्या

दानापुर। नगर के शाहपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत जमीन विवाद का केस उठाने को लेकर आधा दर्जन से अधिक बदमाशों ने एक 22 वर्षीय युवक की पीट पीटकर हत्या कर दी। मृतक शाहपुर थाना क्षेत्र उसरी का रहने वाला संजय कुमार का पुत्र सूरज कुमार है। जो मजदूरी का काम करता है। इस संबंध में मृतक के पिता संजय ने उसरी के ही आठ लोगों को नामजद बनाते हुए शाहपुर थाने में मामला दर्ज कराया है। दर्ज मामले में पीड़ित पिता ने बताया है कि उसका पुत्र सूरज रोज की तरह पास स्थित मुंडेश्वरी अपार्टमेंट में मजदूरी करने गया था। शनिवार की देर शाम अपार्टमेंट में काम करने वाले मजदूरों ने उन्हे सूचना दी कि कुछ लोग बड़े बेहरहमी से उनके पुत्र को मार रहे है। वह तुरंत वहां पहुंचे तो देखा कि उनका पुत्र सूरज लहू लुहान पड़ा हुआ है। और उसरी इलाके के ही रहने वाले लाल बाबू राय, जितेन्द्र कुमार, गजेन्द्र कुमार, दिनेश राय, नरेश राय, मुन्ना राय, बिट्टू राय एवं अभिषेक राय हाथ में डंडा लिए व पिस्टल लहराते दिवार फांद कर फरार हो गये। वे अपने जख्मी पुत्र को उठाकर राजाबाजार स्थित अस्पताल लेकर गये जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पीड़ित पिता ने बताया कि उसका इन सभी आरोपियों के साथ जमीन विवाद को लेकर न्यायालय में केस चल रहा है। इनके द्वारा केस उठाने को लेकर बार बार धमकी मिल रही है। अंततः ये लोग मेरे पुत्र की हत्या कर ही डाली। इस संबंध में शाहपुर थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा परिजनों सौप दिया गया है। मामला दर्ज कर नामजद आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करने हेतु उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# टीबी के 61 प्रतिशत मरीज सहमत कि उन्हें चाहिए पौष्टिक आहार

## उपचाराधीन 1 लाख 19 हजार 834 मरीज में 73 हजार 336 सहमत, 104 असहमत

- बचे उपचाराधीन मरीजों से सहमति लेने का प्रयास तेज, एसपीओ ने जारी किया निर्देश
- 2,488 निबंधित निक्षय मित्र के सहयोग से इन्हें उपलब्ध कराया जाता है पोषण आहार




प्रात :किरण संवाददाता

पटना- राज्य में उपचाराधीन कुल टीबी मरीजों में 61 प्रतिशत ने इस बात पर सहमति दी है कि उन्हें आवश्यक पौष्टिक आहार का भी सहयोग चाहिए. दवा पहले से उन्हें सरकारी संस्थानों से मुफ्त मिलती है. दरअसल टीबी का इलाज थोड़ा लंबा चलता है और इस दौरान मरीजों को संतुलित व पौष्टिक आहार की बेहद जरूरत होती है. हर मरीज अपने दम पर इसे पूरा करने में कई बार सक्षम नहीं भी हो पाता है. प्रधानमंत्री टीबी मुक्त कार्यक्रम के तहत निक्षय मित्र योजना ऐसे ही मरीजों के लिए जीवनदायिनी बनकर उभरा है. इस योजना में उपचाराधीन मरीजों को पोषण की पोटली या पौष्टिक फूड बास्केट 6 महीने तक मासिक आधार पर उपलब्ध कराया जाता है. राज्य में अभी ऐसे 2 हजार 488 निक्षय मित्र निबंधित हैं जो दो से लेकर सौ-डेढ़ सौ लोगों के लिए हर महीने पौष्टिक आहार उपलब्ध करा रहे हैं।

बचे उपचाराधीन मरीजों की सहमति का प्रयास तेज

अभी राज्य में टीबी के 1 लाख 19 हजार 834 मरीज उपचाराधीन हैं. इनमें से 73 हजार 336 ने पोषण आहार की प्राप्ति के लिए सहमति दी है. जबकि केवल 104 उपचाराधीन मरीजों ने निक्षय मित्रों से पोषण आहार प्राप्त करने से मना किया है. राज्य सरकार ने बाकी बचे 46 हजार 394 मरीजों से सहमति लेने का प्रयास तेज कर दिया है. इस सन्दर्भ में अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, यक्ष्मा, डॉ. बाल कृष्ण मिश्र ने सभी अपर उपाधीक्षक-सह-सहायक अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, संचारी रोग को पत्र जारी कर आवश्यक निर्देश दिया है. पत्र में कहा गया है कि सम्बन्धित जिले के एसटीएस/ प्रभारी एसटीएस/ डीपीसी इस काम में तेजी लायेंगे. पत्र में बताया गया है कि प्रदेश के कुल 46 हजार 394 मरीजों का कंसेंट/सहमति पेंडिंग है. इनमें 8 जिले क्रमशः दरभंगा, समस्तीपुर, सीतामढ़ी, पूर्वी चंपारण, मुजफ्फरपुर, पटना एवं वैशाली में 52 फीसदी मरीजों की सहमति मिलनी बाकी है.

राज्य में कुल 2 हजार 488 निक्षय मित्र निबंधित

राज्य में अभी कुल 2 हजार 488 निक्षय मित्र निबंधित हैं जो टीबी के करीब 73 हजार 336 उपचाराधीन मरीजों को हर महीने पोषण आहार उपलब्ध करा रहे हैं. निक्षय मित्रों द्वारा अब तक कुल 31 हजार 710 पोषण आहार किट दिए गए हैं. निक्षय मित्र योजना के तहत कोई भी सक्षम व्यक्ति अथवा संस्थान अपनी क्षमता के अनुसार टीबी मरीजों को गोद लेकर उनकी पोषण की जरूरतों का ध्यान रख सकते हैं।

## मेरा प्रयास महुआ का विकास:डॉ मुकेश



प्रात :किरण संवाददाता

हाजीपुर ।महुआ विधानसभा क्षेत्र में स्थानीय विधायक डॉ मुकेश रौशन के उपस्थिति में कई विकास योजनाओं का उद्घाटन किया गया ।महुआ नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबरः-4 में तरौरा पोखर में छठ घाट का उद्घाटन लगभग 15 लाख रुपये की राशि से नवनिर्मित छठ घाट का उद्घाटन स्थानीय बुजुर्ग महिला के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ। चकमजाहिद पंचायत में मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत 15 लाख रुपये की राशि से नवनिर्मित सड़क का उद्घाटन स्थानीय बुजुर्ग अभिभावक गण के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ ।सिंघाडा उत्तरी पंचायत में 13.59 लाख रुपये की राशि से नवनिर्मित सामुदायिक भवन का उद्घाटन स्थानीय बुजुर्ग अभिभावक के कर कमलों द्वारा संपन्न हुआ ।इस अवसर पर राजद के महुआ अनुमंडल अध्यक्ष प्रदीप राय राजद के महुआ प्रखंड अध्यक्ष नसीम रब्बानी स्थानीय जनप्रतिनिधि पैक्स अध्यक्ष अशोक राय महेश सिंह मंटू राय दिलीप कुमार सिंह रमाशंकर यादव श्रीकांत राय किरण राय अनिल कुमार मुकेश यादव शंकर यादव आनंद मोहन सरवन राय रमन आजाद संजय पासवान विशाल गौरव अमर कुमार बबलू राय गणेश कुमार अजीत कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

# डीम्ड-टू-बी यूनिवर्सिटी ने पटना में प्रतिनिधि से मिलिए कार्यक्रम का किया आयोजन

प्रात :किरण संवाददाता




पटना। डीम्ड-टू-बी यूनिवर्सिटी ने पटना के रेड वेलवेट होटल समर्पण में प्रतिनिधि से मिलिए करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस कार्यक्रम में 200 से अधिक छात्र, 70 अभिभावक और विभिन्न स्कूलों के कई प्रतिष्ठित प्रिंसिपल शामिल हुए, जिन्होंने खअक्ठ की विविध शैक्षणिक पेशकशों और करियर के अवसरों में गहरी रुचि को उजागर किया।

कार्यक्रम की शुरूआत दोपहर 1:00 बजे से 3:30 बजे तक गर्मजोशी से भरे रजिस्ट्रेशन और हाई टी सेशन के साथ हुई, जिसके दौरान उपस्थित लोगों ने विश्वविद्यालय के बारे में एक जानकारीपूर्ण वीडियो प्रेजेंटेशन देखा। इसके बाद दोपहर 1:30 बजे से 2:30 बजे तक स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के उप निदेशक डॉ. वी. विवेक द्वारा खअक्ठ (डीम्ड-टू-बी यूनिवर्सिटी) का परिचय दिया गया। दोपहर 2:30 बजे से 3:00 बजे तक हुए इंटरैक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान अभिभावकों और छात्रों द्वारा पूछे गए दिलचस्प सवालों पर डॉ वी विवेक ने अपनी संतुष्टि व्यक्त की। कार्यक्रम का समापन दोपहर 3:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक एक-एक परामर्श सत्र के साथ हुआ, जहां उपस्थित लोगों को उनके शैक्षणिक और करियर पथ के बारे में व्यक्तिगत मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उपस्थित लोगों ने अपने प्रोफाइल को बढ़ाने के लिए उपलब्ध प्रतिष्ठित प्रमाणपत्रों के बारे में जाना। दूसरे वर्ष से शुरू होने वाले उद्योग अनुभव के अवसरों की जानकारी प्रदान की गई। सुनिश्चित प्लेसमेंट सेवाओं का विवरण साझा किया गया। वैश्विक प्रदर्शन के साथ शिक्षा को समृद्ध करने के बारे में अंतर्दृष्टि दी गई। उपस्थित लोगों ने अभिनव शिक्षण संसाधनों और मार्गों की खोज की। जैन (डीम्ड-टू-बी यूनिवर्सिटी) में स्कूल ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के उप निदेशक डॉ वी विवेक ने पटना के छात्रों के उत्साह पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम पर टिप्पणी की। उन्होंने कहा, ह्लपटना के छात्रों ने उभरती हुई तकनीकों में गहराई से उतरने और देश के तकनीकी विकास में भूमिका निभाने के लिए उल्लेखनीय उत्सुकता दिखाई। उनके व्यावहारिक और महत्वाकांक्षी प्रश्न, विशेष रूप से इंटर्नशिप, वैश्विक प्रमाणन और प्लेसमेंट के बारे में, पेशेवर विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हैं। ऐसे प्रेरित और दूरदर्शी व्यक्तियों के साथ बातचीत करना वास्तव में खुशी की बात थी। जैन (डीम्ड-टू-बी यूनिवर्सिटी) के बारे में: जैन (डीम्ड-टू-बी यूनिवर्सिटी) बेंगलुरु में सबसे प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थानों में से एक के रूप में उभरा है। यह स्नातक, स्नातकोत्तर और अन्य विशेषज्ञता कार्यक्रम प्रदान करता है जबकि सर्वश्रेष्ठ शैक्षणिक अनुभव प्रदान करता है। उत्कृष्ट शिक्षण और अनुसंधान सुविधाओं के साथ, एक व्यावहारिक और दूरदर्शी दृष्टिकोण के साथ, जेयू दुनिया भर के इंजीनियरिंग उम्मीदवारों के लिए पसंदीदा गंतव्य है।

## दलित व वंचित समाज को आगे लाने में लेखक साहित्यकारों की भूमिका अहम : संजय कुमार

### जन लेखक संघ की विचार- गोष्ठी में सुनील प्रियबच्चन व सुधांशु चक्रवर्ती की पुस्तकों का लोकार्पण

प्रात :किरण संवाददाता



पटना. स्थानीय खादी मॉल में जन लेखक संघ की बिहार की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में वंचित समाज, साहित्य और लेखकीय दायित्व ह्ल विषय पर आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए भारतीय सूचना सेवा के वरिष्ठ अधिकारी संजय कुमार ने कहा है कि दलित और वंचित समाज को आगे लाने में साहित्य और सृजनात्मक लेखन की महत्वपूर्ण भूमिका है. साथ ही सकारात्मक लेखन के माध्यम से वंचित समाज की वास्तविक स्थिति को शब्दों में चिन्हित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि दूसरे वर्ग से आने वाले लेखकों ने भी दलितों को लेकर सकारात्मक लेखन का कार्य किया है, उनका भी आकलन बेहद जरूरी है मुख्य अतिथि संघ के राष्ट्रीय महासचिव महेंद्र नारायण पंकज ने कहा कि जो दलित हैं, पीड़ित हैं, संत्रस्त हैं, ऐसे लोगों की साहित्य के माध्यम से हिमायत करना लेखक - साहित्यकारों का नैतिक दायित्व है और उन्हें अपनी जिम्मेदारी पूरी ईमानदारी से निभाने की जरूरत है. अध्यक्षता करते हुए जन लेखक संघ के बिहार प्रदेश अध्यक्ष डॉ ध्रुव कुमार ने कहा कि कभी -कभी लेखक - साहित्यकार समाज के शोषित वर्ग के इतना करीब होता है कि उसके कष्टों को वह स्वयं भी अनुभव करने लगता है। वस्तुत : साहित्य समाज की उन्नति और विकास की आधारशिला रखता है।

रचनाकारों ने व्यक्तिगत हानि उठाकर भी कुरीतियों और जड़ मान्यताओं के खिलाफ जाकर समाज के निर्माण के लिए जरुरी कदम उठाए हैं. उन्होंने कहा कि जन लेखक संघ शीघ्र ही अच्छी पुस्तकों और पत्रिकाओं के नियमित प्रकाशन की योजना पर काम शुरू करेगा. इस अवसर पर उपाध्यक्ष डॉ लीना एवं डॉ सुनील कुमार प्रियबच्चन सचिव सुधांशु कुमार चक्रवर्ती, संयुक्त सचिव अनिल रश्मि एवं श्रीकांत व्यास कार्यकारिणी सदस्य डॉ अनुजा और विशेष आमंत्रित सदस्य. उदयन राय ने भी अपने विचार व्यक्त किए. इससे पूर्व अतिथियों ने सुनील कुमार प्रियबच्चन की पुस्तक हिन्दी उपन्यास : विकास व लेखन प्रवृतियों एवं सुधांशु कुमार चक्रवर्ती की पुस्तक राजनीतिशाला का लोकार्पण किया।

## चुनावी हिंसा की जांच के लिए पटना साहिब सांसद रविशंकर प्रसाद दो दिनों के लिए पश्चिम बंगाल रवाना

प्रात :किरण संवाददाता



पटना सिटी। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जे.पी. नड्डा ने पश्चिम बंगाल में लोक सभा चुनाव के दौरान हुई व्यापक हिंसा की जांच हेतु पटनाा साहिब सांसद एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्री रविशंकर प्रसाद समेत चार सांसदों के एक उच्चस्तरीय दल को कलकत्ता सहित पश्चिम बंगाल के विभिन्न स्थानों पर हुई हिंसा की जांच हेतु भेजा। इस दल में श्री विप्लब कुमार देव, श्री ब्रिजलाल और श्रीमती कविता पाटीदार सम्मिलित हैं। वे कलकता समेत पश्चिम बंगाल के विभिन्न हिंसाग्रस्त क्षेत्रों का दौरा करेंगे और हिंसा से पीड़ित जनता, मतदाता और भाजपा कार्यकताओं से मिलेंगे तथा स्थिति का जायजा लेकर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा जी को अपनी रिपोर्ट सौपेंगें। ज्ञातव्य हो कि लोकसभा चुनाव के परिणाम घोषित होने के एक दिन बाद 5 जून को पश्चिम बंगाल के विभिन्न हिस्सों से चुनाव बाद हिंसा की कई घटनाएं सामने आईं । उत्तर बंगाल के कूच बिहार, उत्तर 24 परगना जिले और दक्षिण बंगाल के दक्षिण 24 परगना और जंगलमहल क्षेत्र के झारग्राम से लेकर राज्य के कई जिलों में चुनाव बाद हिंसा की घटनाएं सामने आईं। बैरकपुर लोकसभा क्षेत्र के तहत आने वाले उत्तर 24 परगना के भाटपारा में भी हिंसा हुई। परिणाम घोषित होने के बाद भाजपा कार्यकताओं के घरों पर हमला किया गया और देसी बम फेंके गए। दक्षिण 24 परगना के नरेंद्रपुर में भाजपा एजेंट के घर में तोड़फोड़ और हावड़ा में भाजपा के एक कार्यकर्ता के आवास पर देसी बम फेंके जाने की खबरें हैं। पश्चिम बंगाल भाजपा नेतृत्व ने कहा कि लोकसभा परिणाम घोषित होने के बाद कई पार्टी समर्थकों को संदेशखली से भागना पड़ा। संदेशखली उत्तर 24 परगना में बशीरहाट लोकसभा सीट के अंतर्गत आता है। भाजपा कार्यकताओं के करीब 40 परिवारों ने दक्षिण कोलकाता के जादवपुर इलाके में पार्टी कार्यालय में शरण ली है। चुनाव बाद हिंसा की घटनाएं उन सीटों पर हुईं जहां भाजपा तृणमूल से हार गई थी। बिजॉयगढ़, कमरहाटी और जादवपुर में भी भाजपा समर्थकों को निशाना बनाया गया। मतदान समाप्त होने के एक दिन बाद दो जून को नदिया जिले में चुनाव बाद हिंसा की घटना में भाजपा के एक कार्यकर्ता की हत्या कर दी गई थी। पश्चिम बंगाल में 2021 के विधानसभा चुनावों के बाद भी हिंसा की व्यापक घटनाएं देखी गई थी। राज्य में राजनीतिक हिंसा का इतिहास रहा है और पिछले साल हुए पंचायत चुनावों में 40 से अधिक लोगों ने अपनी जान गंवाई थी। इस के पूर्व श्री प्रसाद को केंद्रीय पर्यवेक्षक के तौर पर पार्टी के ओर से 12 जून को अरूणाचल प्रदेश में विधायक दल के नेता और मुख्यमंत्री के चुनाव हेतु भेजा गया था। श्री प्रसाद पश्चिम बंगाल दौरा के बाद 20 जून को पटना आयेंगें और 21 जून को अंतराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रमों में भाग लेंगें।

## मेदांता अस्पताल में हुआ पहला किडनी प्रत्यारोपण :डा.प्रभात रंजन



प्रात :किरण संवाददाता

पटना, राजधानी पटना स्थित जयप्रभा मेदांता अस्पताल में पहला किडनी प्रत्यारोपण, बिहार सरकार के खर्च पर पुनपुन, पटना निवासी 28 वर्षीय एक गरीब युवक का किया गया है। जिसमें युवक के 50 वर्षीय मां ने बाईं किडनी देकर अपने बेटे की जान बचाई है। इसकी जानकारी मेतांता अस्पताल में जाने-माने यूरोलॉजी विभाग के निदेशक डा. प्रभात रंजन एवम प्रत्यारोपण टीम के सदस्य डा. के. एम. साहू ने देते हुए बताया है कि युवक के ईलाज के बाद 12 दिन पर, जब कि मां को 6 दिन पर अस्पताल से छुट्टी कर दिया गया है। युवक का ईलाज पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप में संचालित इस संस्थान में उपचार किया गया है और इस चिकित्सा पर होने वाले खर्च का बोझ बिहार सरकार ने उठाया है।

## सद्गुरु कबीर ने पढ़ाया सत्य, अहिंसा और एकता का पाठ : मंत्री रत्नेश सादा

### कबीर मठ सिकंदरपुर में सदगुरु कबीर साहेब जयंती संपन्न



प्रात :किरण संवाददाता

पटना। स्थानीय सिकंदरपुर स्थित कबीर मठ में महंत श्री नवीन दास जी शास्त्री साहेब जी के पावन सानिध्य में सदगुरु कबीर साहेब प्राकट्य महोत्सव कबीर जयंती का आयोजन हुआ कबीर जयंती का प्रारंभ बीजक पाठ हवन पूजन, सत्संग भजन से किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे मध्य निषेध एवं निबंधन विभाग बिहार सरकार के मंत्री श्री रत्नेश सादा जी ने सदगुरु कबीर साहेब का उपदेश बताते हुए कहा कि... जीव मति मारो बापुरा, सबका एकै प्राण. हत्या कबहूं न छूटि हैं, जो कोटिन सुनो पुराण। संपूर्ण समाज को सत्य, अहिंसा, एकता, आध्यात्मिकता का पाठ पढ़ाया। उन्होंने कहा यदि तू उद्धार चाहता है तो जीवों पर दया कर आतम पूजा को आत्मा में धारण करने का मार्ग बताया। सद्गुरु भक्ति के समान कोई दूसरी भक्ति नहीं है। परमात्मा को बनाये हुए चीजों को बिगाड़ने से कठोर दंड मिलता है। सभी शास्त्रों में जीव हत्या पाप कहा गया है। सद्गुरु साहेब कबीर की वाणी जीव हिंसा नहीं करने का संकल्प दिलाता है। इसी कड़ी में कबीर मठ फतुहा से पधारे आचार्य महंत श्री ब्रजेश मुनि महाराज ने कहा कि संत दरश को जाइए तज माया अभिमान जो जो पग आगे धरे कोटी ने यज्ञ समान संत के दर्शन मात्र से ही हजारों कोटि यज्ञ का फल प्राप्त होता है। इस अवसर पर महंत श्री धर्म देवदास जी, संत साधु शरण दास जी, संत अखिलेश दास, संतराम शरण दास एवं अनेक गणमान्य संतों ने अपने विचार व्यक्त किया इस अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थित थी। तत्पश्चात भंडारा प्रसाद का वितरण किया गया।

# यिपी ने द्रविड़, बुमराह और सूर्यकुमार के साथ मिलकर किया अपने नए अभियान का अनावरण

- क्रिकेट जगत की हस्तियां करेंगी यिपी! टॉस का शुभारंभ

प्रात :किरण संवाददाता

फुलवारीशरीफ :- गोपाल विद्यार्थी । आईटीसी लिमिटेड के एक प्रमुख इंस्टेंट नूडल्स और पास्ता ब्रांड ह्लसनफीस्ट यिपीह्व देश के लोकप्रिय क्रिकेटरों के साथ एक मजेदार अभियान की शुरूआत कर रहा है। इन क्रिकेटरों में दिग्गज - राहुल द्रविड़, जसप्रीत बुमराह और सूर्यकुमार यादव शामिल हैं। यह अभियान शीर्ष क्रिकेटरों की लोकप्रियता लाभ उठाते हुए लोगों के जेहन में अपनी पैठ बनाने की कोशिश कर रहा है। यह अभियान यिपी! नूडल्स के विशिष्ट गुणों के बारे में बताता है। दरअसल इन दिनों इंटरनेट पर क्रिकेट का जुनून चरम पर है। इसी बीच इन क्रिकेटरों ने सोशल मीडिया पर कुछ ऐसे पोस्ट शेयर किए जिससे लोगों में बड़ी उत्सुकता पैदा हो गई। ऐसे में हर कोई यह जानने के लिए उत्सुक था कि जसप्रीत बुमराह और सूर्यकुमार यादव ने अपने इंस्टाग्राम पर ह्यद टॉसह्ल के बारे में जो पोस्ट किए थे, उनका क्या मतलब है। उनकी पत्नियों द्वारा भी इस बारे में पोस्ट किए जाने के बाद लोगों की उत्सुकता और बढ़ गई। सैंकड़ों लोगों ने सोशल मीडिया का सहारा लिया और यह जानने की इच्छा जताई कि आखिर यह टॉस है क्या? लोगों के बीच व्यापक अटकलों के चलते यह बातचीत सोशल मीडिया पर वायरल हो गई, जिसे लाखों लोगों ने देखा। इंटरनेट पर यह कयास लगाया जा रहा था कि क्रिकेटर किस बारे में टॉस कर रहे हैं। तभी मशहूर ब्रांड सनफीस्ट यिपी ने इंस्टाग्राम पर अपने नवीनतम अभियान ह्ययिपी! टॉसह्ल का अनावरण कर सभी अटकलों पर विराम लगा दिया। हाल ही में लॉन्च किए गए विज्ञापनों में द्रविड़, बुमराह और सूर्यकुमार को हल्के-फुल्के अंदाज में दिखाया गया है, जहां वे यिपी! नूडल्स का उपयोग करके दोस्तों के बीच होने वाली चुहलबाजी को सुलझाने के लिए ह्ययिपी! टॉसह्ल का सहारा लेते हैं। यह ब्रांड के लंबे और गैर-चिपचिपे नूडल्स की खासियतों को दशार्ने का एक नया तरीका है। यह प्रचार अभियान यिपी! को ह्यभारत की पसंदह्ल के रूप में स्थापित करता है। स्नैक्स, नूडल्स और पास्ता, फूड बिजनेस, आईटीसी लिमिटेड की चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर कविता चतुर्वेदी ने इस अभियान के बारे में बात करते हुए कहा, भारत में क्रिकेट एक भावना है और इस खेल और यिप्पी! नूडल्स के मजेदार स्वाद को एक साथ लाकर हम अपने ग्राहकों के साथ और मजबूती से जुड़ेंगे।

जाने माने क्रिकेटर जसप्रीत बुमराह ने इस अभियान पर कहा कि यह एक बहुत ही मजेदार अभियान है और हमने खूब मौज-मस्ती की। अगर किसी मजाक नोकझोंक को मजेदार तरीके से सुलझाने का कोई तरीका है, तो वह यिप्पी! नूडल्स के जरिए है!

वहीं बल्लेबाज सूर्य कुमार यादव ने कहा कि मैं इस अभियान का हिस्सा बनकर खुश हूं क्योंकि यह मैदान पर और मैदान के बाहर हमारी सौहार्दपूर्ण भावना को दिखाता है। यिप्पी! के साथ हमारी मस्ती भरी नोकझोंक को सुलझाना अब और भी आसान हो गया है। महान खिलाड़ी राहुल द्रविड़ ने कहा कि बुमराह और सूर्यकुमार के साथ इस अभियान पर काम करते हुए मैंने बहुत अच्छा समय बिताया। इस अभियान में हमने कुछ मजेदार बनाया है और मुझे उम्मीद है कि सभी को यह पसंद आएगा। यिपी टॉस अभियान को देश भर के कई मीडिया प्लेटफॉर्म पर चलाया जाएगा। ब्रांड को पूरा भरोसा है कि यह अभियान अपने दर्शकों को प्रभावित करेगा और उन्हें यिप्पी! टॉस खेलने के लिए प्रेरित करेगा, ताकि दोस्तों के बीच होने वाले मजेदार झगड़ों को सुलझाया जा सके, बिल्कुल हमारे पसंदीदा क्रिकेट सितारों की तरहे ।

## अंग्रेजी शराब के साथ एक युवक गिरफ्तार



प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर खगौल रेल थाना के अंतर्गत रेल सुरक्षा बल के टास्क टीम ने ट्रेन संख्या 20933 से उतर कर भाग रहे एक युवक को शराब के साथ गिरफ्तार किया। बताया जाता है कि ट्रेन संख्या 20933 में तैनात रेल सुरक्षा बल के जवान ट्रेन में निगरानी करते आ रहे थे। इसी क्रम ट्रेन दानापुर गोरगांवा यार्ड के एसीपी में रूकी। तभी एक युवक पिट्ठू बैग लेकर ट्रेन से उतरा। संदेह पर रेल सुरक्षा बल के जवान ने उसे धड दबोचा। उसके बैग से 47 पीस टेट्रा पैक एवं 750 एमएल के दो बोतल अंग्रेजी शराब बरामद किया। गिरफ्तार युवक की पहचान जौनपुर के जाफराबाद के सखोई निवासी सैफ अली 22 के रूप में किया गया। पुछताछ के बाद से न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गया है ।

## बकरीदपर्वकोलेकर ईदगाह में तैयारी पूरी

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर खगौल नगर के अंतर्गत बकरीद पर्व को लेकर ईदगाह में तैयारी की गयी है। रविवार को तैयारी में लोग जुटे थे। खगौल ईदगाहकी साफसफाई और रंग-रोगन कराई गयी है। इस ईदगाह में छोटी खगौल, बड़ी खगौल, शैदा नगर, जमालुद्दीन चक, बड़ी बदलपुरा एवं रेलवे कॉलोनियों से लोग ईद की नमाज अदा करने आते है। वही गर्मी और धूप की तपिश से नमाजियों को बचाने के लेकर ईदगाह इंतेजामिया और नगर परिषद की ओर से पानी की टैंकर की व्यवस्था की गई है। खगौल कमिटी ने ईद की नमाज का समय सुबह 07:30 बजे रखा है। इस कमिटी में सचिव शोएब कुरैशी, संयुक्त सचिव इरफान सिद्दीकी, आदि शामिल है। सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद शहनवाज उर्फ रिंकू ने बताया खगौलवासी आपसी भाईचारा एवं प्रेम से बकरीद का पर्व मनाएंगे। ईदगाह में आने जाने वाले कच्चे रास्ते का निर्माण कराया गया है। पूरे परिसर की साफ-सफाई एवं रंग रोगन कराया गया है। जिससे ईदगाह की खूबसूरती देखने लायक हो गई है।

# अन्न ही औषधि है, निरोग रहने के लिए मिलेट को अपनाना होगा : आर्लेकर

## रवीन्द्र भवन में 3 दिवसीय मिलेट्स महोत्सव का राज्यपाल ने किया उद्घाटन

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार के राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कहा कि अन्न ही औषधि है। निरोग रहने के लिए श्री अन्न (मिलेट) को अपनाना होगा। का कार्यक्रम बहुत महत्वपूर्ण है, यहाँ 3 दिनों में जो आप सीख के जायेंगे वह आपको जिन्दगी भर काम आएगा। कहा भी गया है कि अन्न ही औषधि है। राज्यपाल आर्लेकर शनिवार यहाँ रवीन्द्र भवन में 3 दिवसीय मिलेट्स महोत्सव का उद्घाटन करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि परम्परा समृद्ध रही है। हजारों वर्ष पूर्व हमारे पूर्वज मिलेट्स खा - खाकर निरोग रहा करते थे और लंबी आयु व्यतीत किया करते थे। आज हम अपनी परम्परा को भूल गए हैं और बीमार रहने लगे हैं। बिहार में कृषि उत्पादकता की अपार संभावना है। उम्मीद की जानी चाहिए कि इस तीन दिवसीय मिलेट्स महोत्सव से हम बहुत कुछ सीखकर लाभान्वित होंगे। इसके आयोजन के लिए मैं पूर्व सांसद आर के सिन्हा को हार्दिक धन्यवाद देता हूँ।



मिलेट्स उत्पादक किसानों को हरसंभव मदद करेगी सरकार : मंगल

इससे पहले बिहार सरकार के कृषि और स्वास्थ्य मंत्री तथा महोत्सव के मुख्य अतिथि मंगल पाण्डेय ने कहा कि बिहार में मिलेट को लेकर पहली बार कोई कार्यशाला का आयोजन किया गया है। इसके लिए पूर्व सांसद आर के सिन्हा बधाई के पात्र हैं। शुद्ध आहार से शरीर स्वस्थ रहता है और स्वस्थ शरीर से स्वस्थ विचार पैदा होते हैं और स्वस्थ विचार से समाज का विकास होता है। हमारे प्रधानमंत्री भी मिलेट्स की उपयोगिता बताते रहते हैं। मिलेट्स के उत्पादन से किसानों की आमदनी बढ़ेगी और वह खुशहाल होंगे। हमारी सरकार मिलेट्स उत्पादक किसानों की हरसंभव मदद करेगी। शुद्ध आहार मिलेगा तो स्वस्थ बिहार बनेगा और स्वस्थ बिहार बनेगा तो समृद्ध बिहार बनेगा।

राज्यसभा के पूर्व सांसद व अवसर ट्रस्ट के अध्यक्ष आर के सिन्हा ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि अगर आहार सही नहीं है तो दुनिया का कोई डॉक्टर आपको ठीक नहीं कर सकता। पहला सुख निरोगी काया है। इस मिलेट्स महोत्सव से किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। कृषि वैज्ञानिकों को अपने शोध में मदद मिलेगी। मिलेट्स खाने का तरीका और उससे लाभ का पता चलेगा।मिलेट्स की खेती फायदे का सौदा है। कहते हैं कि बोओ और घर जाकर सोओ।

मिलेट्स मैन के नाम से ख्यात डॉ. खादर वली ने अपने संबोधन में उपस्थित लोगों को बताया कि अगर आप चावल और गेहूं खाते हैं तो आप हिंसक हैं। 1 किलो चावल के लिए 8000 लीटर पानी की जरूरत होती है, जबकि 1 किलो मोटे अनाज के लिए अधिकतम केवल 800 लीटर पानी की जरूरत होती है। हम प्रकृति के विरुद्ध चल रहे हैं। खाने का व्यवसायीकरण हो चुका है। बाजार ने हमारी थाली पर कब्जा कर लिया है और मिलेट्स को हमारी थाली से दूर कर दिया है। तीन महीने तक मिलेट्स खाइए और ब्लड शुगर को दूर भगाइए। ज्वार, बाजरा, रागी, सावां, कोदो, कुटकी और कंगनी का सेवन करके हम अपने शरीर को निरोग रख सकते हैं। इसका उत्पादन बहुत आसान है और किसानों के लिए आर्थिक रूप से भी लाभदायक है।

### मिलेट्स उत्पादकों द्वारा स्टाल भी लगाये गये :

यहाँ देश भर से आये कई मिलेट्स उत्पादकों द्वारा स्टाल भी लगाये गये हैं। पहले दिन के सत्र में भोजन और भोजन के इतिहास, दूसरे सत्र में आपकी रसोई में कारपोरेट कैसे घुस गया और तीसरे सत्र में मिलेट्री मैन डॉ खातिर वली ने गोष्ठी में मौजूद लोगों के सवालों के जवाब दिए। इस अवसर पर मशहूर गीतकार बुद्धिमान मिश्र लिखित मनीषा श्रीवास्तव द्वारा गाए गए मिलेट्स गीत को रिलीज किया गया। गीत के बोल बड़े ही झंकृत करने वाले और प्रेरणादायी थे।

महोत्सव में कृषि विभाग के सचिव डॉ संजय अग्रवाल, नाबार्ड के मुख्य महाप्रबंधक सुनील कुमार, एसीएफएल के निदेशक ए पी वर्मा, आद्या ऑर्गेनिक की निदेशक रत्ना सिन्हा समेत कई गण्यमान्य लोग मौजूद रहे। मंच संचालन अवसर ट्रस्ट के सीईओ अनुरंजन श्रीवास्तव ने किया।

अवसर ट्रस्ट के बैनर तले आयोजित इस महोत्सव को बिहार सरकार के कृषि विभाग, एस आई एस ग्रुप, ए सी एफ एल माइक्रो फाइनेंस, आद्या ऑर्गेनिक, इंडियन पब्लिक स्कूल, देहरादून और संगत - पंगत ने भरपूर सहयोग दिया। यह महोत्सव तीन दिन चलेगा।

# सामाजिक और आर्थिक असमानता को उजागर कर रही है वर्ल्ड इनइक्वेलिटी लैब की रिपोर्ट : लालू

## रिपोर्ट का हवाला देते हुए राजद सुप्रीमो ने भाजपा पर बोला हमला

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद ने वर्ल्ड इनइक्वेलिटी लैब की हालिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए अगड़ी और पिछड़ी जातियों के बीच बढ़ रही असामनता को लेकर केंद्र की एनडीए सरकार और बीजेपी पर हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि वर्ल्ड इनइक्वेलिटी लैब की रिपोर्ट सामाजिक और आर्थिक असमानता को उजागर कर रही है। आंकड़ों का हवाला देते हुए लालू प्रसाद ने कहा कि यही वजह है कि बीजेपी देश में जातिगत जनगणना नहीं कराना चाहती है।

लालू ने वर्ल्ड इनइक्वेलिटी लैब की रिपोर्ट को साझा करते हुए एक्स पर लिखा है, वर्ल्ड इनइक्वेलिटी लैब (विश्व असमानता लैब) की ओर साझा की गई रिसर्च में पिछड़ों, दलितों और आदिवासियों के सम्बन्ध में डरावने आंकड़े सामने आए हैं। यह रिसर्च देश में बढ़ती सामाजिक-आर्थिक गैरबराबरी को उजागर करती है। इस रिपोर्ट के अनुसार उच्च जातियों के पास देश की कुल संपत्ति का 88.4 प्रतिशत हिस्सा है जबकि ओबीसी के पास केवल 9.0 प्रतिशत



और अनुसूचित जातियों और जनजाति के पास मात्र 2.6 प्रतिशत ही है।

राजद अध्यक्ष ने लिखा कि 2013 में ओबीसी का देश की संपत्ति में 17.3 प्रतिशत हिस्सा था जो 2022में घटकर 9 प्रतिशत ही रह गया है। छोटे और मध्यम आकार के व्यवसाय लगातार घटते जा रहे हैं। कृषि घाटे का सौदा होता जा रहा है। किसान सरकार की गलत नीतियों के चलते बर्बाद हो रहे हैं। सर्वविदित है कि देश में ओबीसी,एससी, एसटी की आबादी लगभग 85 प्रतिशत है। यही कारण है कि बीजेपी जातिगत जनगणना नहीं कराना चाहती है। क्योंकि इससे हर क्षेत्र में कुंडली मारे बैठे संपन्न लोगों का प्रभुत्व उजागर हो जाएगा। लालू ने आगे लिखा है, रिसर्च बताती है कि देश की कुल संपत्ति का बड़ा हिस्सा लगभग 89 प्रतिशत हिस्सा, आबादी में सबसे कम संख्या वाले वर्गों के पास है तथा देश की सबसे अधिक आबादी वाले 85 प्रतिशत ओबीसी,एससी, एसटी के पास बाकी बचा हिस्सा है। इससे पता चलता है कि हमारे देश में सामाजिक-आर्थिक असमानता की जड़ें कितनी गहरी हैं। मोदी सरकार लगातार 10 बरसों से ओबीसी,एससी और एसटी वर्ग के छोटे व्यवसायों को भी टारगेट कर खत्म कर रही है।

उन्होंने आगे लिखा है कि, ह्यजब तक ओबीसी,एससी, एसटी और उच्च जाति के गरीब लोग बीजेपी की भक्ति, धर्मांधता और नफरत बोने वाले दंगाइयों को अपना नेता मानेंगे, तो ये आंकड़े और भी बदतर होते जाएंगे। विगत 10 वर्षों में इन्होंने आपको यानि ओबीसी,एससी, एसटी को धर्म और छद्म राष्ट्र के बनावटी मुद्दों व बहसों में उलझाकर अपनी सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक सत्ता को ओर अधिक सुदृढ़ एवं सुनिश्चित किया है। ये लोग धूर्तता के साथ ओबीसी,एससी, एसटी को सांकेतिक और दिखावटी प्रतिनिधित्व देकर इतिश्री कर देते हैं। ताकि देश की ये बहुसंख्यक आबादी अपने अधिकारों की वाजिब मांग न कर सके।

# झूठ फैलाकर राजद के लिए राजनीतिक ऑक्सीजन हासिल करना चाहते हैं तेजस्वी : उमेश कुशवाहा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

पटना। बिहार जनता दल यू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने रविवार को बयान जारी कर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर जमकर हमला बोला। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि लोकसभा चुनाव में बिहार की होशियार जनता ने तेजस्वी यादव द्वारा 17 महीनों के कामकाज पर फैलाए जा रहे झूठ को पुरी तरह से खारिज कर दिया। परंतु आश्चर्य का विषय यह है कि करारी पराजय के बाद भी तेजस्वी यादव झूठ बोलने से बाज नहीं आ रहें हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि सत्ता के लिए उन्होंने राजनीतिक लोक-लाज का भी त्याग कर दिया है। श्री कुशवाहा ने कहा कि अपने माता-पिता के शासनकाल की चर्चा करने का नैतिक साहस तेजस्वी यादव के पास नहीं है इसलिए वे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की उपलब्धियों का झूठा श्रेय लेकर अपनी राजनीतिक दुकान चलाने की कोशिश में जुटें हुए हैं। उन्होंने कहा कि लालू-राबड़ी के 15 साल की सरकार में सिर्फ 33 हजार 499 शिक्षकों की बहाली हुई थी वहीं माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के विगत 18 वर्षों के शासन में 5 लाख



61 हजार शिक्षकों की बहाली हुई है और यह प्रक्रिया आगे भी जारी है।

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 17 महीनों में जितनी भी नौकरियां दी गई उसमें तेजस्वी यादव या उनके दल के किसी भी तत्कालीन मंत्री का कोई योगदान नहीं था। सात निश्चय पार्ट-2 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 10 लाख सरकारी नौकरी और 10 लाख रोजगार देने का वादा किया था, यह बात बिहार की जनता भी बखूबी जानती है। तेजस्वी यादव के गाल बजाने से जनता पर कोई प्रभाव नहीं होगा। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि तेजस्वी यादव हर दिन अपने सलाहकारों और शागिर्दों से झूठ बोलने की ट्रेनिंग लेते होंगे क्योंकि इतनी साफगोई से झूठ बोलने की कला विरले लोगों में ही होती है।

# पूरी दुनिया की नौकरियों पर अपना दावा क्यों नहीं ठोक देते तेजस्वी: राजीव

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

तेजस्वी यादव पर चुटकी लेते हुए जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा है कि राजद के युवराज झूठ बोलने में इतने पारंगत हो गये हैं कि अब राहुल गाँधी भी शर्मा जाएं। तेजस्वी से हमारा आग्रह है कि जब वह झूठ बोलने को ही राजनीति मान चुके हैं तो सिर्फ नीतीश सरकार की नौकरियों श्रेय लेने के बजाए पूरी दुनिया में बांटी जा रही नौकरियों पर अपना दावा क्यों नहीं ठोक देते। एक बार वह बोल कर देखें तो सही उनके चेले-चपाटे इसे भी सही ठहराने लगेंगे।

तेजस्वी के दावों की धज्जियां उड़ाते हुए जदयू प्रवक्ता ने कहा कि तेजस्वी जी को समझना चाहिए कि इंटरनेट के जमाने में झूठ छिपता नहीं है। कोई भी पुरानी खबरों को सर्च कर के देख सकता है कि मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने 2020 में ही 10 लाख सरकारी नौकरी और 10 लाख रोजगार देने की



घोषणा कर दी थी। चुनाव बाद सरकार बनते ही इसकी प्रक्रिया भी शुरू कर दी गयी थी। बाद में सरकार में आने वक्त तेजस्वी जी को तो इन नौकरियों के बारे में जानकारी तक नहीं थी। इंटरनेट पर कोई भी जांच कर सकता है कि उस समय 10 लाख नौकरियों के बारे में पूछे जाने पर तेजस्वी जी और उनके नेता बगले झांकते हुए, मुख्यमंत्री बनने के बाद ऐसा करने की बात कहते थे।

तेजस्वी के झूठ की पोल खोलते हुए जदयू प्रवक्ता ने कहा कि हकीकत यही है कि जब एनडीए सरकार में तय हुई शिक्षकों की नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही थी, तब तेजस्वी जी के शिक्षामंत्री कार्यालय तक नहीं जाते थे। यहां तक कि बहालियों की फाइल पर उनके दस्तखत तक नहीं हैं। काम करने की बजाए मंत्री जी का पूरा समय रामचरितमानस और हिंदू धर्म पर अभद्र टिप्पणीयां करते रहने में बीतता था। यह तेजस्वी जी का सौभाग्य था कि जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 25 हजार बहालियों के नियुक्ति पत्र बांट रहे थे तो अन्य मंत्रियों के साथ उन्होंने तेजस्वी को भी बुला लिया था। आज तेजस्वी जी अपनी उसी तस्वीर को भुना रहे हैं। श्री रंजन ने कहा कि हकीकत में लालू-राबड़ी काल के 15 वर्षों की बजाए नीतीश सरकार के 17 महीनों का बार-बार जिक्र कर के तेजस्वी अपने डर को दिखला रहे हैं। उन्हें भी पता है राजद राज के नाम पर उनके पास बताने को कुछ नहीं है। इसी बेचारगी में उन्हें झूठ बोलकर काम चलाना पड़ रहा है। तेजस्वी जान लें कि झूठ बोलने से जंगलराज की कालिख मिटने वाली नहीं है।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बिहार में भाजपा करेगी कई कार्यक्रम

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर बिहार भाजपा प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है। इस मौके पर बिहार भाजपा प्रत्येक

मंडल में योग शिविर आयोजित करेगा। प्रदेश मंत्री और कार्यक्रम प्रभारी संजय गुप्ता ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा एवं प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस यानी 21 जून को कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

इस मौके पर पार्टी द्वारा प्रत्येक मंडल पर कम से कम एक योग शिविर आयोजित किया जाएगा। योग प्रशिक्षको एवं योग को बढावा देने वाले व्यक्तियों व संस्थानों को सम्मानित किया जाएगा। प्रदेश के सभी मोर्चा एवं प्रकोष्ठ द्वारा जिला स्तर पर एक योग शिविर का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा तथा इस कार्यक्रम में सभी जनप्रतिनिधि अवश्य रूप से भाग लेंगे।

उन्होंने बताया कि इन कार्यक्रमों के अलावा सार्वजनिक कार्यक्रम जैसे शिक्षण संस्थान, सामाजिक संस्थाओं इत्यादि द्वारा आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में भी पार्टी के जनप्रतिनिधियों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

योग शिविर के कार्यक्रम में समाज में प्रभुत्व रखने वाले व्यक्तियों, कलाकारों, खेल जगत के व्यक्तियों तथा जनप्रतिनिधियों इत्यादि का वीडियो एवं फोटो भी अधिक से अधिक प्रचारित एवं प्रसारित भी किया जाएगा। उपरोक्त कार्यक्रमों के सफल आयोजन के लिए जिला स्तर पर जिला प्रभारी एवं सह-प्रभारी, मंडल स्तर पर कार्यक्रम संयोजक नियुक्त किया जाएगा।

प्रदेश स्तर पर संयोजक और सह संयोजक की नियुक्ति कर दी गई है। इसमें प्रदेश मंत्री संजय गुप्ता, प्रवक्ता प्रभाकर मिश्र और कार्यालय मंत्री प्रवीण चंद्र राय पटेल शामिल हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विशेष प्रयासों से 21 दिसम्बर, 2014 को संयुक्त राष्ट्र संघ के 193 सदस्य देशों के समर्थन से 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने की घोषणा की थी। इस अवसर पर प्रत्येक वर्ष योग के विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 21 जून को श्रीनगर में योग दिवस के कार्यक्रम में रहेंगे।

# फादर्स डे पर रोहिणी ने अपने पिता लालू प्रसाद को किया याद

## सोशल मीडिया पर शेयर किया भावुक करने वाले मैसेज



पटना। फादर्स डे पर रविवार को लालू प्रसाद यादव की लाडली रोहिणी आचार्या ने एक पोस्ट सोशल मीडिया पर डाला है। रोहिणी ने अपने पिता लालू यादव को याद किया है। रोहिणी ने एक फोटो सोशल मीडिया के एक्स पर शेयर किया जिसमें वे पिता के साथ हैं। उन्होंने लिखा है कि -मेरे लिए तो आपके कंधों से बढ़ कर कोई तीर्थ नहीं है पापा,आपका प्यार ० सदैव आपसे मिलने वाला मार्गदर्शन मेरी सबसे शक्तिशाली नैतिक शक्ति..

रोहिणी आचार्या ने आगे लिखा है कि मेरे लिए आप क्या हैं शब्दों में इसे बयां करना असंभव है ,मैं बस इतना ही कह सकती हूँ आप सबसे खास, आप अविश्वसनीय हैं हैप्पी फादर्स डे पापा आचार्या अपने परिवार के साथ सिंगापुर में रहती हैं। लोकसभा चुनाव से पहले वह बिहार आईं और सारण से चुनाव लड़ा। बीजेपी के राजीव प्रताप रूडी को सारण लोकसभा सीट पर उन्होंने कड़ी टक्कर दी, मगर करीबी मुकाबले में लगभग 13 हजार वोटों से हार गईं। चुनाव हारने के बाद रोहिणी ने कहा कि वह सारण में रहकर ही जनता के काम करती रहेंगी और अगली बार जीतकर दिखाएंगी।

# शिक्षा के नाम पर स्कूलों में केवल खिचड़ी और कालेजों में केवल डिग्री बांटी जा रही है : पीके

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

- अच्छी शिक्षा और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने से ही खत्म होगी गरीबी

जन सुराज अभियान के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने कहा है कि स्कूलों में केवल खिचड़ी और कालेजों में केवल डिग्री बांटी जा रही है। बच्चे पढ़ नहीं रहे हैं तो कहां से अधिकारी बनेंगे ? वे रविवार को पटना स्थित आवासीय कार्यालय पर कार्यकताओं की समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उक्त जानकारी आज यहां जारी एक बयान में जन सुराज के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय कुमार ठाकुर ने दी। श्री ठाकुर ने बताया कि प्रशांत किशोर ने कहा है कि बिहार में बत्तीस वर्षों से चली आ रही लालू - कांग्रेस और नीतीश- भाजपा की सरकारों ने जानबूझकर शिक्षा व्यवस्था को चौपट कर दी ताकि लोग अनपढ़ बने रहे और जात- पांत तथा धर्म- मजहब के चक्कर में फंसकर इन लोगों को वोट देते रहे। प्रशांत किशोर ने साफ कहा है कि जबतक उच्च स्तरीय और गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा नहीं उपलब्ध कराई जाएगी



तब तक बिहार का चतुर्दिक विकास नहीं हो सकेगा। शिक्षा ही विकास की जननी है गरीबी से निकालने का मुख्य जरिया है। उन्होंने कहा कि बिहार देश का सबसे गरीब, अशिक्षित, बेरोजगारी और पलायन वाला राज्य बना दिया गया है। हमें अपने बच्चों के भविष्य की चिंता नहीं है और हम जात पात के चक्कर में नेताओं के बेटे का भविष्य बनाने में बेचैन है। अपना बेटा पढ़ नहीं रहा, भूखे पेट सोता है,शरीर पर कपड़े नहीं है, पैरों में चप्पल नहीं है। इसकी फिक्र आपको नहीं है। पीके ने आंकड़ों के हवाले से बताया कि बिहार में 60 प्रतिशत लोग भूमिहीन है जो दूसरे की जमीन जोतकर अपना भरण-पोषण करते हैं। बिहार तथाकथित समाजवादी सरकारें रही किन्तु इन भूमिहीनों को अपनी जमीन नहीं हो सकी। खेती की व्यवस्था यहां इतनी चौपट है कि यह आपके केवल पेट पालने का साधन है मुनाफे का नहीं। पंजाब और हरियाणा ने खेती से अपनी आमदनी बढ़ा ली लेकिन बिहार पीछे ही रह गया। इसका मूल कारण 100 में 60 लोग भूमिहीन हो। शेष लोगों में जिनके पास जमीन है उनमें 35 प्रतिशत लोगों को मात्र दो एकड़ जमीन है। 5 प्रतिशत लोग अधिकाधिक भूमि के स्वामी हैं। कथित समाजवादी सरकारों ने भूमि सुधार कानून नहीं लागू किया जिससे यह स्थिति बनी हुई है। प्रशांत किशोर ने कहा कि यहां पलायन की सबसे बड़ी समस्या है। यहां की अबतक की सरकारों ने न तो कल कारखानों की स्थापना की और ना ही रोजगार के अवसर पैदा किए। स्वरोजगार को भी प्रोत्साहित नहीं किया तथा लोगों को उचित शिक्षा दी। काम नहीं होने के कारण लोगों को दूसरे औद्योगिक शहरों में पलायन करना मजबूरी बनीं। घर -गांव और परिजनों से दूर रहकर पेट पालने की मजबूरी ने पलायन को प्रोत्साहित किया।उन्होंने कहा कि जब जन सुराज की सरकार बिहार में बनेगी तब बाहर रह रहे सभी बिहारियों को एक वर्ष के भीतर वापस बुला कर रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा और बिहार से पलायन समाप्त कर सभी को रोजगार उपलब्ध कराये जाएंगे। श्री ठाकुर ने बताया कि प्रशांत किशोर का सपना है कि बिहार देश के अग्रणी राज्यों में शुमार हो और एक दिन ऐसा आएगा जब दूसरे प्रदेशों से लोग रोजगार मांगने बिहार आएंगे। उन्होंने सभी बिहारियों से अपने एवं अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए जन सुराज के साथ एक जुट होने की अपील की।

### ईद उल अजहा पर लालू प्रसाद, तेजस्वी यादव सहित राजद परिवार के वरिष्ठ नेताओं ने दी बधाई

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राष्ट्रीय जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद , पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव, नवनिर्वाचित सांसद डॉ मीसा भारती, पूर्व मंत्री तेज प्रताप यादव, राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिवानंद तिवारी, उदय नारायण चौधरी, राष्ट्रीय प्रधान महासचिव अब्दुल बारी सिद्दीकी, राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रो मनोज कुमार झा,राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक, भोला यादव, राज्यसभा सांसद संजय यादव, प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता शक्ति सिंह यादव , प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद सहित राजद के अन्य नेताओं ने अपने संयुक्त वक्तव्य में मुस्लिम भाइयों को ईद उल अजहा की मुबारकबाद देते हुए कहा कि ईद उल अजहा कुर्बानी का त्यौहार है और यह पर्व समर्पण और बलिदान की बेहतरीन मिसाल है। नेताओं ने कहा कि मुल्क में समाजी अखलाक और भाईचारा की मजबूती के लिए के लिए हम सबको छोटी बड़ी कुर्बानी देनी पड़ी तो उसके लिए तैयार रहना होगा, क्योंकि मुख्तलिफ मजहबों के लोगों का एहतराम करना हमारी संस्कृति और पहचान है। और एक दूसरे के साथ मिलकर हम सभी ईद उल अजहा के त्यौहार को मनाएं और एक दूसरे के खुशियों में शामिल हो जिससे गंगा जमुना संस्कृति को मजबूती मिल सके।

# बिन्द, बेलदार व निषाद समुदाय को आबादी के अनुपात में नहीं मिल रही सत्ता में भागीदारी : गणेश

## राजनीतिक पार्टी गठन करने का लिया गया निर्णय

- पार्टी के नामकरण झंडा के निर्धारण, चुनाव चिन्ह तथा बाईलॉज का निर्णय आगामी 30 जून को

पटना। बिन्द, बेलदार, नोनिया, केवट, चांय, बनपर, गोड़ी एवं मछुआ - निषाद समुदाय की जातियों का आबादी के अनुसार सत्ता में भागीदारी तथा अनुसूचित जाति का आरक्षण के के ज्वलंत मुद्दों को लेकर बिन्द-बेलदार विकास एवं सामाजिक सेवा संस्थान तथा फिसरमैन चैरिटेबल फाउंडेशन ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में राजधानी में कार्यशाला का आयोजन किया गया। ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष गणेश कुमार बिंद ने कार्यशाला का उद्घाटन किया । कार्यशाला में प्रदेशभर से काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए गणेश कुमार बिंद ने कहा कि हमें हमारी आबादी के अनुपात में सत्ता में भागीदारी नहीं मिल रही है। कार्यशाला में आरक्षण पर भी जोरदार चर्चा हुई और अनुसूचित जाति में शामिल करने एवं आरक्षण की मांग दोहराई गई। श्री बिंद ने कहा कि जातीय गणना में बिहार सरकार द्वारा बिन्द, बेलदार, चांय, बनपर, नोनिया, गोड़ी आदि मछुआ समुदाय की जातियों की आवादी 5-6 गुणा कम कर दी गई है, इसलिए राजनैतिक दलों द्वारा इन्हें एमपी, एमएलए का चुनाव लड़ने हेतु टिकट नहीं दिया जा रहा है। निषादों एवं मछुआरों की पार्टी वीआइपी भी टिकट नहीं दे रही है। इस पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। मछुआ, निषाद समुदाय के लोगों को वर्ष 2025 में होने वाले बिहार विधान सभा चुनाव में आबादी के अनुसार सत्ता में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए



अधिक से अधिक लोगों को लड़ाने के लिए एक राजनैतिक दल का गठन करने का निर्णय लिया गया जिसके राष्ट्रीय अध्यक्ष के रुप में गणेश कुमार का चयन किया गया है। राजनैतिक दल का नाम सिम्बल एवं झंडा का निर्धारण और कार्यकारिणी सदस्यों के चयन आदि के लिए गणेश कुमार की अध्यक्षता में एक 51 सदस्यीय समिति का गठन किया गया। पार्टी के नामकरण झंडा के निर्धारण, चुनाव चिन्ह तथा बाईलॉज का निर्णय आगामी 30 जून को आम सहमति से होगी। कार्यशाला को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बाल्मीकि कुमार बिन्द राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, शिव रतन महतो बिन्द, भगवान महतो बिन्द, अभयानंद बेलदार, उमा शंकर आर्य बिन्द, डा. अजय बिन्द, डा. राज किशोर सिंह बिन्द, रामबली बिन्द, दशरथ प्रसाद सिंह, रामाशंकर महतो, प्रो मिथलेश केवट, मीना देवी, रामजन्म महतो सहित सभी जिला अध्यक्ष, महासचिव आदि ने सम्बोधित किया। मंच संचालन देशेश जलज तथा संजीत चौहान द्वारा किया गया।

## बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में पुस्तक जीवन के रंग का लोकार्पण

# बरगद सा पिता : तीसरी पीढ़ी का सहारा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



बिक्री ना हो/बाजार उपलब्ध ना हो तो कला विलुप्त हो जाती है भारतीय चित्रकला की एक अद्भुत शैली है काजली सीही/पटना कलम, मुगल कलाकारों द्वारा 18 वीं शताब्दी में बनाया गया था और तब इस कलाकृतियों के प्रमुख खरीदार अंग्रेज हुआ करते थे जो इसे स्मृति चिन्ह के रूप में पटना से खरीदते थे। यह चित्रकला की दुनिया का पहला स्कूल था जिसने विशेष रूप से आम लोगों की जीवनशैली को परिभाषित किया। यह चित्रकला लगभग 200 वर्षों से अस्तित्व में है और आज भी उतनी ही लोकप्रिय है।) इसी मंशा से, लेख्य-मंजूषा साहित्य और समाज के प्रति जागरूक करती संस्था की अध्यक्ष विभा रानी श्रीवास्तव द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत पटना कलम चित्रकला प्रशिक्षण कार्यशाला के बच्चों द्वारा बनाए चित्र देकर किया गया। अवसर था त्रैमासिक गद्य कार्यक्रम ! पिता दिवस के अवसर पर ह्यसाहित्यिक स्पंदनह्न और डॉ. प्रो. सुधा सिन्हा द्वारा लिखित आलेख की पुस्तक ह्यजीवन के रंगह्न का लोकार्पण रविवार को बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के विशाल प्रांगण में किया गया। गद्य विधा को समर्पित यह कार्यक्रम अनेक सत्र में आयोजित किया गया। आगंतुक के लिए स्वागत भाषण संस्था के सचिव रवि भूषण श्रीवास्तव ने दिया।

कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए ह्यइक्कीसवीं सदी में/ वर्तमान समय में ढीठ/दबंग (बोल्ड) लेखन का साहित्य पर क्या असर है ?ह्न विषय पर परिसंवाद का आयोजन हुआ जिसमें मुख्य वक्ता रहे मशहूर शायर और उपन्यासकार नीलांशु रंजन, वरिष्ठ पत्रकार, अखिल भारतीय प्रगतिशील लघुकथा के महासचिव और प्रख्याता, डॉ, ध्रुव कुमार और परिसंवाद का संचालन ऋचा वर्मा के द्वारा किया गया। तत्पश्चात एक परिचर्चा भी आयोजित की गयी जिसका विषय था ह्यक्या किसी समीक्षक की लिखी समीक्षा उस समीक्षक की रचना कही जा सकती है और अगर समीक्षा, रचना नहीं है तो समीक्षक का सम्मान साहित्य में क्या है ?ह्न इस परिचर्चा में मो. नसीम अख्तर ने इसका संचालन किया। लेख्य-मंजूषा में चित्राधारित लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसके परिणाम पर डॉ. अनीता राकेश एवं डॉ. ध्रुव कुमार ने अपने-अपने विचार रखे। डॉ. मीना कुमारी परिहार ने पिता पर विचार रखा। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में युवा कवि प्रभास सिंह की पुस्तक ह्यअंतरंगानूभुतिह्न का लोकार्पण तथा नीलांशु रंजन, डॉ. मेहता नागेन्द्र सिंह द्वारा पुस्तक पर अपना वक्तव्य रखा गया। शुभकामनाओं के संग पुस्तक के प्रकाशक और संयोजक राहुल शिवाय नोएडा से स्ट्रीमयार्ड के माध्यम से जुड़े तथा दिव्यांग लघुकथाओं का परिणाम बताया, लेख्य-मंजूषा द्वारा आयोजित और विभा रानी श्रीवास्तव द्वारा संयोजित।

द्वितीय सत्र के अंत में डॉ. कल्याणी कुसुम सिंह की पुस्तक पर चर्चा का आयोजन हुआ जिसमें श्री एम के मधु, श्री भगवती प्रसाद द्विवेदी, डॉ. मधु वर्मा ने अपने विचार रखे। और मंच संचालन अमृता सिन्हा ने किया।

इस अवसर पर संस्था के सदस्यगण मधुरेश नारायण, प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, अपराजिता रंजना, डॉ. मीना कुमारी परिहार, गार्गी राय, मीरा श्रीवास्तव, सीमा सिन्हा, मीरा प्रकाश, डॉ. पूनम देवा, मीरा श्रीवास्तव, पूनम कतरियार, रेखा भारती मिश्रा इत्यादि की गरिमामयी उपस्थिति रही। मंच संचालन विभा रानी श्रीवास्तव और धन्यवाद ज्ञापन एकता कुमारी द्वारा किया गया।

# राजधानी पटना में दुबई 100 एक्सपो का हुआ शानदार आयोजन

- उद्योग जगत के जाने माने लोगों, निवेशकों और रियल एस्टेट उद्योग सहित विशिष्ट अतिथियों ने कार्यक्रम को बनाया सफल

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

सीबीट्स रियल एस्टेट, दुबई द्वारा आयोजित दुबई की रियल एस्टेट उत्कृष्टता का एक भव्य उत्सव, दुबई 100 एक्सपो ने बिहार की राजधानी पटना में शानदार शुरूआत की। दुबई की रियल एस्टेट उत्कृष्टता को प्रदर्शित करने के लिए पटना के बांकीपुर क्लब में आयोजित इस उल्लेखनीय कार्यक्रम में तीन सौ से अधिक प्रतिष्ठित अतिथि शामिल हुए, जिनमें शहर के प्रमुख बिल्डर्स, निवेशक, एचएनआई, रियल एस्टेट उद्योग जगत के लोगों और दो खास अतिथि, राजपाल यादव और मुबीन सौदागर शामिल थे।

इस आयोजन ने मनोरंजन, नेटवर्किंग और बेजोड़ निवेश अवसरों के लिए एक विशेष मंच प्रदान किया । दुबई के प्रमुख बिल्डरों ने निवेश संभावनाओं के साथ-साथ अपनी रचनात्मक अवधारणाओं को दर्शकों के सामने प्रदर्शित किया। इसके अतिरिक्त, बाय-बैक गारंटी, उच्च संपत्ति प्रशंसा, गोल्डन वीजा लाभ और कर-मुक्त आय के साथ प्रभावशाली 12% आरओआई के वादे ने भी मेहमानों को मंत्रमुग्ध कर दिया। एक और रोमांचक क्षण रैफल ड्रा था, जहाँ 10 भाग्यशाली विजेता 1 लाख एईडी 22 लाख के कूपन लेकर चले गए! इससे सीबीट्स रियल एस्टेट दुबई के साथ निवेश का उत्साह और आकर्षण और बढ़ गया।

सीबीट्स रियल एस्टेट एलएलसी के संस्थापक और एमडी, श्री रिंकू कुमार ने इस अवसर पर कहा की, दुबई 100 सिर्फ एक इवेंट नहीं है; यह अनंत संभावनाओं का अवसर है। इस आयोजन के माध्यम से, हमारा लक्ष्य अद्वितीय लाभों और आश्वासनों के साथ दुबई की रियल एस्टेट क्षमता के लिए एक प्रवेश द्वार प्रदान करना है। दुबई के बेजोड़ रियल एस्टेट अवसरों को सामने लाकर हमारा लक्ष्य भारत के विभिन्न कोनों से निवेशकों को सशक्त बनाना है। यहाँ हमको शानदार रिस्पांस मिला है, और हम इस असाधारण अनुभव को देश भर के अन्य शहरों में विस्तारित करने के लिए रोमांचित हैं।

उन्होंने आगे कहा, पटना में उत्साह खत्म नहीं होता! दुबई 100 एक्सपो अब रांची और रायपुर को रोमांचित करने के लिए तैयार है। सभी संबंधित शहरों में 10 भाग्यशाली विजेताओं के लिए 1 लाख एईडी (22 लाख रुपये) के कूपन जीतने का मौका भी मिलेगा। शाम की विविधता को एक आकर्षक लाइव बेली डांस प्रदर्शन द्वारा और भी बढ़ाया गया। यह कार्यक्रम अंततः एक नेटवर्किंग डिनर में बदल गया, जहां मेहमानों को उद्योग जगत के मशहूर हस्तियों के साथ घुलने-मिलने का मौका मिला।

दुबई 100 एक्सपो अब रांची और रायपुर में 17 और 19 जून को आ रहा है जो दोनों शहरों के लोगों को इन्वेस्टमेंट के और अधिक अवसर प्रदान करेगा ।

## संक्षिप्त खबरें

### आपरेशन मुस्कान के तहत वापस हुए खोए हुए मोबाइल

मुजफ्फरपुर। आपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस ने शनिवार को 15लोगों को उनका खोया हुआ मोबाइल लौटा दिया। शहर के मोतीझील स्थित कार्यालय में एएसपी टाउन अवधेश सरोज दीक्षित ने शनिवार को उन सभी सम्बंधित लोगोंको अपने कार्यालय बुला कर महीनों पहले उनका खोया मोबाइल वापस किया। महीनों पहले खोया मोबाइल पाकर लोगों के चेहरे खिल गये और सबों ने पुलिस को धन्यवाद दिया।इस दौरान एएसपी अवधेश सरोज दीक्षित ने लोगों से कहा कि यदि किन्हीं का मोबाइलको जाए तो वो अपने निकटतम थाने में सिन्हा दर्ज कराएं। पुलिस निश्चित रूप से मोबाईल खोज कर लौटा देगी। उन्होंने कहा कि अबतक जिला पुलिस 190से अधिक लोगों का खोया हुआ मोबाइल खोज कर लौटा चुकी है।

### महिला की इज्जत लूटने का प्रयास, निर्वस्त्र कर पीटा

बोचहागरहां थाना क्षेत्र एक गांव से महिला के साथ जोर जबरदस्ती करने का मामला प्रकाश में आया है, इस मामले में पीड़िता ने पुलिस से लिखित शिकायत कर इंसाफ की गुहार लगाई है, पुलिस को दिए गए बयान में पीड़िता ने बताया कि पति परदेस में है, 11 जून की रात मैं घर में अकेले सो रही थी, इस दौरान पड़ोस के रहने वाले विकाश कुमार, और अजय राय मेरे घर में घुस गया और इज्जत लूटने का प्रयास किया, विरोध करने पर साड़ी व बेलाउज फार कर निर्वस्त्र कर दिया, जब मैं जोर-जोर से चिल्लाने लगी तो वे लोग गुस्से में आकर बेरहमी से पीटने लगा, जिससे महिला के सर और हाथ में गंभीर चोटें आई और वह बेहोश होकर गिर गई, शोर मचाने की आवाज सुनकर ग्रामीण पहुंचे तो वे लोग भाग लिए, पीड़िता को ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए एसकेएमसीएच रेफर कर दिया। गरहां थाना अध्यक्ष विनोद दास ने बताया कि पीड़िता द्वारा आवेदन दिया गया है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### खजौली रेलवे स्टेशन पर जयनगर, दानापुर ट्रेन की इंजन फेल होने से रेल यात्री को काफी मुसीबत झेलने पड़ी

मधुबनी खजौली रेलवे स्टेशन पर ट्रेन संख्या - 13225 जयनगर, दानापुर इंटर सिटी एक्सप्रेस ट्रेन की इंजन फेल होने चार घंटे तक स्टेशन पर गाड़ी खड़ी रहने से रेल यात्री को काफी मुसीबत झेलने पड़ी. प्राप्त जानकारी के अनुसार जयनगर से दानापुर जाने वाली इंटर सिटी एक्सप्रेस ट्रेन 13.50 वजे खजौली रेलवे स्टेशन पर पहुँचने पर कुछ ही मिनटों में ट्रेन की इलेक्ट्रिक इंजन फेल हो गया. इस ट्रेन की इंजन फेल होने से दर्जनों यात्री को दरभंगा से फ्लाइट एव ट्रैन छूट गयी. ट्रैन यात्री मुकेश कुमार, सुभाष कुमार सिंह एव जितेंद्र कुमार ने बताया कि खजौली रेलवे स्टेशन से इंटर सिटी ट्रेन पकड़ दरभंगा से फ्लाइट एव आगे की यात्रा के लिए दूसरे ट्रैन पकड़ने थे, लेकिन ट्रैन की इंजन फेल हो जाने से फ्लाइट एव ट्रेन की हजारो रुपये की टिकट क्षति हुई है. वही यात्रियों ने बताया कि ट्रेन की इंजन की मेन्टेनश जयनगर में होती है.रेलवे की इंजीनिरिंग विभाग द्वारा इंजन की जांच पड़ताल करके फिटनेस की मेमो ट्रैन ड्राइबर को मिलने पर ही इंजन को ट्रेन की बोगी को जोड़कर प्रस्थान करती है.

### खिरहर थाना परिसर में बकरीद पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक

मधुबनी हरलाखीप्रखंड क्षेत्र खिरहर थाना परिसर में बकरीद महापर्व को लेकर शांति समिति की एक बैठक हुई। थानाध्यक्ष सुप्रिया कुमारी ने इसकी अध्यक्षता की। थानाध्यक्ष ने बताया कि बकरीद एक समुदाय विशेष का महापर्व है। इसकी मयार्दा बनाये रखना सभी समुदायों के लोगों के साथ साथ जनप्रतिनिधियों और सामाजिक राजनीतिक कार्यकताओं का भी दायित्व है। इस महापर्व के अवसर पर शांति व्यवस्था और आपसी भाईचारा बनाए रखने को लेकर प्रशासन प्रतिबद्ध है। इसको लेकर जारी सभी सरकारी दिशा निदेर्शों का प्रशासन सख्ती से अनुपालन करेगा। इस मौके पर थाना के पीटीसी रविरंजन कुमार ने भी सभी सामाजिक राजनीतिक कार्यकताओं से अनुरोध करते हुए कहा कि बकरीद आपसी भाईचारा और मेल मोहब्बत का महापर्व है। इसे शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने में सभी लोग प्रशासन को सहयोग दें। अधिकारियों ने कहा कि असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखते हुए उनकी गतिविधियां प्रशासन के संज्ञान में दें। शांति समिति की बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष अनिल मंडल,मुखिया पति मनोज पासवान गुड्डू कुमार, मो इबराहीम,राधे पांडेय, अकील अहमद धनराज यादव, केसरी नंदन,पूर्व मुखिया श्री नारायण दास,आदि सहित दर्जनो लोग मौजूद थे।

# डीएम, एसपी स्वयं भ्रमणशील रहकर विधिव्यवस्था का लेंगे जायजा

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी जिले में बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण सौहाद्रपूर्ण एवम भाईचारे के वातावरण में मनाने को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी प्रकार की आवश्यक एवम ऐहतियातन तैयारी की गई है। इस अवसर पर विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा एवम पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार द्वारा संयुक्त आदेश जारी किया गया है। जिसके तहत जिले के 394 स्थानों पर 788 दंडाधिकारी एवम पुलिस पदाधिकारी के साथ साथ काफी संख्या में पुलिस के जवानों की प्रतिनियुक्ति की गई है। डीएम ने सभी प्रति नियुक्त पदा धिका रियों को स समय प्रतिनियुक्ति स्थल पर पहुंच कर अपने दायित्व का निर्वहन करने का निर्देश दिया है। सभी दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी अपने-अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर उपस्थित होकर संयुक्त फोटो, जिला प्रशासन के व्हाट्सएप नम्बर पर भेजना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा है कि असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखें। शांति भंग करने वाले या कानून को हाथ में लेने वाले असमाजिक तत्वों पर तत्काल विधि-सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित है। अफवाह फैलाने वालों पर कठोर कार्रवाई करने से जरा भी नही हिचके। सादे लिबास में पुलिसकर्मी शरारती तत्वों पर नजर रखेंगे। सभी पदाधिकारियों को पूरी तरह सेचौकस रहने का निर्देश दिया गया है। विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर वरीय अधिकारियों को जबाबदेही दी गई है,जो सीधे पल-पल की गतिविधियों से ।जिलाधिकारी को अवगत कराएंगे।सभी प्रखंडों के बीडीओ,सीओ एवम थानाध्यक्ष को निर्देश दिया गया है कि आपस मे समन्वय बनाकर लगातार सभी संवेदनशील एवम महत्वपूर्ण स्थलों का भ्रमण कर स्थिति पर कड़ी नजर रखेंगे। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने जिलेवासियों से आपसी भाईचारे के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में बकरीद का त्योहार मनाने की अपील किया हैं।जिले की पल पल की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए जिला नियंत्रण कक्ष आज दिनांक 16-06-24 के पूर्वाह्न से दिनांक 18-06-24 के अपराह्न तक लगातार 24 घण्टे कार्य करेगा। जिला नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नंबर 06276- 224425 है। जिला नियंत्रण कक्ष के वरीय प्रभार में अपर समाहर्ता, शैलेश कुमार रहेंगे। जिला नियंत्रण कक्ष 24 घंटे तीन शिफ्टों में कार्यरत रहेगा। सभी शिफ्टों में पर्याप्त संख्या में पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए नियंत्रण कक्ष में दंगा नियंत्रण कंपनी वज्रवाहन अग्निशमन आदि की तैनाती की गई है। अग्निशाम पदाधिकारी को निर्देश दिया गया है कि अग्निशाम दस्ता को हर समय तैयार रखेंगे, ताकि आपात स्थिति में ससमयनियंत्रणकिया जा सके।जिलाधिकारी ने निर्देश दिया है कि सोशल मीडिया पर झूठी,भ्रामक एवम अफवाह फैलाने वाली खबरों पर नजर रखे। इसको लेकर जिला साइबर सेल एवम सूचना एवम जन सम्पर्क की सोशल मीडिया टीम को 24 घंटे सक्रिय रहकर सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखने एवम ऐसे असामाजिक एवम उपद्रवी तत्वों के विरुद्ध कड़ी करवाई करने का निर्देश दिया है।

# दालान में सोए अवस्था में मिला युवक का शव ,हत्या की आशंका

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर।जिले के पियर थाना क्षेत्र के सिमरा गांव में एक युवक का शव दालान में बिछावन पर सोए अवस्था में मिलने के बाद हडकम्प मंच गया।मृतक के परिजन शव देख चीत्कार करने लगे। युवक का नाम हरिनारायण राय (40बर्ष) बताया गया है।घटना की सूचना मिलते हीं घटनास्थल पर सैंकडो लोग जमा हो गये। मृतक के भाई श्रीनारायण राय ने बताया कि उनका भाई रात का खाना खाने के बाद भीषण गर्मी के कारण देर रात दरवाजे पर दालान में सोने चला गया। सुबह बिछावन पर वह मृत अवस्था में मिला। उसके गर्दन के पीछे जख्म का निशान पाया गया है।बिछावन पर खून के धब्बे भी पाए गये हैं। मृतक के भाई श्रीनारायण राय ने बताया कि वह बड़ा मिलनसार और सीधे सादे स्वभाव का था।उसकी किसी से दुश्मनी भी नहीं थी।लोगो के बीच दबी जुबान से हत्या किए जाने की चर्चा भी हो रही थी। लोग यह भी कहते सुनेगये कि किसी नुकीले हथियार से गर्दन के पीछे वार किया गया होगा।इस घटना के बाद परिजनो के बीच चीख पुकार मच गई। घटना की सूचना पियर थाने की पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच कर डेड बॉडी को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में पियर थाना अध्यक्ष पंकज यादव ने बताया कि उन्हें जब घटना की सूचना मिली तो वे तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे । वहां हरिनारायण राय का शव बिछावन पर पड़ा हुआ था।शव की जांच के दौरान सिर के पीछे जख्म का निशान मिला है। जांच के बाद डेड बॉडी को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। साथ ही मामले की जा रही है।

# संतुलित खान पान से मधुमेह रोग से बचा जा सकता है : डॉ अजय कुमार

## आरएसएसडीआई बिहार चैप्टर के त्रिदिवसीय छठे वार्षिक सम्मेलन का हुआ समापन



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा।रिसर्च सोसाइटी फॉर स्टडी ऑफ डायबिटीज इन इंडिया, बिहार चैप्टर के त्रिदिवसीय छठे वार्षिक सम्मेलन के अंतिम दिन की शुरूआत सुबह डायबिटीज के प्रति जागरूक करने के लिए वाकिंग मैराथन के साथ विशेषज्ञों और आम जनता के बीच संवाद कार्यक्रम हुआ।

डीएमसीएच सभागार में वैज्ञानिक सत्र चेयरमैन डॉ अजय कुमार के संबोधन किया जिसमें विभिन्न विषय जैसे जीवनशैली और डायबिटीज, इंसुलिन और भ्रांतियां, हाइपोग्लाइसीमिया एक चैलेंज, शरीर के विभिन्न अंगो पर डायबिटीज का दुष्प्रभाव, यात्रा पर मरीजों के लिए उपाय, डायबिटीज मरीजों को पैरों की देखभाल कैसे करें, नई दावों का इस्तेमाल आदि पर चर्चा किया गया।आयोजन समिति के संयोजक डॉ स्वेताभ वर्मा, वैज्ञानिक कमिटी के डॉ विजय कुमार एवं डॉ मिलिंद झा,रजिस्ट्रेन कमिटी के संचालन के लिए डॉ देवार्घ कुमार को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया।इसी क्रम में रिसेप्शन कमिटी के डॉ भरत कुमार,आतिथ्य कमिटी के डॉ रितेश कमल एवं डॉ राजेश कुमार, स्मारक पुस्तिका कमिटी के डॉ ब्रजेश कुमार और स्टेज कमिटी के डॉ दीपक कुमार, डॉ सिद्धार्थ कुमार और डॉ अविलोक को सराहनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया।

आयोजन अध्यक्ष डॉ. एससी झा ने बताया इस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से विशेषज्ञों, चिकित्सकों, डायबिटीज से प्रभावित और सामान्य लोगों को इससे बचाव के प्रति जागरूक के साथ साथ, इस समस्या के सही उपचार की जानकारी दी गई

आयोजन सचिव डॉ. मनीश कुमार प्रसाद ने अपने समाप्ति संबोधन में सभी अतिथियों, चिकित्सकों, छात्रों व मीडिया बंधुगन का धन्यवाद ज्ञापन किया।फार्मास्यूटिकल कंपनी के लोगों को भी सहभागिता के लिए बधाई दी गई।बिहार चैप्टर आरएसएसडीआई की एनुअल मिटिंग के पश्चात कार्यकम की समाप्ति हुई।

# प्रायोगिक परीक्षा में बच्चों के नृत्य देख कर भाव विभोर हुए परीक्षक



प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। प्रयाग संगीत समिति, प्रयागराज उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित प्रायोगिक परीक्षा में वैशाली से आए विजय कुमार सिंह ने संगीत के प्रारंभिक वर्ष से लेकर प्रभाकर तक के बच्चों का नृत्य एवं संगीत की प्रायोगिक परीक्षा ली। यह प्रायोगिक परीक्षा सृष्टि फाउंडेशन के सभागार में आयोजित की गई। प्रारंभिक वर्ष के छोटे छोटे बच्चों द्वारा ओडिसी नृत्य की प्रायोगिक परीक्षा में मंगलाचरण की प्रस्तुति दी गई। तो वहीं कथक नृत्य के बच्चे पंचम सवारी में भाव नृत्य प्रस्तुति दी। नृत्य विधा के प्रभाकर वर्ष में ज्योति प्रकाश, घनश्याम कुमार, राहुल कुमार, मनीषा कुमारी ने बेहतरीन अभिनय की प्रस्तुति से अपने नृत्य का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस मौके पर संस्थान की ओर से अधिवक्ता मनोज चौधरी और जयप्रकाश पाठक ने संयुक्त रूप से मिथिला की परंपरा के अनुसार विजय सिंह को पाग, शॉल और स्मारिका दे कर सम्मानित किया । इस प्रायोगिक परीक्षा में कथक नृत्य, ओडिसी नृत्य, भरतनाट्यम नृत्य, तबला, फाइन आर्ट, गायन सहित करीब 20 दर्जन से अधिक बच्चों ने परीक्षा में शामिल होकर अपने विधा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

# नीट घोटाला से देश के 24 लाख बच्चे बिलख रहे हैं और माफिया पनप रहे हैं : राकेश नायक

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा।भाजपा सरकार ने मध्यप्रदेश व्यापम के बाद राष्ट्रीय व्यापम के रूप में नीट घोटाला कर के प्रतिभाशाली छात्रों का अहित किया। भाजपा बार-बार पेपर लीक करके देश में माफिया राज चला रही हैं।ह्वनीट घोटालाह्व भारत के ह्वपरीक्षा इतिहासह्व का ह्वसबसे बड़ा घोटालाह्व है जहाँ पूरी परीक्षा ही फिक्स है,व्यापम दूसरे नम्बर का घोटाला रहा है, ह्वबिना राजनैतिक सरंक्षण यह असंभव हैह्व। यह बातें प्रेस विज्ञप्ति जारी कर महानगर युवा राजद के जिलाध्यक्ष राकेश नायक ने कही हैं। जिलाध्यक्ष राकेश नायक ने कहा कि व्यापम घोटाला शिक्षा जगत का सबसे बड़ा घोटाला था, पर क्या अब नीट 2024 पहले स्थान पर आ जाएगा ? नीट 2024 का रिजल्ट 14 जून 2024 को आना था। फिर ऐसा क्या हुआ कि आनन-फानन में लोकसभा चुनाव परिणाम वाले दिन 4 जून 2024 को शाम को नीट 2024 का परिणाम भी घोषित कर दिया गया ? कया लोकसभा चुनाव परिणाम के पीछे नीट 2024 घोटाला और पेपर लीक को छुपाने की कोसिस हुई है ? 720 मे से 720 अंक 67 छात्रों के आए हैं जिसमें एक ही परीक्षा केंद्र से 7 छात्र हैं, मुंबई और हरियाणा में भी कुछ विशेष केंद्रों से 4-5 छात्र हैं। भाजपाई शासन आते ही व्यापम, पेपर लीक और भर्ती घोटालों में अपार सफलता के बाद अब नीट घोटाला से देश के 24 लाख बच्चे बिलख रहे हैं और माफिया पनप रहे हैं। नायक ने कहा कि जल्द ही रणनीति तैयार कर हजारों युवा छात्र बड़ी संख्या में सड़क पर उतर कर छात्रों के न्याय हित में एक लकीर खींचेंगे।

# ऋणधारकों को बैंक सहुलियत दें : एसीजेएम



प्रात : किरण संवाददाता

बेनीपुर(दरभंगा)। व्यवहार न्यायालय बेनीपुर में आगामी 13 जुलाई को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए बैंक अधिकारियों की बैठक 13 जून को एसीजेएम-1 संगीता रानी की अध्यक्षता में हुई। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि 13 जुलाई को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए ऋणधारकों का चयन कर उनके नाम नोटिस तैयार कर कार्यालय में जमा करें। ऋणधारकों को ऋण की राशि का इंतजाम करने के लिए लोक अदालत से पहले कुछ समय भी दिया जाना चाहिए, इसलिए एक सप्ताह के अंदर पक्षकारों को नोटिस जारी करने का काम करें। एसीजेएम ने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकार का उद्देश्य है गरीब और वंचितों को निःशुल्क विधिक सेवा देना। बैंक के ऋण चुकाने संबंधी अच्छी योजनाओं के तहत ऋणधारकों को अधिक से अधिक छूट देने का प्रबंध करें। अपने स्तर से प्रचार प्रसार के जरिए लोगों तक छूट के बारे में संदेश पहुंचायें। बकायादारों से मिलकर बातचीत कर प्रि काउंसलिंग करें। मामलों को निपटाने का लक्ष्य पिछले लोक अदालत से अधिक रखें। बैठक में न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी रोहित कुमार गुप्ता, एसबीआई के अधिकारी विकास आनंद गुप्ता, कृषि विकास शाखा के धर्मेंद्र कुमार, बैंक आफ इंडिया के मनीष कुमार, सेंट्रल बैंक के सूरज कुमार सिंह और पंजाब नेशनल बैंक के रौशन कुमार आदि उपस्थित थे।

# सभी को साथ लेकर चलना सीखाती है संस्कृत : मंत्री

## शहर में निकली संस्कृत शोभा यात्रा, जुटे कई नामचीन विधायक

प्रात : किरण संवाददाता




दरभंगा।कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय एवं संस्कृत भारती के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित आवासीय क्षेत्रीय संस्कृत प्रशिक्षण वर्ग के ग्यारहवें दिन संस्कृत शोभायात्रा निकाली गई। संध्या छः बजे प्रशिक्षण स्थल पर बिहार सरकार के मन्त्री हरि सहनी, दरभंगा विधायक संजय सरावगी, केवटी विधायक डा. मुरारी मोहन झा, बेनीपुर विधायक विनय कुमार चौधरी,प्रो. इन्दिरा झा एवं डा. हरिनारायण ठाकुर , डॉ वैद्यनाथ चौधरी बैजू ने न सिर्फ संयुक्त रूप से केसरिया झण्डी दिखाकर संस्कृत शोभायात्रा को प्रस्थान कराया। इसके पूर्व कार्यक्रम स्थल पर कुलपति प्रो0 लक्ष्मी निवास पांडेय ने कहा कि राष्ट्रीय एकीकरण व एकता में संस्कृत सबसे अग्रणी है। अगर हमसभी संस्कृत अपनाते हैं तो भारतीयता के साथ साथ संस्कृति भी अपनाते हैं, भारतीय अस्मिता अपनाते हैं। हमारी संस्कृत सनातन है। समाज को इसे अवश्य अपनाना चाहिए। संस्कृत किसी खास वर्ग की नहीं अपितु समाज के सभी वर्गों की भाषा है। इसी तरह शोभायात्रा को संबोधित करते हुये दिल्ली से आये संस्कृत भारती के अखिल भारतीय संगठन मन्त्री दिनेश कामत ने कहा कि ह्वसंस्कृतं सवेर्षाम्, संस्कृतं सर्वत्रह्व भावना को साकार करने की दृष्टि से ही दरभंगा शहर में शोभायात्रा निकाली गई। उन्होंने प्राथमिक कक्षा से ही संस्कृत पढ़ाने पर बल दिया। वहीं मंत्री हरि सहनी ने कहा कि संस्कृत सभी को साथ लेकर चलना सिखाती है। इसके बढ़ावा देने से समाज एकीकृत रूप से विकसित होता है। वहीं दूसरी ओर नगर विधायक श्री सरावगी ने कहा कि संस्कृत है तो संस्कृति है। इसके साहित्य हमें एकजुटता व नैतिकता का पाठ पढ़ता है। केवटी विधायक डॉ झा ने कहा कि संस्कृत सिर्फ भाषा ही नहीं है बल्कि यह जीवनपर्यंत हमें गुणवान व चरित्रवान रहने के लिए संकल्पित करती है। इसके विकास से समाज व देश विकसित होगा। वहीं बेनीपुर विधायक प्रो0 चौधरी ने कहा कि आज हम जो कुछ हैं वह संस्कृत की ही देन है। उन्होंने समाज के हर वर्गों से अपील की कि वे अपने बच्चों को संस्कृत शिक्षा अवश्य दें। कहा कि संस्कृत हमें न सिर्फ शालीन व सौम्य बनाती है बल्कि देश दुनिया मे अलग तरह की इज्जत व प्रतिष्ठा भी दिलाती है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार भी संस्कृत शिक्षा की बेहतरी के लिए कृतसंकल्पित है। शोभायात्रा को सफल बनाने में सहमन्त्री डा. अभिषेक द्विवेदी, संगठनमन्त्री श्रवण कुमार, विभागसंयोजक डा.त्रिलोकझा, जिलासंयोजक डा.अभयकुमार, प्रशिक्षकप्रमुख डा.चन्द्र माधव सिंह, प्रशिक्षक देव निरंजन दीक्षित, डा. छबिलाल न्यौपाने, डा.यदुवीर स्वरूप शास्त्री, डा. शशिकान्त तिवारी, डा. सुधीर कुमार, गोपाल कृष्ण मिश्र, अमित कुमार झा, राजकिशोर, डा. स्नेह लता, अर्चना कुमारी, मनीष कुमार मिश्र के अलावा प्रशिक्षण वर्ग के संरक्षक डा. शिवलोचन झा एवं डा. दिनेश झा, डा. घनश्याम मिश्र, डा. महानन्द ठाकुर, कोषप्रमुख डा.सुधीर कुमार झा, उमेश कुमार झा समेत कई पदाधिकारियों ने सहयोग प्रदान किया।

# ईद-उल-जोहा (बकरीद) को लेकर 184 स्थलों पर हुई दण्डाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति

प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर। बकरीद में विधि व्यवस्था संधारण को लेकर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त आदेश जारी करते हुए 184 स्थानों पर दंडाधिकारी , पुलिस पदाधिकारी और भारी संख्या में फोर्स की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके अलावा एसडीएम के स्तर से भी जरूरत के अनुसार मजिस्ट्रेट और फोर्स का डिप्लॉयमेंट किया जाएगा। आदेश में बकरीद के अवसर पर विशेष निगरानी एवं सतर्कता बरतने को कहा गया है। उक्त पर्व के अवसर पर साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने वाले तथा अफवाह फैलाने वाले तत्वों, संस्थाओं, असामाजिक तत्वों एवं गुण्डा तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखने हेतु निदेशित किया गया। डीजे बजाने पर पूर्णतः रोक लगाया गया है। संबंधित थानाध्यक्ष को यह जिम्मेदारी दिया गया है कि वे डीजे जब्त करते हुए संचालक के विरुद्ध विधि सम्मत कानूनी कार्रवाई करेंगें। सभी स्थानीय थानाध्यक्ष एवं प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं दण्डाधिकारी को निर्देश दिया कि शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु किसी भी योजनाओं के पूर्व आसूचना एकत्र करते हुए, उस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए इसकी सूचना वरीय पदाधिकारी को देना सुनिश्चित करेंगे। आदेश में कहा है कि ईद-उल-जोहा (बकरीद) पर्व के अवसर पर सभी प्रकार के अवकाश अगले आदेश तक के लिए स्थगित किया जाता है। ईद-उल-जोहा (बकरीद) पर्व के अवसर पर वैशाली समाहरणालय परिसर में 16 जून से 19 जून 2024 तक जिला नियंत्रण कक्ष कार्यरत रहेगा, जिसका दूरभाष संख्या - 06224-260220 है। जिला नियंत्रण कक्ष के वरीय प्रभार में अपर समाहर्त्ता, आपदा है। सभी प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी, दण्डाधिकारी, थानाध्यक्ष को हिदायत दिया गया है कि उक्त त्योहार के अवसर पर अपनी-अपनी ड्यूटी पूरी मुश्तैदी, चुस्ती एवं सतर्कता के साथ करेंगे तथा साम्प्रदायिक दृष्टिकोण को देखते हुए अपनी ड्यूटी जिम्मेदारी के साथ निभायेंगे, लापरवाही बरतने वाले पुलिस कर्मियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। जॉइंट ब्रीफिंग में पुलिस अधीक्षक श्री हर किशोर राय ने प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारी से कहा कि वे ड्यूटी पूरी मुस्तैदी से निभाएं और चिन्हित स्थल पर समय पर पहुंचे।किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी गोपनीय सूचना को उनके वॉट्सएप पर भेजें, तुरत कार्रवाई की जाएगी।

# पंचायत सचिव को सम्मानित कर, विदाई समारोह किया गया आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी खजौली प्रखंड़ क्षेत्र के चतरा गोबरौरा उत्तरी पंचायत के पंचायत भवन पर रविवार को पंचायत के मुखिया सोनी देवी के अध्यक्षता में ग्राम पंचायत सचिव रामचंद्र यादव की पदौन्नति स्थानातर को लेकर विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया.इस विदाई समारोह कार्यक्रम का मंच संचालन अंतर राष्ट्रीय कृष्ण भावना मृत्यु संध वृंदावन से आये भक्त आदि पुरुष अरुण कुमार साढ़ान दास जी महाराज द्वारा किया गया.इस विदाई समारोह के दौरान पदौन्नति पंचायत सेवक रामचंद्र यादव को पंचायत के मुखिया सोनी देवी, मुखिया प्रतिनिधि विपिन कुमार यादव , समाजसेवी शत्रुघ्न यादव, वार्ड सदस्य चुन्नू झा,दिलीप यादव,रेखा देवी, महेश पंडित,बच्चे लाल मंडल,मो.अख्तर, रंजन कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से पाग,दोपता, अंग वस्त्र,पुष्पमाला देकर सम्मानित किया गया.इस विदाई समारोह के दौरान मुखिया सोनी देवी ने कहा कि पंचायत सचिव रामचंद्र यादव को बिहार सरकार ने मधुबनी जिला स्तर पर एक मात्र पंचायत सचिव रामचंद्र यादव को पदौन्नति देकर दरभंगा जिला के बहेड़ी प्रखंड़ पंचायती राज पदाधिकारी पर नियुक्ति की है.उन्होंने कहा कि पंचायत सचिव की पदौन्नति पर पंचायत की जनता में खुशी है लेकिन एक अच्छे पंचायत सचिव को जाने से लोगो के मन मे गम की स्थिति बनी हुई है.पंचायत सचिव श्री यादव जी द्वारा अपने कार्यकाल में चतरा गोबरौरा उत्तरी पंचायत में चहुमुखी विकास कर पंचायत की जनता को दिल जीत लिया था.वही तुलसियाही गांव निवासी एव वृंदावन से आये आदि पुरुष अरुण कुमार साढ़ान ने कहा कि पंचायत सचिव रामचंद्र यादव अपने कार्यकाल में पंचायत के सभी वार्डो में धूमकर ग्रामीण जनताओं से संम्पर्क स्थापित कर मुखिया, वार्ड सदस्य को कोडिनेशन मिलाकर पंचायत में विकास की झड़ी लगा दी.उनके पदौन्नति होने से पंचायत के आम जनताओं में खुशी है तो गम की भी माहौल बनी है.वही वर्तमान पंचायत सचिव शशि शंकर कुमार ने कहा कि मैं भी पूर्व पंचायत सचिव रामचंद्र बाबू के डायरेक्शन में पंचायत में विकास कार्य करूंगा।

# रक्तदान से बड़ा कोई धर्म नहीं : बीडीओ



प्रात : किरण संवाददाता

बेनीपुर(दरभंगा)। रक्तदान से बड़ा कोई धर्म एवं कर्म नहीं है।दुर्घटना एवं रोग से पीड़ित लोगों को जीवनदान देने में रक्त से बड़ा कोई संजीवनी नहीं है। रक्तदान लोगों को जरूर करनी चाहिए। अनुमंडलीय अस्पताल बेनीपुर में 13 जून को विश्व स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर स्थानीय बीडीओ प्रवीण कुमार ने रक्तदान करने के बाद ये बातें कहीं। उन्होंने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों से अपील किया कि अनुमंडल अस्पताल बेनीपुर में संचालित ब्लड बैंक में दुर्घटना एवं बीमार लोगों की जिंदगी बचाने के लिए रक्तदान करें। अस्पताल में रक्त उपलब्ध रहने से कई पीड़ित व्यक्तियों की जीवन बचाई जा सकती है। रक्तदान शिविर में बीडीओ के साथ प्रखंड के आधा दर्जन कर्मियों ने भी रक्तदान किया। मौके पर अस्पताल की प्रभारी उपाधीक्षक डॉ कुमारी भारती, पूर्व उपाधीक्षक डॉ जितेंद्र नारायण, ब्लड बैंक के प्रभारी डॉक्टर संजन संजू, फिजियोथैरेपिस्ट प्रभात कुमार, अस्पताल प्रबंधक राहुल कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

# मिशन जिंदगी के तहत आयोजित रक्तदान शिविर में दो दर्जन से ज्यादा लोगों ने किया रक्तदान

प्रात : किरण संवाददाता

महुआ महुआ अनुमंडल अस्पताल तत्त्वाधान में मिशन जिंदगी अभियान के तहत आयोजित रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे महुआ प्रखंड क्षेत्र के करीब दो दर्जन के आसपास रक्तदाताओ ने अपना रक्त दान किया। मिली जानकारी के अनुसार महुआ अनुमंडल अस्पताल के तत्वाधान में शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें विशुनपुर हीराराम उर्फ पहाड़पुर पंचायत के मुखिया सह महुआ मुखिया संघ के जिला सचिव अध्यक्ष संजीत कुमार सहित कुल 27 लोगों ने रक्तदान किया। ज्ञात हो कि स्वास्थ्य विभाग के निर्देश पर महुआ अनुमंडल अस्पताल में शनिवार को आयोजित रक्तदान शिविर के लिए स्थानीय स्तर पर पूर्व से तैयारी की गई थी तथा मिशन जिंदगी अभियान के तहत लोगों ने कैंप में पहुंच कर रक्तदान किया।इससे पूर्व रक्तदान शिविर का उद्घाटन महुआ नगर परिषद के सभापति नवीन चंद्र भारती, उपसभापति रोमी यादव एवं अनुमंडल अस्पताल के उपाधीक्षक डॉक्टर मनोरंजन सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए सभापति श्री भारती एवं उपसभापति रोमी यादव ने कहा कि रक्तदान महादान है इससे किसी जरूरतमंद को जिंदगी मिलती है तथा उसका पुण्य रक्तदान करने वाले को मिलता है। इस मौके पर महुआ नगर परिषद के पूर्व वार्ड पार्षद अभिषेक कुमार, महुआ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के स्वास्थ्य प्रबंधक प्रकाश कुमार ,बीसीएम आफताब आलम स्वास्थ्य कर्मी संतोष कुमार सहित आशा फैसिलेटर एवं आशा कर्मी के साथ साथ अनुमंडल अस्पताल के अनेकों कर्मचारी एवम चिकित्सक उपस्थित थे।कैंप के अंत में रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को अनुमंडल अस्पताल के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### दो भाईयों पर कुदाल से प्रहार कर किया घायल

जमुई [ झाझा ] अपने घर पर मिटटी भरने के दौरान दो भाईयों पर गांव के ही दो महिला ने कुदाल से प्रहार कर दोनो भाईयों को घायल कर दिया। मामला थानाक्षेत्र के करमा गांव का है। घायल की पहचान शंभू यादव और इंद्रदेव यादव के रूप में हुई है। अस्पताल में दोनो घायल भाईयों को लोगों की मदद से इलाज के लिए भर्ती करवाया जहां चिकित्सक के द्वारा दोनो घायल भाईयों का इलाज किया गया गया। घायल शंभू यादव ने बताया कि मै अपने घर पर मिटटी भरने के लिए सड़क पर गिरे मिटटी को उठा रहा था कि तभी चंदू यादव के घर के दो महिला ने कुदाल लेकर आया और मुझे तथा मेरे भाई पर अचानक हमला कर घायल कर दिया।

### चाचा चाची ने हसुआ से भतीजा पर प्रहार कर किया घायल

जमुई [ झाझा ] मुख्य बाजार स्थित एक बर्तन दुकानदार को उसके चाचा और चाची ने हसुआ से शरीर पर प्रहार करते हुए घायल कर दिया। घायल दुकानदार की पहचान सतीश कुमार केशरी के रूप में हुई है। जिसका इलाज अस्पताल में किया गया। घायल दुकानदार ने बताया कि मै अपने दुकान पर झाडू लगा रहा था कि तभी चाचा पिंटू केशरी दुकान पर आकर गाली गलौज करने लगा जिसपर मैनें भी उसे गाली गलौज किया और फिर चाचा वहां से घर गया और चाचा चाची हसुआ लेकर दुकान पर आकर मेरे उपर अचानक प्रहार करते हुए मुझे घायल कर दिया। घायल दुकानदार ने बताया कि मेरा कारोबार अच्छा से चलने के कारण चाचा हमेशा मेरे कारोबार को देखकर जलन की भावना रखता है और उसी बात को लेकर मारपीट किया।

### शिक्षकों की दो चरणों में उपस्थिति दर्ज होगी

जमुई/गिद्धौरः- विद्यालयों में 25 जून से कार्यरत प्रधानाध्यापक शिक्षक और अध्यनरत छात्रों की ऑनलाइन हाजिरी बनेगी। बता दें कि ई-शिक्षा कोष ऐप के माध्यम से ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराई जाएगी।शिक्षा विभाग द्धारा अब तक किए जा रहे विभिन्न गतिविधियों की निगरानी की ई शिक्षा कोष के माध्यम से किया जा रहा है।जिसे बेहतर बनाते हुए मोबाइल एप तैयार किया गया है।जिसके माध्यम से पारदर्शी तरीके से शिक्षकों एवं छात्रों की उपस्थिति सुनिश्चत की जाएगी।जारी निर्देश के अनुसार की ई-शिक्षा कोष पर दो चरणों में उपस्थिति दर्ज की जाएगी।

# आदेश-पहले 30 जून से लगती थी रोक,इसबार 15 से ही लगी पाबंदी, नदियों से बालू खनन बंद

## चोरी की 11 बाइक और बाइक के दर्जनों टंकी के साथ गैरेज मालिक सहित चार गिरफ्तार

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई/गिद्धौर। बिहार सरकार के खान व भूतत्व निदेशक की तरफ से जारी किए गए विभागीय फरमान के अनुसार जमुई के उलाय,बनरार,कटहरा नदी सहित सभी नदियों के घाटों से बालू खनन का काम 15 जून आधी रात के बाद बंद हो गया है। जो 15 अक्टूबर तक जारी रहेगा। विभाग ने पुराने नियमों में बदलाव करते हुए 30 जून की जगह 15 जून को ही नदियों के बालू घाटों के खनन का काम बंद करने का निर्देश जारी किया है।उसी तरह पूर्व से चली आ रही प्रक्रिया के अनुसार 30 सितंबर को बालू घाटों से खनन का प्रतिबंध समाप्त हो जाता था। उसे बढ़ाकर 15 अक्टूबर तक कर दिया गया है। खान निदेशक मोहम्मद नैयर इकबाल ने राज्य के सभी पुलिस अधीक्षकों को इस आशय की कॉपी भिजवा दी है। इसमें मानसून अवधि का जिक्र करते हुए बालू घाटों पर 15 जून की आधी रात बाद से खनन का काम बंद करने का निर्देश दिया गया है। 14 जून को जारी इस निर्देश के ज्ञापांक 2374 के अनुसार विभाग का फरमान सभी जिलों तक पहुंचाया गया है।जिसे अविलंब लागू करते हुए संबंधित थाना के थानाध्यक्षों को निर्देशित करने को कहा गया है।

राजस्व का होगा नुकसान

बालू घाटों की पहले से चली आ रही निलामी परिपाटी के अनुसार बालू खनन का काम 30 जून से 30 सितंबर तक बंद रहता था। इस दौरान बालू खनन नहीं किया जाता था। 3 महीने की इस अवधि के अलावे 9 महीने जमुई जिले के उलाय नदी सहित अन्य नदियों के बालू घाटों से खनन का काम होता था। जिससे एक महीने का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त हो जाते थे। नए फरमान के अनुसार 15 जून से 15 अक्टूबर की अवधि ने 1 महीने ज्यादा का प्रतिबंध बढ़ाया है। जो अब 4 महीने का होगा। इससे राजस्व में भारी कमी आएगी देखना यह है कि विभाग इस नुकसान की भरपाई किस तरह से करता है। भंडारण पर भी पड़ा प्रभाव आमतौर पर 30 जून को बालू खनन पर रोक लगाने की जानकारी पहले से घाट संचालकों की होती थी तो वह 15 जून के बाद बालू के भंडारण पर फोकस करते थे। जैसे ही या फरमान आया तो घाट संचालकों को भंडारण का मौका 24 घंटे का भी नहीं मिल पाया। जिससे उन्हें लाखों रुपए का नुकसान झेलना पड़ेगा।साथ ही घाट संचालकों को भारी घाटा होने का अनुमान भी है।उलाय,कटहरा,बरनार नदी में अभी मानसून जैसे हालात नहीं है। पूरी नदी सूखी पड़ी है। जिसमें अभी 15 दिन बालू का खनन हो सकता था। सरकार के इस निर्देश से घाट संचालकों को भारी नुकसान पहुंचाया है। योजनाओं पर पड़ेगा असर लोकसभा चुनाव के दौरान मार्च,अप्रैल व मई में सरकारी और गैर सरकारी योजनाएं बुरी तरह प्रभावित थी। कहीं आदर्श आचार संहिता के पालन तो कहीं मालवाहक गाड़ियों के कम चलने से बालू की आपूर्ति नहीं हो पा रही थी। उम्मीद थी कि पूरा जून महीना इस योजनाओं के कार्यरूप को आगे बढ़ाने के लिए काफी होगा। तभी 15 जून को लगे रोक ने इन योजनाओं की ऐसी की तैसी कर दी। अब बालू के अभाव में इन योजनाओं को पूरा होने के लिए 15 अक्टूबर के बाद तक इंतजार करना पड़ेगा।

# दो घरों से लाखों की चोरी, पुलिस कर रही है मामले की छानबीन

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/चकाई चंद्रमंडीह थाना क्षेत्र के घोरमो गांव स्थित दो अलग-अलग घरों से दरबाजा की कुंडी खोलकर अज्ञात चोरों ने शनिवार देर रात लाखों रुपये की सम्पति चोरी कर चोर आराम से चलते बने। जानकारी देते हुए गृहस्वामी नंदलाल वर्मा एवं उमेश वर्मा ने बताया कि चोर घर की कुंडी खोलकर नंदलाल वर्मा के यहां से नगद 53 हजार, कांसा-पीतल का बर्तन, कपड़ा, सोने चांदी की जेबरात एवं दो बड़ा खस्सी सहित दो लाख से अधिक की संपति चोर चोरी कर आराम से चलते बने। वहीं उमेश वर्मा के घर से 30 हजार नगद, कपड़ा, बर्तन, बक्सा में रखा सोने चांदी की जेवरात सहित एक लाख से अधिक की संपत्ति चोर चोरी कर आराम से चलते बने। सुबह गृहस्वामी की जब नींद खुली तो देखा कि घर का दरबाजा खुला हुआ है और सामान बिखरा पड़ा हुआ है घर से खस्सी गायब है। जब घर के अंदर गया तो वहां बक्सा का ताला भी टूटा हुआ है। गृहस्वामी द्वारा हो हल्ला करने पर आस-पास के ग्रामीण पहुंचे और समान की खोजबीन इधर-उधर झाड़ी में करने लगे मगर किसी भी सामान का अता-पता नहीं चला तब जाकर इसकी सूचना चंद्रमंडीह पुलिस को दी गयी। सूचना पाते ही थानाध्यक्ष सुबोध यादव अपने दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर चोरी की घटना की जानकारी ली। गृहस्वामी के द्वारा चोरी गयी सामान की बरामदगी को लेकर चंद्रमंडीह पुलिस को अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया गया है। इधर चंद्रमंडीह पुलिस मामले की तहकीकात को लेकर अज्ञात चोरों के संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

# गंगा दशहरा पर गायत्री ज्ञान मंदिर में हुआ पांच कुंडीय हवन

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] गंगा दशहरा के पावन मौके पर रविवार को रेलवे कॉलौनी स्थित गायत्री ज्ञान मंदिर में 5 कुंडीय गायत्री हवन पूजन सह भंडारा, प्रवचन एवं धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए। पांच कुंडीय गायत्री हवन पूजन में दंपति परिवार सहित अन्य श्रद्धालुओं ने सर्वप्रथम माता गायत्री की पूजा अर्चना करते हुए हवन पूजन , गंगा लहरी का पाठ कर सुखमय जीवन के साथ पूरे परिवार के लिए सुख समृद्धि की कामना किया। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच गायत्री ज्ञान मंदिर के पुजारी ज्ञान प्रकाश ने बताया कि इस दिन ही संसार के कल्याण के लिए धरती पर मां गंगा का अवतरण हुआ था। माता गंगा के स्मरण करते रहने से मानव जाति अपने आप को शुद्ध कर सकते है। इसलिए मानव जाति को अपने मन से नकरात्मक चीजों को हमेशा दूर कर सकरात्मक बातों को ही सोचना और करना चाहिए इससे मानवजाति के साथ समस्त जगत का कल्याण होगा। गंगा दशहरा पर श्रद्धालुओं ने हवन पूजन में हर हर गंगे और माता गायत्री के जयकारे भी लगाए। हवन पूजन के बाद लोगों के बीच महाभंडारा भी किया गया जिसमें लोगों प्रसाद ग्रहण किया।

# रास्ते के विवाद को लेकर हुई मारपीट में एक घर के चार सदस्य हुआ घायल



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] थानाक्षेत्र के बलियाडीह उपरेली टोला गांव में रास्ते के विवाद को लेकर हुए विवाद में दो गोतिया के बीच जमकर मारपीट हो गई जिसमें एक पक्ष से कुल चार सदस्य घायल हुआ। मारपीट में घायल हुए सभी लोगों को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल झाझा परिजनों की मदद से लाया गया जहां सभी घायलों का इलाज किया गया। घायल में समीना खातुन, उसका पति तस्लीम अंसारी, पुत्री असमिया खातुन, भतीजा मो. तोसिम अंसारी के रूप में हुई है। इलाज के दौरान घायल समीना खातुन ने बताया कि उसके दबंग पड़ोसी मोहम्मद तौसीफ उसे घर जाने के लिए रास्ता से होकर गुजरने से रोकता है। जबकि रास्ता सार्वजनिक है। इसी बात को लेकर कई माह से उनलोगों के घर वालों से विवाद भी होते आ रहा है। रविवार को जब उस सार्वजनिक रास्ते से गुजर रहे थे तो तभी मो. तौसीफ सहित अन्य लोगों के द्वारा रास्ते से गुजरने से रोक दिया और जब इसका विरोध किया तो वे लोग लाठीडंडा से मारपीट करने लगा और मुझे बचाने के लिए मेरे पति, बेटी, भतीजा आया तो उनलोगों के साथ भी मारपीट किया गया। घायल महिला ने बताया कि मारपीट की शिकायत थाना में किया गया तो वहां से सर्वप्रथम सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष संजय सिंह ने कहा कि आवेदन देने पर प्राथमिकी दर्ज कि जाएगी और नामजद के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# बारिश नहीं होने और गर्मी के कारण विकट हुई स्थिति

## सुखी उलाय नदी,जलसंकट गहराया,खेती करने में किसानों को हो रही परेशानी

प्रात : किरण संवाददाता



झाझा और गिद्धौर प्रखंड क्षेत्र से गुजरने वाली नदियों की धार कभी रुकती ना सूखती थी परंतु कुछ वर्ष के उपरांत इस वर्ष जून माह में देखने को मिल रहा है।उलाय नदी में हमेशा पानी चलता और जमा रहता था,जिसके कारण पशु-पक्षी व पशुपालक को गर्मी में राहत मिलती थी,पर इस जून माह में प्रचंड रूप से आकाश से बरस रहे अंगारे से तपती धरती ने किसानों सहित आमलोगों को बेहाल कर दिया है। तब रही धरती व गर्म हवा से सूखे पड़े ताल के कारण बाग-बगीचों में विचरण करने वाले पशु-पक्षी भी पानी के बगैर बदहाल है। तपती दोपहरी व उमस भरी गर्मी से आमजनों का हाल बेहाल है। वही लोग जल्द मानसून आने के इंतजार में है,ताकि गर्मी में राहत मिल सके। जबकि भूगर्भ जल स्तर के खिसकने से पेयजल संकट भी गहराने की बात सोंच लोग भयभीत है। चापाकलों से भी नहीं निकल रहा पानी ग्रामीण मिथिलेश यादव,पवन कुमार, राहुल कुमार,भीमराज,ललन रावत,अरूण कुमार,पिन्टू यादव,अरविन्द सिंह के अनुसार गिद्धौर प्रखंड टावर चौक,रतनपुर,पतसंडा,छतरपुर,रेलवे स्टेशन,महुली,सेवा,मौरा,कोल्हुआ सहित कई गांव में चापाकल पानी देना कम कर दिया है। काफी परिश्रम के बाद बड़ी मुश्किल से एक बाल्टी पानी निकल पाता है। वहीं कई जगहों पर चापाकल बंद होने की स्थिति में पहुंच गया है। जिससे लोगों में पेयजल संकट गहराने की आशंका व्याप्त है। बुजुर्गों ने बताया कि किसानों के सहयोग से आहार बनाया गया था। जहां जल संचयन की व्यवस्था थी। गर्मी के दिनों में भी आहार में पानी भरा रहता था। जिससे कृषकों के खेतों की सिंचाई में काम तो आता ही था। बागों में रहने वाले पशु पक्षी भी आबाद रहते थे। सबसे बड़ी बात यह थी कि जल संचयन से भूगर्भ जलस्तर बरकरार रहता था। परंतु लोगों की उदासीन रवैये व अतिक्रमण का शिकार हो आहार तो समाप्त हुआ ही जल भंडारण को भी बड़ा नुकसान पहुंचा है। दूसरी तरफ लोगों ने बताया कि भूमि से हो रहे लगातार जल दोहन से जलस्तर काफी प्रभावित हुआ है।

# सुबह 7 बजे से जामा मस्जिद में अदा होगी नमाज

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई/गिद्धौर थाना परिसर में शुक्रवार की शाम अंचलाधिकारी आरती भूषण,बीडिओं अजय कुमार एवं थानाध्यक्ष रीता कुमारी की उपस्थिति में 17 जून सोमवार को बकरीद पर्व शांतिपूर्वक मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई थी।इसमें जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवियों की उपस्थिति भी रही।बकरीद पर्व को सामंजस्य एवं सौहार्द पूर्ण वातावरण में संपन्न कराने पर सभी लोगों ने प्रशासन को सहयोग करने का आश्वासन दिया।लोगों ने बताया कि सुबह 7 बजे से 7.30 बजे तक जामा मस्जिद में नवाज अदा की जाएगी।

# पर्यावरण को बढ़ावा देने हेतु शादी के बाद वर-वधु को भेंट किया फलदार पौधा, बना चर्चा का विषय

## सामाजिक शैक्षणिक कल्याण संघ के इस कार्य का चहूंओर हो रहा है प्रशंसा

प्रात : किरण संवाददाता

चौसा (मधेपुरा) अक्सर शादी में दूल्हा-दुल्हन को उपहार में चैन, या अन्य महंगी वस्तुएं दी जाती हैं लेकिन जिले के सामाजिक शैक्षणिक कल्याण संघ चौसा के युवाओं ने पर्यावरण को बढ़ावा देने हेतु लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से एक विवाह समारोह में वर-वधु को पौधे भेंट किए हैं। वर-वधु ने भी सप्रेम इन पौधों को स्वीकार कर इन्हें रौपा और इन्हें पालने का संकल्प लिया है। पौधे के तौर पर वह अपने विवाह की तिथि और उस पल को अमिट करेंगे। मालूम हो कि बीते दिन जदयू नेता नित्तम कुमार गांधी की शादी हुई थी। शादी के बाद उनके घर चौसा प्रखंड के चौसा पूर्वी पंचायत अंतर्गत अभिया टोला में आयोजित वर वधु स्वागत के लिए एक समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें संघ के युवाओं ने उपस्थिति दर्ज कर वर वधु को दो फलदार पेड़ भेंट की।यह पहल चारों तरफ चर्चा का विषय बन गया है। संघ के सचिव संजय कुमार सुमन ने बताया कि अक्सर पैसे वाले लोग महंगी वस्तुएं उपहार में प्रदान कर देते हैं, लेकिन गरीब लोगों के सामने उपहार देने की समस्या होती है। इसलिए उनके द्वारा यह नई प्रथा प्रारंभ की जा रही है, जिसमें वह प्रत्येक विवाह में वर-वधु को फूल व फलदार पौधे उपहार में देंगे। उन्होंने कहा कि इस पौधे को वर-वधु दोनों के द्वारा लगवाया जाएगा और उन्हें संकल्प दिलाया जाएगा कि वह इस पौधे का संरक्षण भी करें और इसको पाले भी। पौधा लगाकर वर-वधु अपने विवाह दिवस को भी हमेशा के लिए अमिट कर सकते हैं।शादी- विवाह, मुंडन, जन्मदिन, श्राद्ध जैसे कार्यक्रमों में वह पाम, तुलसी, वट, पीपल, फलदार व मनी प्लांट के पौधे देकर उसे लगाने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने कहा कि हर साल लाखों शादियां होती हैं, यदि सारे जोड़े विवाह के बाद पौधरोपण करें, तो सभी इलाके हरे भरे होंगे और इसके लिए अलग से किसी योजना की जरूरत नहीं पड़ेगी। संघ के संरक्षक सत्यप्रकाश गुप्ता विदुरजी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में जीवन के तमाम अवसरों को उत्सव स्वरूप मनाने की परंपरा है, जिससे बचपन से ही बालमन में प्रकृति, पर्यावरण, परंपरा, संस्कार, संस्कृति के विचारों का पोषण और समाजपयोगी व्यक्तित्व का निर्माण होता है। शिक्षक महेश कुमार मुरारी, डॉ. मनोज कुमार मंडल ने कहा कि पर्यावरण संकट लगातार गहराता जा रहा है, जिसके लिए सरकार नित नई योजनाएं और अभियान चलाती है, जिससे लोग जागरूक हो सकें। इसके बावजूद लोग पेड़ों को काटने से नहीं हिचकते। वर वधू ने इस उपहार की प्रशंसा कर उनकी पूरी जिम्मेदारी से रखवाली करने का प्रण लिया है। जिस तरह शादी के पवित्र बंधन को निभाना है उसी प्रकार पृथ्वी को बचाने के लिए पेड़ पौधों की पूरी जिम्मेदारी के साथ रखवाली कर इस बंधन को भी निभाई जानी चाहिए। मौके पर जदयू नेता नवदम्पत्ति नित्तम कुमार गांधी, सिम्पल कुमारी, परमानंद मंडल, डॉ. मनोज कुमार मंडल, डॉ. संजय कुमार मंडल, युवा समाजसेवी अमित कुमार अमर्त्य, अंजनी देवी, अनुपम कुमार, सिंटू कुमार, नयन कुमार समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# चलती गाड़ी में एक बुर्जुग रेलयात्री की तबीयत बिगड़ी, सदर अस्पताल हुआ रेफर



प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] चलती गाड़ी में अचानक एक बुर्जुग व्यक्ति की तबीयत बिगड़ गई जिससे आरपीएफ की मदद से इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टर ने बुर्जुग व्यक्ति का इलाज किया लेकिन स्थिति गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल जमुई रेफर कर दिया। तबीयत बिगड़े बुर्जुग की पहचान सीवान जिला के खैरमा क्षेत्र का रहने वाला 75वर्षीय एसबीपी यादव के रूप में हुई है। जानकारी अनुसार बुर्जुग व्यक्ति सियालदह बलिया एक्सप्रेस में एसी बी1 के 36 नंबर सीट पर नेहटी से सीवान जाने के लिए अकेले यात्रा कर रहा था और वह अपने कोच से निकलकर शौचालय गया कि तभी उसकी तबीयत बिगड़ी और वह अचानक शौचालय के पास गिर गया जिसके बाद झाझा स्टेशन पर कार्यरत टीटी अमन कुमार को कंट्रोल से सूचना मिली तो आरपीएफ के मदद से बुर्जुग व्यक्ति को झाझा रेलवे स्टेशन पर उतारने के बाद रेफरल अस्पताल आनन फानन में लाया गया। डॉक्टर सदाब अहमद ने बताया कि जांच के दौरान बुर्जुग व्यक्ति का बायां भाग कुछ भी काम नही कर रहा था जिससे ऐसा प्रतित हुआ कि पैरलाइसिस का अटैक हुआ है। वही बुर्जुग व्यक्ति के परिजनों को भी आरपीएफ के द्वारा पूरी सूचना दी गई।

# बंजर भूमि करें पुकार, पेड़ पौधे लगाकर करो श्रृंगार

प्रात : किरण संवाददाता



विश्व मरूस्थलीकरण और सूखा रोकथाम दिवस के पूर्व लोगों को मरूस्थल बन रही भूमि को पुनर्जीवित करने के लिए किया जागरूक

जमुई/सिकंदरा। साईकिल यात्रा एक विचार, जमुई के बैनर तले अपने नियमित रविवारीय यात्रा के 441वें क्रम में श्री कृष्ण सिंह स्टेडियम से यात्रा निकल के सिकंदरा प्रखंड के बसैया ग्राम पहुंची जहां लोगो को अपने खेती वाली भूमि पर उपजाऊ बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों के निजी जमीन पर पौधा रोपण करते हुए शैलेश भारद्वाज ने बताया की धरती पर जब पानी घटती है तो भूमि उपजाऊ विहीन हो कर मरुस्थल बनने लगता है इससे बचने के लिए वृक्षारोपण को बढ़ावा देना चाहिए। साथ ही धरती पर वन संपदा के संरक्षण के लिए वृक्षों को काटने से रोका जाना चाहिए।

मौके पर उपस्थित ठाकुर डुगडुग सिंह ने बताया की खेतों की मेड़ों पर पौधे लगाने से जमीन हमेशा के लिए उपजाऊ रहता है लगे पेड़ के पत्ते सुख के खेत में गिरते है तो वो जमीन को नमी प्रदान तो करते ही है इसके साथ ही सड़ के खाद के रूप में काम भी करते गया इससे भूमि को अधिक समय तक उपजाऊ बनाए रखते है। ऐसा करने से एक और फायदा होता की खेतो में अनाज उपजाने में रासायनिक और कीटनाशक दवाई का उपयोग में भी कमी हो जाती है उपजे हुए अनाज भी स्वस्थवर्धक होगे।

सदस्य अमरेश मिश्रा ने बताया की भूमि को सूखे से रोकने के लिए आने वाले मानसून में रिक्त भूमि पर, पार्कों में, सड़कों के किनारे वृक्षारोपण करना एवं उसकी संरक्षण नियमित करते रहना चाहिए। यही एकमात्र उपाय से भविष्य को पर्यावरण से सुरक्षित रखा जा सकता है।

मंच द्वारा अनंत सिंह द्वारा सैकड़ों पौधे का संरक्षण करने के प्रयास को लेकर पर्यावरण मित्र के रूप सम्मानित अपने आगामी कार्यक्रमों में करने का भी निर्णय लिया गया।

इस अवसर पर विवेक कुमार, शैलेश भारद्वाज, ठाकुर डुगडुग सिंह, अमरेश मिश्रा, सिंटू राज पंडित, अनंत सिंह राठौड़,बिनोद कुमार सिंह, देवा सिंह, निशांत सिंह राठौड़ सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# पिता हैं असली रखवाले, जो कदम कदम पर संभाले

फादर्स डे पिता को एहसास कराने और सम्मान देने का दिवसः प्रो.गौरी शंकर

प्रात : किरण संवाददाता



जमुईः-फादर्स डे के अवसर पर मुंगेर विश्वविद्यालय का अंगीभूत कॉलेज कुमार कालिका मेमोरियल महाविद्यालय जमुई में बच्चों के जीवन में पिता की अहमियत विषय पर एक परिचय आयोजित की गई,जिसकी अध्यक्षता स्नातकोत्तर अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ गौरी शंकर पासवान ने की। डॉ गौरी शंकर पासवान ने अपने अध्यक्षीय प्रबोधन में कहा कि फादर्स डे प्रत्येक वर्ष जून माह के तीसरे रविवार को मनाया जाता है। फादर्स डे पिता को एहसास कराने और सम्मान देने का दिवस है। पिता बच्चों के असली रखवाले होते हैं, जो कदम कदम पर उन्हें संभालने का काम करते हैं। पिता परिवार की एक ऐसी हस्ती होता है, जिसके बिना परिवार ही अधूरा लगता है। यह दिवस हर वर्ष एक पिता को विचारवान बनने की भी गुहार लगाता है। संतान का सही पालन पोषण माता एवं पिता दोनों की जिम्मेवारी है। उन्हें दोनों के प्यार और निगरानी की जरूरत पड़ती है। तभी बच्चों का चौमुखी विकास होता है। उन्होंने कहा कि एक पिता का अपने बच्चों की जीवन में बहुत बड़ी अहमियत होती है। उनके समग्र विकास में पिता के योगदान को नकारा नहीं जा सकता है। कहते हैं कि -ह्माता बैरी पिता शत्रु यो बालो न पाठितः। न शोभंते सभा मध्ये हंस मध्यो बको यथा। अर्थशास्त्र की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ सरदार राम ने कहा कि पिता जन्मदाता के साथ-साथ घर का शासक होता है। बच्चों का फ्यूचर होता है। मां के साथ-साथ बच्चों के लिए पिता भी आवश्यक होता है। क्योंकि माता और पिता गृहस्ती या जीवन रूपी रथ के दो पहिए होते हैं। और दोनों में संतुलन रहने पर ही रथ का चलना संभव है। बच्चों के जीवन में जितना मां का महत्व है, उतना ही महत्व एक पिता का भी होता है। इसलिए बच्चों के लिए माता-पिता दोनों आवश्यक। स्नातकोत्तर इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ सत्यार्थ प्रकाश ने कहा कि पिता परिवार रूपी न्यायालय का न्यायाधीश होता है। अक्सर वह लड़के लड़कियों में अंतर नहीं करता है। बच्चों के लिए हमेशा न्यायोचित कार्य करता है। इसलिए बच्चों को भी पिता के आदेश को मनना चाहिए। कुल मिलाकर हम कह सकते हैं कि मां-पिता दोनों का अहमियत बच्चों के जीवन में होता है। उनके बिना उनका जीवन अधूरा होता है। फादर्स डे के दिन बच्चों को पिता का सम्मान करना चाहिए। उनके विचारों को महत्व देना चाहिए। उनकी इच्छाएं पूरी की जानकारी चाहिए।

# आजादी के सात दशक बाद भी नहीं बदली गंगापुर पंचायत कुछ सड़कों की तस्वीर

प्रात : किरण संवाददाता



आलमनगर (मधेपुरा) आलमनगर प्रखंड के गंगापुर पंचायत के कुम्हारा वासा वार्ड 8 का सड़क वर्षा के समय कीचड़मय हो जाता है जिससे आम लोगों का आवागमन करना मुश्किल हो जाता है। आजादी के 7 दशक बाद भी भारत के इस गांव को पक्की सड़क अब तक नसीब नहीं हो सकी है लिहाजा गांव वालों को कई परेशानियों से हर रोज दो चार होना पड़ता है। हैरानी की बात है कि चुनाव के दौरान सड़क बनाने का दावा करने वाले नेता जी चुनाव जीतने के बाद इस गांव में जाना भी पसंद नहीं करते हैं। गांव में परेशानी इस कदर है कि यहां शादी करके आने वाली बहुएं भी अपने आप को कोसती रहती है। पक्की सड़क तो आज भी एक सपने जैसा लगता है। इस सपने को पूरा करने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने कई ख्वाब दिखाए। लेकिन आज तक इस मसले पर न तो किसी ने गंभीरता दिखाई और न ही किसी ने इस दिशा में कोई पहल की। नेता चुनाव के समय हाथ जोड़कर वोट मांगने आ जाते हैं। परिणामों की घोषणा होते ही वे लौट कर नहीं आते। आलम यह है कि आज भी ग्रामीण अपनी तकदीर को कोस रहे हैं। लोग अपनी मजबूरियों के बीच समय व्यतीत कर रहे है। स्थानीय ग्रामीण का कहना है की पक्की सड़क के अभाव में इस गांव में घुट-घुट कर जीवन बिताना पड़ रहा है। अगर किसी की तबीयत खराब हो जाए तो गांव से बाहर जाने के लिए सड़क नहीं है। ऐसे में मरीज की क्या हालत होगी और उनके परिजनों पर क्या गुजरेगी इसका अंदाजा लगाना भी मुश्किल है। ऐसे में आजाद भारत की खूबसूरत तस्वीर की कल्पना गांव वालों को आज भी बेमानी लगती है। वही इस दौरान ग्रामीणों ने महागठबंधन के पूर्व प्रत्याशी इंजीनियर नवीन कुमार निषाद को बुलाया सड़क की दैनिए स्थिति से अवगत कराया। पूर्व प्रत्याशी नवीन कुमार निषाद ने विभागीय जेई से बात कर सड़क बनाने की बात रखी। वही इस दौरान पूर्व प्रत्याशी इंजीनियर नवीन कुमार निषाद ने बताया कि सड़क मामला को लेकर जिला पदाधिकारी से बात करेंगे। मौके पर सुरो ऋषिदेव, झकसु ऋषिदेव, विलास ऋषिदेव, अखिलेश ऋषिदेव, प्रमोद राय, दिलीप राय, अमित राय, श्यामा देवी, फुदकी देवी, अवधेश पंडित, धनेश्वर पंडित, अशोक राय आदि ग्रामीण मौजूद थे।

# रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं : अभिषेक आनंद



(मधेपुरा) आलमनगर विधानसभा क्षेत्र के चौसा प्रखंड अंतर्गत धोसाई निवासी चंद्र किशोर पासवान की धर्मपत्नी सुनीता देवी वे लंबे समय से बीमार चल रही थी। सुनीता देवी को डॉक्टर ने बताया कि इनको खुन की कमी है। सुनीता देवी की पति चंद्र किशोर पासवान ने खून को लेकर काफी चिंतित थे। इसकी जानकारी लोजपा (रामविलास) के प्रदेश महासचिव अभिषेक आनंद को मिला तो उन्होंने दूरभाष के माध्यम से उनसे सारी जानकारी ली। मरीज की स्थिति को देखते हुए अभिषेक आनंद ने एक यूनिट ब्लड देकर बीमार महिला सुनीता देवी की जान बचाई। वही इस दौरान लोजपा (रामविलास) के प्रदेश महासचिव अभिषेक आनंद ने बताया कि रक्तदान से बढ़कर कोई दान नहीं है।

## सम्पादकीय

## अंदरूनी कलह बड़ी भूमिका निभाई

हिंदुओं के तीर्थ अयोध्या, रामेश्वरम में मिली हार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को काशी में पिछली बार के मुकाबले बहुत कम अंतर से मिली जीत से कई तरह के सवाल उठते है। इन नतीजों के बाद सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत द्वारा अहंकार की ओर इशारा करना भी क्या इस बुरे प्रदर्शन का कारण बना? सूत्रों के अनुसार इस बार के चुनावों कम सीट आने के पीछे भाजपा में अंदरूनी कलह ने भी एक बड़ी भूमिका निभाई। अचानक कहीं कुछ नहीं होता, अंदर ही अंदर कुछ घिस रहा होता है, कुछ पिस रहा होता है। इन पंक्तियों में कवि ने इस बात पर इशारा किया है कि किसी भी काम का विपरीत अंजाम आने पर हमें ऐसा क्यों लगता है कि ऐसा कैसे हो गया? जबकि उसके पीछे के कारणों पर कोई ध्यान नहीं देता। ऐसा ही कुछ हुआ 2024 के उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनावों के परिणामों के बादहै। प्रदेश में बीजेपी को पहले के मुकाबले इस बार बहुत कम सीटें मिलीं है। ऐसा क्या कारण था कि भाजपा का प्रदर्शन इतना बुरा रहा? जबकि अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण, अनुच्छेद 370 के हटने और तीन तलाक के मुद्दे थे। ये ऐसे कुछ मुद्दे थे जिन पर भाजपा को पूरा विश्वास था कि वह अबकी बार 400 पार के अपने नारे को सच कर दिखाएँगे। परंतु ऐसा नहीं हो सका। ऐसा माना जाता है कि दिल्ली की गद्दी का रास्ता लखनऊ से होकर जाता है। इस बार के चुनावों में उत्तर प्रदेश का जो परिणाम रहा उसने सत्तारूढ़ दल को यह सोचने पर मजबूर कर दिया है कि ऐसी कौनसी कमी उनकी नीति मे थी जो वोटरों को अपनी ओर आकर्षित करने में विफल रही? ऐसा क्या हुआ कि पार्टी के कार्यकर्ताओं में वो उत्साह नहीं था जो पिछले दो लोकसभा चुनावों में देखा गया?क्या संगठन के काम करने के ढंग या उनके द्वारा लिये गये गलत फैसलों ने जमीनी कार्यकर्ताओं को हतोत्साहित किया? क्या उत्तर प्रदेश में या अन्य राज्यों में, जहां भाजपा का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं था वहाँ पर उम्मीदवारों के चयन में गलती हुई? हिंदुओं के तीर्थ अयोध्या, रामेश्वरम में मिली हार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को काशी में पिछली बार के मुकाबले बहुत कम अंतर से मिली जीत से कई तरह के सवाल उठते है। इन नतीजों के बाद सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत द्वारा अहंकार की ओर इशारा करना भी क्या इस बुरे प्रदर्शन काकारण बना?सूत्रों के अनुसार इस बार के चुनावों कम सीट आने के पीछे भाजपा में अंदरूनी कलह ने भी एक बड़ी भूमिका निभाई। जिस तरह केंद्र के नेतृत्व द्वारा राज्य की सरकारों व राज्यों के नेताओं की उपेक्षा की गई और वो फिर जनता के सामने आई वह भी इन नतीजों का कारण बनी। भाजपा और संघ के बीच हुए मतभेदों को भी अनदेखा नहीं किया जा सकता। यदि केंद्र और राज्य के नेतृत्व में कोई मतभेद थे तो उन्हें समय रहते एक मयार्दा के तहत हल किया जाना चाहिए था। भाजपा और संघ के कार्यकर्ताओं का इस बार के चुनावों में सक्रिय योगदान नहीं दिखाई दिया उससे देश भर में एक संदेश गया है कि राष्ट्रीय नेतृत्व जमीन से कट गया है। इस बार के चुनावों को इतने चरणों में बाँटने से भी कार्यकताओं की सहभागिता में कमी नजर.आई। कार्यकताओं को इस बात का पूर्ण विश्वास था कि पिछले दस वर्षों में देश में ऐसे कई बदलाव आए हैं जो तीसरी बार भी मोदी सरकार को पूर्ण बहुमत दिलाएँगे। शायद इसी के चलते भी कार्यकताओं में उतना उत्साह दिखाई नहीं दिया। वहीं दूसरी ओर देखें तो समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव और उनके कार्यकताओं ने जिस तरह उत्तर प्रदेश के चप्पे-चप्पे पर अपनी नजर.बनाए रखी और खूब भागदौड़ की वो काफी फायदेमंद रहा।

## विकास की सार्थकता पर सवाल

भारत डोगरा

वैसे तो वर्तमान विकास की विसंगतियां कई स्तरों पर नजर आ रही हैं, पर स्थिति तब और भी स्पष्ट हो जाती है, जब इस विकास की दौड़ में सबसे आगे माने जाने वाले देशों में भी लोग इस विकास की सार्थकता के बारे में सवाल खड़े करने लगें। ब्रिटिश सोशल साइंस रिसर्च काउंसिल (ब्रिटिश समाज शास्त्र अनुसंधान परिषद) द्वारा किए गए एक सर्वेक्षण में ऐसे ही सवाल सामने आए हैं। इस सर्वेक्षण में पांच वर्षो के दौरान तीन बार 1500 सामान्य नागरिकों के सैंपल से पूछा गया कि जीवन को बेहतर बनाने के लिए वे किन बातों को महत्त्व देते हैं और क्या उन्हें लगता है कि जीवन पहले से बेहतर हो रहा है या नहीं। ब्रिटेन के समाज को (अन्य पश्चिमी विकसित देशों की तरह) काफी भौतिकवादी माना जाता है पर 71 प्रतिशत लोगों ने जीवन की गुणवत्ता (क्वालिटी) के बढे या जीवन बेहतर होने में जिन बातों को महत्त्व दिया उनका आय या दौलत के बढे से कोई संबंध नहीं था। उपभोक्ता वस्तुओं से अधिक महत्त्व अच्छे पारिवारिक जीवन और संतोष की स्थिति को देने वाले लोगों की संख्या अधिक थी। सबसे महत्त्वपूर्ण बात जो इस सर्वेक्षण में सामने आई वह यह थी कि लगभग सभी नागरिकों के मत में पिछले पांच वर्षो में उन्हें उपलब्ध उपभोक्ता वस्तुओं की मात्रा बढ़ गई थी पर साथ ही जीवन की गुणवत्ता कम हो गई थी। इतना ही नहीं, लगभग सभी लोगों ने यह विचार भी व्यक्त किया कि अगले पांच वर्षो में यही स्थिति और आगे बढे की संभावना है- उपभोक्ता वस्तुओं की मात्रा और बढ़ जाएगी पर साथ ही जीवन की गुणवत्ता और घट जाएगी। इस सर्वेक्षण से यह बात सामने आई है कि वर्तमान विकास की विसंगतियों पर जोर देना केवल जीवन की गहराई में गोता लगाने वाले कुछ दर्शनशास्त्रियों या पर्यावरणविद् तक ही सीमित नहीं है अपितु इस विकास के क्षेत्र में अग्रणी माने जाने वाले देशों के सामान्य लोग भी अब इस पीड़ा को समझ रहे हैं, चाहे विकल्पों के अभाव में इस पीड़ा से बाहर निकलने की कोई दि अभी न मिल रही हो। प्रायः प्रति व्यक्ति आय को किसी देश के विकास का सबसे महत्त्वपूर्ण द्योतक माना जाता है। चाहे दो राष्ट्रों की तुलना करनी हो या एक ही राष्ट्र की वर्तमान स्थिति की कुछ समय पहले की स्थिति से तुलना करनी हो, सबसे प्रचलित तरीका यही अपनाया जाता है कि राष्ट्रीय आय को जनसंख्या से विभाजित कर प्रति व्यक्ति आय प्राप्त कर ली जाती है। लेकिन अब अनेक अर्थशास्त्री व अन्य विद्वान राष्ट्रीय आय या प्रति व्यक्ति आय को वास्तविक विकास का द्योतक मानने के बारे में अनेक महत्त्वपूर्ण सवाल उठाने लगे हैं। राष्ट्रीय आय में सब तरह की वस्तुओं व सेवाओं को जोड़ा जाता है, इस बात को कोई महत्त्व नहीं दिया जाता है कि वह वस्तु जन-कल्याण से जुड़ी है या समाज के लिए हानिकारक है। यदि किसी देश में एक दशक के दौरान अन्य बातें समान हैं पर शराब, तंबाकू, वेश्यावृत्ति और जुआघरों में बहुत तेजी से वृद्धि हो रही है तो राष्ट्रीय आय या प्रति व्यक्ति आय के आंकड़ों के अनुसार विकास की गति काफी तेज मानी जाएगी। राष्ट्रीय आय व प्रति व्यक्ति आय द्वारा विकास को जानने की एक अन्य प्रमुख कमी यह है कि पर्यावरण को होने वाली क्षति का उचित आकलन इसमें नहीं होता है अपितु कई बार तो विपरीत आकलन होता है। एक देश में वनों को बहुत सुरक्षित रखा गया है ताकि भविष्य में जल व मिट्टी संरक्षण का कार्य अच्छी तरह से होता रहे, दूसरे देश में कुछ ही वर्षो में सारे जंगलों को काटकर उनकी लकड़ी बेच दी जाती है व इससे प्राप्त धनराशि को तरह-तरह के अनैतिक कायरे में खर्च कर दिया जाता है। राष्ट्रीय आय के आंकड़े तो यही बताएंगे कि दूसरे देश में अधिक विकास हुआ है क्योंकि लकड़ी काटने व बेचने से प्राप्त धनराशि की गिनती राष्ट्रीय आय में हो जाएगी। पहले देश द्वारा वन बचाए रखने के महत्त्व को राष्ट्रीय आय के आंकड़े नहीं पहचानेंगे। विकास के द्योतक के रूप में राष्ट्रीय आय व प्रति व्यक्ति आय की एक अन्य प्रमुख कमी यह हैं कि इससे हमें आय के वितरण के बारे में कुछ पता नहीं चलता है। प्रति व्यक्ति आय जिस दशक के दौरान तेजी से बढ़ी है, हो सकता है कि उसी दशक के दौरान अर्थव्यवस्था के नीचे के 50 प्रतिशत लोगों का अभाव पहले से भी अधिक बढ़ गया हो। प्रति व्यक्ति (औसत) आय में वृद्धि पूरी तरह अमीर तबके की आय में तेजी से हो रही वृद्धि पर आश्रित हो सकती है। इस स्थिति में अतिरिक्त आय फिजूलखर्ची में जाएगी और गरीब लोगों को बुनियादी जरूरतों में भी और कटौती करनी पड़ेगी, पर राष्ट्रीय व प्रति व्यक्ति आय के आंकड़े यही बताएंगे कि तेज विकास हो रहा है। किसी भी देश के लोगों की आर्थिक स्थिति से अलग बहुत सी बातें होती हैं जो प्रति व्यक्ति आय के आंकड़ों की पहुंच से बहुत दूर हैं। उस देश में भाईचारे और अच्छे नागरिक होने की भावना कितनी प्रबल है, पारिवारिक संबंध बेहतर हो रहे हैं या बिगड़ रहे हैं, शिक्षा पणाली कैसी है, बचपन कितना सुरक्षित है ऐसी कितनी ही बातें हैं जो प्रति व्यक्ति आय की परिधि से बाहर हैं। फिर भी किसी समाज के लिए बहुत महत्त्वपूर्ण हैं। ब्रिटेन में पिछले चार दशकों में कितना विकास हुआ है, इसका पता लगाने का एक अपेक्षाकृत अधिक ईमानदार प्रयास नव अर्थशास्त्र प्रतिष्ठान ने किया है। इस प्रतिष्ठान ने टिकाऊ कल्याण का एक सूचक तैयार किया है। इस अनुमान के अनुसार जहां ब्रिटेन की राष्ट्रीय आय में 1950-90 तक 230 प्रतिशत की वृद्धि हुई, वहां टिकाऊ आर्थिक कल्याण में मात्र 3 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यदि केवल वर्ष 1975 के बाद के आंकड़ों को देखें, तो इस दौरान राष्ट्रीय आय तो एक तिहाई बढ़ गई पर टिकाऊ आर्थिक कल्याण में 50 प्रतिशत की गिरावट आई। ऐसा व्यापक पर्यावरण के नुकसान व संसाधन आधार को क्षति पहुंचने के कारण हुआ।

# रचनात्मक राजनीति समय की जरुरत

**अब चुनाव हो चुके हैं, इसलिए लोकतांत्रिक देश होने के नाते आवश्यक है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष को जनता की भावनाओं को ध्यान में रखकर ही काम करना चाहिए। क्योंकि चुनाव प्रचार के दौरान जिस प्रकार के बयान दिए गए, उससे यही लगता है कि इसकी प्रतिध्वनि आगे भी सुनाई देगी। आज के राजनीतिक हालातों का अध्ययन किया जाए तो यह कहना सर्वथा उचित ही होगा कि दलीय आधार की राजनीति करना केवल चुनाव तक ही सीमित रहना चाहिए। उसका असर अगर संसद की कार्यवाही में दिखाई देगा तो यह देश के साथ अन्याय ही होगा। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को ही चाहिए कि वह अब देश हित की राजनीति करने वाले ही कदम उठाए। जहां तक राजनीतिक विश्लेषण की बात है तो यही कहा जाएगा कि भारत की जनता ने भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन को सत्ता सौंपी है और कांग्रेस नेतृत्व वाले गठबंधन को विपक्ष में बैठने का जनादेश दिया है। दोनों पक्ष की अलग भूमिका होती है। संसद के माध्यम से देश का संचालन किया जाता है। यह राजनीतिक जोर आजमाईश का मैदान नहीं है, इसलिए संसद की गरिमा का भी सभी राजनीतिक दल ध्यान रखें, ऐसी भूमिका सभी मिलकर तय करें। सरकार और विपक्ष दोनों को चाहिए कि वह रचनात्मक राजनीति करके देश हित पर ध्यान दें, क्योंकि लोकतंत्र में लड़ाई सिर्फ चुनाव तक ही सीमित रहना चाहिए। भारत की राजनीति का उद्देश्य भी यही है कि इसके माध्यम से जनसेवा की जाए। अगर दलीय आधार पर संसद में राजनीति की जाए तो फिर देश बनाने की आशा किससे की जाए।**






**सुरेश हिंदुस्थानी**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं**

भारत एक लोकतांत्रिक है। इसका तात्पर्य यही है कि देश की जनता ही भारत की असली सरकार है। लोकसभा चुनावों के बाद अब देश में सरकार और विपक्ष की भूमिका भी तय हो गई है। जनता ने जहां नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए राजग को बहुमत दिया है, वहीं कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष को एक बार फिर से सत्ता से दूर कर दिया है। अब चुनाव हो चुके हैं, इसलिए लोकतांत्रिक देश होने के नाते आवश्यक है कि सत्ता पक्ष और विपक्ष को जनता की भावनाओं को ध्यान में रखकर ही काम करना चाहिए। क्योंकि चुनाव प्रचार के दौरान जिस प्रकार के बयान दिए गए, उससे यही लगता है कि इसकी प्रतिध्वनि आगे भी सुनाई देगी। आज के राजनीतिक हालातों का अध्ययन किया जाए तो यह कहना सर्वथा उचित ही होगा कि दलीय आधार की राजनीति करना केवल चुनाव तक ही सीमित रहना चाहिए। उसका असर अगर संसद की कार्यवाही में दिखाई देगा तो यह देश के साथ अन्याय ही होगा। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को ही चाहिए कि वह अब देश हित की राजनीति करने वाले ही कदम उठाए। जहां तक राजनीतिक विश्लेषण की बात है तो यही कहा जाएगा कि भारत की जनता ने भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन को सत्ता सौंपी है और कांग्रेस नेतृत्व वाले गठबंधन को विपक्ष में बैठने का जनादेश दिया है। दोनों पक्ष की अलग भूमिका होती है।

संसद के माध्यम से देश का संचालन किया जाता है। यह राजनीतिक जोर आजमाईश का मैदान नहीं है, इसलिए संसद की गरिमा का भी सभी राजनीतिक दल ध्यान रखें, ऐसी भूमिका सभी मिलकर तय करें। सरकार और विपक्ष दोनों को चाहिए कि वह रचनात्मक राजनीति करके देश हित पर ध्यान दें, क्योंकि लोकतंत्र में लड़ाई सिर्फ चुनाव तक ही सीमित रहना चाहिए। भारत की राजनीति का उद्देश्य भी यही है कि इसके माध्यम से जनसेवा की जाए। अगर दलीय आधार पर संसद में राजनीति की जाए तो फिर देश बनाने की आशा किससे की जाए। उल्लेखनीय है कि जनता की पसंद और नापसन्द जानने के लिए ही देश में लोकतंत्र है। चुनाव के बाद निर्वाचित हुए प्रतिनिधि वास्तव में जनता के ही प्रतिनिधि हैं, इसलिए अब सभी को जनता के लिए ही जिम्मेदार होना चाहिए। चुनाव तक ही भाजपा और कांग्रेस की राजनीति रहती है, अब विपक्ष को भी चाहिए कि वह अच्छे कार्यों में सरकार का साथ दे, क्योंकि अब सरकार राजनीतिक दल की नहीं, बल्कि भारत की सरकार है। भारत की सरकार का आशय हम सबकी सरकार ही है।

कहने को देश में लोकतंत्र है, लेकिन ऐसा लगता है कि राजनीतिक दलों के जो नेता जनप्रतिनिधि बनकर दिल्ली या प्रदेश की राजधानियों में बैठते हैं, उनको केवल अपने दल के अनुसार ही काम करना होता है। जिसमें लोक की भावनाओं का समावेश बिलकुल भी नहीं रहता। हमेशा यही देखा जाता है कि लोकतंत्र को कमजोर करने वाले हमारे राजनेता केवल विरोध करने के लिए ही विरोध करने की शैली को अपनाने के लिए ही बाध्य होते हैं। पिछली बार हम सबने देखा कि संसद की कार्यवाही को कई बार बाधित किया गया। लोकतंत्र की व्यवस्था के अनुसार विपक्ष का होना भी अत्यंत जरूरी है, लेकिन जो विपक्ष रचनात्मक भूमिका का पालन नहीं करता ऐसे विपक्ष से तो विपक्ष का न होना ही सही है। सत्ता पक्ष की निरंकुशता पर लगाम स्थापित करने के लिए ही विपक्ष का काम होता है, लेकिन भारत में प्रायः देखा जाता है कि सत्ता पक्ष के हर कार्य के लिए विपक्ष अपना विरोधी रुख अपनाता है। सरकार के हर कार्य का विरोध करना भी ठीक नहीं है।

यह बात सही है कि इस बार लोकसभा में मजबूत विपक्ष है। इसलिए विपक्ष अपने आपको मजबूत ही दिखाएगा, यह स्वाभाविक ही है। पिछले समय जब विपक्ष बिखरा हुआ था, तब भी विपक्ष ने अपनी ताकत दिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। लेकिन इस बार राजनीतिक स्थितियाँ बदली हुई हैं। सरकार की ताकत भी कम हुई है, गठबंधन के सहयोगी दल भी अपनी उपस्थिति का अहसास हमेशा कराते रहेंगे। ऐसे में सरकार जनता के किए गए कितने वादों पर अमल कर पाएगी, यह देखने वाली बात होगी। वहीं विपक्षी दलों की परेशानी यह है कि उसने जनता से जो वादे किए हैं, उसका क्या होगा, क्योंकि विपक्ष ने यह प्रचारित करके अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने जैसा ही काम किया है कि उसने भाजपा की जीत के रथ को रोक दिया है, जबकि यथार्थ में ऐसा नहीं है। जनता के बीच विपक्ष ने अपनी जीत का ही सन्देश दिया है, इससे जनता एक बार फिर से भ्रमित होती दिखाई दे रही है और इसीलिए ही कांग्रेस के कार्यालयों पर जनता की भीड़ उमड़ रही है। यह जनता कांग्रेस से अपने वादे पूरे करने की मांग कर रही है। क्योंकि उनके सामने यही सन्देश दिया है कि कांग्रेस सहित विपक्ष की बड़ी जीत हुई है। वर्तमान स्थिति का राजनीतिक विश्लेषण किया जाए तो यही कहना उचित होगा कि भाजपा आज भी जनता की पहली पसंद है। भाजपा को जितनी सीट मिली हैं, उसके आधे भी विपक्ष के किसी दल को नहीं मिली। प्रचार में पूरी ताकत झोंकने के बाद भी कांग्रेस सौ के आंकड़े को नहीं छू सकी, यह गहन चिंता का विषय है, लेकिन कांग्रेस इस सत्य को स्वीकार करने की मानसिकता नहीं बना पाई। राजनीति में सीटों की संख्या का महत्व होता है और सीटों के मामले में भाजपा बहुत आगे है। यह अलग बात है कि देश के सबसे बड़े राज्य उत्तरप्रदेश में भाजपा को अपेक्षित सफलता नहीं मिल पाई, लेकिन इस बार भाजपा ने दक्षिण के कुछ राज्यों में अपनी उपस्थिति का अहसास कराया है। यह भाजपा के लिए आनंद की ही बात है। जिस दक्षिण के लिए भाजपा अछूत मानी जाती थी, वहां भाजपा स्वीकार होने लगी है।

एक खास बात यह भी है कि इस बार के चुनावों में जनता ने क्षेत्रीय दलों को भी बहुत अच्छा महत्व दिया है। क्षेत्रीय दलों के अस्तित्व में आने के बाद देश में गठबंधन की राजनीति का युग फिर से आ गया है। राष्ट्रीय राजनीतिक परिदृश्य में भाजपा और कांग्रेस की उपस्थिति देश के अधिकतर राज्यों में है। बाकी सभी दल राष्ट्रीय फलक पर प्रभाव दिखाने वाले नहीं हैं। इसके अलावा विपक्ष में अभी से बिखराव प्रारम्भ हो गया है। आम आदमी पार्टी ने कांग्रेस से पूरी तरह से किनारा कर लिया है। ऐसे में विपक्षी गठबंधन पर फिर से सवाल उठने लगे हैं। खैर.. यह राजनीति है, राजनीति में कब क्या हो जाए कहा नहीं जा सकता। लेकिन जहां देश हित की बात आती है तो वहां राजनीति नहीं होना चाहिए। राजनीति रचनात्मक होगी तो ही देश चलेगा, विरोध की राजनीति तो अवरोध पैदा करने वाली होती है।

# भारत सहित विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंक बढ़ा रहे है अपने स्वर्ण भंडार

**यह सोने के भंडार भारतीय रिजर्व बैंक के पास जमा हैं) और यदि उस देश की अर्थव्यवस्था में कभी परेशानी खड़ी हो एवं उस देश की मुद्रा का तेजी से अवमूल्यन होने लगे तो इस प्रकार की परेशानियों से बचने के लिए उस देश को अपने स्वर्ण भंडार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में बेचना पड़ सकता है। इस कारण से विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंक अपने पास स्वर्ण के भंडार रखते हैं। पूरे विश्व में उपलब्ध स्वर्ण भंडार का 17 प्रतिशत हिस्सा विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंकों के पास जमा है। भारतीय रिजर्व बैंक के पास भी 822 टन के स्वर्ण भंडार हैं। सुरक्षा की दृष्टि से इसका 50 प्रतिशत से अधिक भाग, अर्थात लगभग 413 .8 टन, भारत के बाहर अन्य केंद्रीय बैंकों विशेष रूप से बैंक आफ इंग्लैंड एवं बैंक आफ इंटर्नैशनल सेटल्मेंट के पास रखा गया है। उक्त वर्णित 308 टन के अतिरिक्त 100 .3 टन स्वर्ण भंडार भी भारतीय रिजर्व बैंक के पास जमा है। वर्ष 1947 में भारत के राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्ति के पूर्व ही भारत ने अपने स्वर्ण के भंडार बैंक आफ इंग्लैड में रखे हुए हैं। इसके बाद 1990 के दशक में भी भारत ने अपनी आर्थिक परेशानियों के बीच अपने स्वर्ण भंडार को बैक आफ इंग्लैंड में गिरवी रखकर अमेरिकी डॉलर उधार लिए थे। विभिन्न देशों द्वारा लंदन में स्वर्ण भंडार इसलिए रखे जाते हैं क्योंकि लंदन पूरे विश्व का सबसे बड़ा स्वर्ण बाजार है**






**प्रहलाद सबनानी**
**सेवा निवृत्त उप महाप्रबंधक**

समस्त देशों के केंद्रीय बैंक अपने यहां सोने के भंडार रखते हैं ताकि इस भंडार के विरुद्ध उस देश में मुद्रा जारी की जा सके (भारत में 308 टन सोने के विरुद्ध रुपए के रूप में मुद्रा जारी की गई है, यह सोने के भंडार भारतीय रिजर्व बैंक के पास जमा हैं) और यदि उस देश की अर्थव्यवस्था में कभी परेशानी खड़ी हो एवं उस देश की मुद्रा का तेजी से अवमूल्यन होने लगे तो इस प्रकार की परेशानियों से बचने के लिए उस देश को अपने स्वर्ण भंडार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में बेचना पड़ सकता है। इस कारण से विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंक अपने पास स्वर्ण के भंडार रखते हैं। पूरे विश्व में उपलब्ध स्वर्ण भंडार का 17 प्रतिशत हिस्सा विभिन्न देशों के केंद्रीय बैंकों के पास जमा है। भारतीय रिजर्व बैंक के पास भी 822 टन के स्वर्ण भंडार हैं। सुरक्षा की दृष्टि से इसका 50 प्रतिशत से अधिक भाग, अर्थात लगभग 413.8 टन, भारत के बाहर अन्य केंद्रीय बैंकों विशेष रूप से बैंक आफ इंग्लैंड एवं बैंक आफ इंटर्नैशनल सेटल्मेंट के पास रखा गया है। उक्त वर्णित 308 टन के अतिरिक्त 100.3 टन स्वर्ण भंडार भी भारतीय रिजर्व बैंक के पास जमा है। वर्ष 1947 में भारत के राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्ति के पूर्व ही भारत ने अपने स्वर्ण के भंडार बैंक आफ इंग्लैड में रखे हुए हैं। इसके बाद 1990 के दशक में भी भारत ने अपनी आर्थिक परेशानियों के बीच अपने स्वर्ण भंडार को बैक आफ इंग्लैंड में गिरवी रखकर अमेरिकी डॉलर उधार लिए थे। विभिन्न देशों द्वारा लंदन में स्वर्ण भंडार इसलिए रखे जाते हैं क्योंकि लंदन पूरे विश्व का सबसे बड़ा स्वर्ण बाजार है और यहां स्वर्ण को सुरक्षित रखा जा सकता है। यहां के बैंकों द्वारा विभिन्न देशों को स्वर्ण भंडार के विरुद्ध अमेरिकी डॉलर एवं ब्रिटिश पाउंड में आसानी से ऋण प्रदान किया जाता है बल्कि यहां पर स्वर्ण भंडार को आसानी से बेचा भी जा सकता है क्योंकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण के कई खरीदार यहां आसानी से उपलब्ध रहते हैं।

कुल मिलाकर इंग्लैंड स्वर्ण का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहुत बड़ा बाजार हैं। लंदन के बाद न्यूयॉर्क को भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण का एक बड़ा बाजार माना जाता है। भारत को इस स्वर्ण भंडार को सुरक्षित रखने के लिए प्रतिवर्ष फी के रूप में कुछ राशि बैंक आफ इंग्लैंड को अदा करनी होती थी अतः अब भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा 100 टन स्वर्ण भंडार को भारत लाने के बाद इस फी की राशि को अदा करने से भी भारत बच जाएगा। दूसरे अपने यहां स्वर्ण भंडार रखने से भारत के पास सदैव तरलता बनी रहेगी। जब चाहे भारत इस स्वर्ण भंडार का इस्तेमाल स्थानीय अथवा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने हित के लिए कर सकता है।

वर्ष 2009 में भारत ने 200 टन का स्वर्ण भंडार अंतरराष्ट्रीय बाजार में 670 करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि अदा कर खरीदा था। 15 वर्ष वर्ष बाद पुनः भारत ने अपने स्वर्ण भंडार में वृद्धि करने का निश्चय किया है। स्वर्ण भंडार सहित आज भारत के विदेशी मुद्रा भंडार 65,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के उच्चत्तम स्तर पर पहुंच गए हैं और यह भारत के लगभग एक वर्ष के आयात के बराबर की राशि है। अतः अब भारत को अपने स्वर्ण भंडार बेचने की आवश्यकता ही नहीं पड़ेगी इसलिए भी भारत ने ब्रिटेन में स्टोर किए गए अपने स्वर्ण भंडार को भारत में वापिस लाने का निर्णय किया है।

विश्व में आज विभिन्न देश अपने विदेशी मुद्रा भंडार को बढ़ाने के उद्देश्य से अपने पास स्वर्ण के भंडार भी बढ़ाते जा रहे हैं। आज पूरे विश्व में अमेरिका के पास सबसे अधिक 8133 मेट्रिक टन स्वर्ण के भंडार है, इस संदर्भ में जर्मनी, 3352 मेट्रिक टन स्वर्ण भंडार के साथ दूसरे स्थान पर एवं इटली 2451 मेट्रिक टन स्वर्ण भंडार के साथ तीसरे स्थान पर है। फ्रांस (2437 मेट्रिक टन), रूस (2329 मेट्रिक टन), चीन (2245 मेट्रिक टन), स्विजरलैंड (1040 मेट्रिक टन) एवं जापान (846 मेट्रिक टन) के बाद भारत, 812 मेट्रिक टन स्वर्ण भंडार के साथ विश्व में 9वें स्थान पर है। भारत ने हाल ही के समय में अपने स्वर्ण भंडार में वृद्धि करना प्रारम्भ किया है एवं यूनाइटेड अरब अमीरात से 200 मेट्रिक टन स्वर्ण भारतीय रुपए में खरीदा था। हाल ही के समय में चीन का केंद्रीय बैंक भारी मात्रा में अंतरराष्ट्रीय बाजार में स्वर्ण की खरीद कर रहा है। कुछ अन्य देशों के केंद्रीय बैंक भी अपने स्वर्ण भंडार में वृद्धि करने में लगे हैं। इसके चलते अंतरराष्ट्रीय बाजार में स्वर्ण के दामों में बहुत अधिक वृद्धि देखने में आई है और यह 2400 अमेरिकी डॉलर प्रति आउंस तक पहुंच गई है।

कई देश संभवतः अपने विदेशी मुद्रा के भंडार में अमेरिकी डॉलर की तुलना में स्वर्ण भंडार को अधिक महत्व दे रहे हैं, क्योंकि अमेरिकी डॉलर पर अधिक निर्भरता से कई देशों को आर्थिक नुक्सान झेलना पड़ रहा है। यदि अमेरिकी डॉलर अंतरराष्ट्रीय बाजार में मजबूत हो रहा हो तो उस देश की मुद्रा का अवमूल्यन होने लगता है। इससे उस देश में वस्तुओं का आयात महंगा होने लगता है और उस देश में मुद्रा स्फीति के बढ़ने का खतरा बढ़ जाता है। इन विपरीत परिस्थितियों में घिरे देश के लिए स्वर्ण भंडार बचाव का काम करते हैं। इसलिए आज लगभग प्रत्येक देश के केंद्रीय बैंक अपने स्वर्ण भंडार को बढ़ाने के बारे में विचार करते हुए नजर आ रहे हैं।

# क्या सत्ता में बैठे व्यक्ति को अहंकारी होना चाहिये?

एल.एस. हरदेनिया-

इस समय राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के द्वारा भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व पर जबरदस्त हमला हो हो रहा है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का आरोप है कि भारतीय जनता पार्टी का नेतृत्व अत्यधिक आत्मविश्वासी और अहंकारी हो गया है। यह आरोप राष्ट्रीय स्वयं संघ के मुखपत्र आर्गनाइजर में संघ के प्रमुख चिंतक श्री रतन शारदा द्वारा लगाया गया है। उनका आरोप है कि यदि नेतृत्व अहंकारी नहीं होता और अति आत्मविश्वासी नहीं होता तो भाजपा की झोली में लोकसभा की 400 सीटें आ जातीं। यद्यपि नाम नहीं लिया जा रहा है परंतु बहुत साफ है कि यह हमला प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर है। इसमें कोई संदेह नहीं कि श्री मोदी अपने व्यवहार और अपने नीतिगत निर्णयों को लेने में बहुत कम अपने सहयोगियों से परामर्श करते हैं। जहां भाजपा का सवाल है वह राष्ट्रीय स्वयं संघ की एक शाखा है। संघ द्वारा 1950 में जनससंघ का गठन किया था। उसके बाद कुछ कारणों से जनसंघ को भंग करना पड़ा और उसके बाद भारतीय जनता पार्टी का गठन हुआ। चाहे जनसंघ का समय हो चाहे भारतीय जनता पार्टी का, दोनों संस्थाओं के गठन के समय यह तय हो गया था कि जनसंघ और भाजपा कोई भी निर्णय आपसी परामर्श से ही करेंगे। इस तरह का मैकेनिजम चलता रहे इसलिए यह तय किया गया था कि राष्ट्रीय स्वयं संघ की ओर से एक प्रमुख नेता जनसंघ और भारतीय जनता पार्टी में डेपुटेशन के रूप में भेजा जाता था और इस व्यक्ति को आर्गनाइजर कहा जाता था। इस समय यह व्यवस्था है कि नहीं ज्ञात नहीं है। इस बात पर कोई संदेह नहीं कि किसी व्यक्ति का पद जितना ऊँचा हो उतना ही उससे यह अपेक्षा होती है कि वह उतना विनम्र और सोम्य हो। भारतीय जनता पार्टी में अटल बिहारी वाजपेयी ऐसे ही नेता थे। वे जब तक प्रधानमंत्री रहे, उन्होंने संघ से संपर्क बनाए रखा। वे नागपुर जाकर संघ के प्रमुख से मिलते रहे। वे जब भी बंबई जाते थे शिवसेना के प्रमुख बाल ठाकरे के निवास पर जाकर उनसे मिलते थे।

अब हम कांग्रेस के प्रधानमंत्रियों की चर्चा करें तो प्रथम प्रधानमंत्री नेहरू जी कहीं से अहंकारी नजर नहीं आते थे। बड़े नेताओं से लेकर आम जनता तक उनका सतर्क सम्पर्क रहता था। वे जब दिल्ली में रहते थे तो रोज कम से कम 500-600 लोगों से अपने निवास-तीन मूर्ति मार्ग पर मिलते थे। वे ठीक 9 बजे जनता के बीच में पहुँच जाते थे और जब तक आखिरी व्यक्ति से नहीं मिल लेते थे वे सचिवालय के लिए रवाना नहीं होते थे। उनके उत्तराधिकारी लालबहादुर शास्त्री तो दिखने में कतई प्रधानमंत्री नहीं लगते थे। उनकी इमेज लगभग एक किसान नेता की थी। शास्त्री जी के बाद इन्दिरा जी प्रधानमंत्री बनीं। इन्दिरा जी का स्वभाव कुछ हद तक अहंकारी था परंतु राष्ट्र के हित में वे अपने अहंकार का चोला उतार फेंक देती थीं। इस संबंध में दो घटनाएँ मुझे याद आ रही हैं-उत्तरप्रदेश में चुनाव होने वाले थे। उत्तरप्रदेश की राजनीति में हेमवती बहुगुणा का काफी महत्व था। चुनाव के पूर्व इन्दिरा जी और बहुगुणा में कुछ मतभेद थे। परंतु चुनाव की खातिर वे बहुगुणा से मिलने गईं और उस मुलाकात के बाद दोनों के मतभेद दूर हो गये। इस घटना की टाईम्स ऑफ इण्डिया ने जैसे रिपोर्ट की थी वह मुझे आज भी याद है। टाईम्स ऑफ इण्डिया ने लिखा कि ह्यह्यप्राईम मिनिस्टर इंदिरा गांधी इन ऑर्डर टू ओवरकम। द एंगरी फीलिंग्स ऑफ बहुगुणा वेंट टू मीट हर अलांग विथ हिज सन राजीव गांधी, डॉटर इन-लॉ सोनिया गांधी, सन संजय गांधी, डॉटर इन-लॉ मेनका गांधी एण्ड देयर सन एण्ड डाटर्स सी ऑलसो टुक अलांग विथ हर देयर पेटी डॉग। द रिजल्ट वॉज पॉजिटिव। जब बंगलादेश का युद्ध चल रहा था तो यह आवश्यक समझा गया कि देश में सांप्रदायिक सौहाद्र बना रहे। इस काम में वे जानती थीं कि राष्ट्रीय स्वयं संघ के प्रमुख गोलवलकर की प्रमुख भूमिका हो सकती है।

गोलवलकर से इन्दिरा जी के संबंध कभी मधुर नहीं थे। परंतु राष्ट्र के हितों को देखते हुए उन्होंने गुरू गोलवलकर से मधुर संबंध बनाना आवश्यक समझा। इसमें उन्होंने अटल बिहारी वायपेयी का उपयोग किया। उन्होंने वाजपेयी जी ने अनुरोध किया कि वे नागपुर जायें और गुरू जी को मेरा संदेश दें कि इस दरम्यान यदि देश में एक भी मुसलमान का एक बूंद भी खून बहा तो मेरी नाक कट जायेगी। यह काम गुरू जी ही सुनिश्चित कर सकते हैं। मैं चाहती हूँ कि वे यह जिम्मेदारी पूरी संजीदगी से निभा सकते हैं। अटल बिहारी वाजपेयी नागपुर गये और इन्दिरा का यह संदेश गुरू गोलवकर को दिया। गोलवलकर जी यह संदेश पढ़कर बहुत प्रसन्न हुये और उन्होंने इन्दिरा जी से फोन पर कहा कि वह इतना ऐतिहासिक काम कर रही हैं कि उसके लिए मेरे शरीर के खून का एक-एक कतरा हाजिर है। इन संदेशों के आदान-प्रदान से हिन्दुस्तान के एक-एक नागरिक ने इन्दिरा जी के प्रति अपनी वफादारी दिखाई और भारत में पाकिस्तान के दो टुकड़े करने का ऐतिहासिक काम हासिल किया। और भी कई मौके हैं जब इन्दिरा जी ने अपने अहंकार को त्यागकर देश के हित में कई निर्णय लिये। राजनीतिज्ञ का अंहकार उसका कैसा नुकसान करता है उसका एक उदाहरण मध्यप्रदेश का है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री पंडित डी.पी. मिश्रा थे। स्वभाव से दृढ़निश्चयी। जो निर्णय ले लिया उस पर वे हर हालत में कायम रहते थे। उनके पद पर रहते हुए कांग्रेस के 36 विधायक पार्टी छोड़कर चले गये और वे गोविन्द नारायण सिंह और राजमाता के नेतृत्व में सरकार में शामिल हो गये।

## संक्षिप्त खबरें

### हृदय गति रुकने से पत्रकार की माता का हुआ निधन

बेतिया।मझौलिया प्रखंड के दैनिक जागरण के पत्रकार मुन्ना खान की 85 वर्षीय माता हलीमा खातून का रविवार की सुबह हृदय गति रुकने से देहांत हो गया। इसकी सूचना मिलते ही प्रखंड पत्रकार संघ शोकाकुल होकर भाव विभिन्न श्रद्धांजलि अर्पित की तथा इस विपदा की घड़ी में शोक संतप्त परिजनों को हिम्मत धैर्य और साहस देने की प्रार्थना की। बताते चले की मृतक को दो पुत्र और एक पुत्री है। बड़ा पुत्र चुन्ने खान एक प्रसिद्ध व्यवसायी है तो दूसरे पुत्र मुन्ना खान पत्रकार और समाजसेवी है। मृतिका सेवानिवृत्त शिक्षिका थी। शोक सभा मैं शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में अध्यक्ष मुस्लिम जमाल शास्त्री,शंभू पांडे,अनिल कुमार शर्मा,संजय कुमार पांडे,राजू शर्मा, नेयाज आलम साई,राजीव उपाध्याय,अनिल शर्मा,उनीत लाल,बब्लू पटेल आदि पत्रकार शामिल है।

### बकरीद पर्व को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

बेतिया।मझौलिया थाना के विभिन्न पंचायत चौक चौराहा पर बकरीद पर्व को लेकर थाना अध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्रा के नेतृत्व में थाना के अधिकारी एवं चौकीदार द्वारा फ्लैग मार्च निकालकर शांतिपुर वातावरण में ईद उल जोहा का नमाज अदा करने की अपील की। उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र के सभी संवेदनशील जगहों पर बकरीद पर्व को लेकर थाना के अधिकारियों समेत पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है।पूरे क्षेत्र में पुलिस गश्ती भी जारी रहेगी। असामाजिक तत्वों एवं सोशल मीडिया पर विशेष नजर रखी जा रही है

### सद्भाव के साथ मनाए बकरीद का पर्व : सीओ

एकम- रसूलपुर थाना परिसर में बकरीद का पर्व को लेकर सीओ राहुल शंकर की अध्यक्षता में एक बैठक हुई। इस दौरान सीओ ने कहा कि बकरीद महापर्व इसकी मयार्दा बनाए रखना सभी समुदाय के लोगों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों सामाजिक कार्यकताओं राजनीति कार्यकताओं दावित बनता है ।इस महापर्व के अवसर पर शांति व्यवस्था और आपसी भाईचारा बनाए रखने के लिए उपस्थित लोगों से अपील किया। वहीं थाना अध्यक्ष प्रभात कुमार ने कहा कि इस महापर्व के अवसर पर शांति व्यवस्था और आपसी भाईचारा बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन प्रतिबद्ध है। इसको लेकर जारी सभी सरकारी दिशा निदेर्शों का प्रशासन बख्शती से अनुपालन करेगा। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि मिथिलेश प्रसाद मुखिया गणेश शाह प्रखंड सरपंच संघ के अध्यक्ष सुशील सिंह सरपंच विकास कुमार मुखिया रंजीत यादव मृत्युंजय साईं आरिफ मियां मुन्ना मियां आदि उपस्थित थे।

### शक्तिनगर हनुमान मंदिर परिसर में मुफ्त मेगा शिविर का हुआ आयोजन

छपरा कार्यालय। स्थानीय शक्तिनगर हनुमान मंदिर परिसर में दधीचि देहदान समिति छपरा ईकाई के तत्वाधान में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच दवा वितरण सह स्वास्थ्य जागरूकता शिविर आयोजन शहर के सुप्रसिद्ध फिजिशियन डॉक्टर सुधांशु शेखर मिश्रा और डॉक्टर महिमा पांडेय के देखरेख में किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ दीप प्रज्वलित और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ डॉक्टर सुधांशु शेखर और डॉक्टर महिमा पांडेय,संस्था के जिलाध्यक्ष संजीव चौधरी और कामख्या नारायण सिंह राजन मिश्रा अमित कुमार ने संयुक्त रूप से किया आगत अतिथियों के बीच पर्यावरण बचाने के लिए 51 पौधों का वितरण किया गया।

# बाजार का भूमि अतिक्रमण मुक्त नहीं होने को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने अंचल अधिकारी से किया शिकायत

## डीएम से लेकर मुख्यमंत्री तक शिकायत के बावजूद भी नहीं हटा अतिक्रमण

प्रात :किरण संवाददाता



बेतिया।मझौलिया प्रखंड क्षेत्र के चर्चित जौकटिया पंचायत के नईडीह बाजार का सेड एवं भूमि पर हुए अतिक्रमण का अंचल द्वारा भूमि का पैमाइश कर दो बार नोटिस देने के बावजूद भी आज तक अतिक्रमण मुक्त नहीं होने को लेकर राष्ट्रीय युवा शक्ति के जिला अध्यक्ष सह समाज सेवी रामबाबू सिंह के नेतृत्व में दर्जनों युवा एवं ग्रामीण जनता दरबार में पहुंचकर अंचल अधिकारी से शिकायत की।इन लोगों का आरोप था कि थाना नंबर 285 खाता संख्या 608 खेसरा संख्या 3014 रकबा 19 कट्ठा 19 धुर सरकारी बाजार की भूमि में कुछ दबंगों द्वारा बना शेड में मवेशी समेत अपने निजी काम हेतु तथा घर एवं दुकान बनाकर अतिक्रमण कर लिए हैं।जिसके आलोक में प्रशासनिक कार्रवाई के दौरान अंचल से अतिक्रमण बाद संख्या 12/22,23 चल रहा है। अतिक्रमण हटाने हेतु अंचल कार्यालय से इसके पूर्व दो बार नोटिस भी जारी कर दिया गया है।इसके बावजूद अतिक्रमणकारियों द्वारा बाजार की भूमि को लगातार अतिक्रमण किया जा रहा है। यहां कभी भी शांति व्यवस्था भंग होने की संभावना बनी रहती है।अतिक्रमण के कारण सब्जी एवं अन्य दुकानदार अपना दुकान नहीं लग पा रहे हैं।ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी से तीसरा बार अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध नोटिस भेज कर बाजार की भूमि को अभिलंब अतिक्रमण मुक्त करने की मांग की है अन्यथा बाध्य होकर ग्रामीणों द्वारा प्रशासनिक उदासीनता के खिलाफ जनता चरणवद्ध आंदोलन चलाएगी।वही इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए अंचलाधिकारी राजीव रंजन ने अंचल नाजिर अमित कुमार से अभिलंब अतिक्रमण बाद का बाजार का भूमि अतिक्रमण मुक्त नहीं होने को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने अंचल अधिकारी से किया शिकायत

**डीएम से लेकर मुख्यमंत्री तक शिकायत के बावजूद भी नहीं हटा अतिक्रमण**

मझौलिया प्रखंड क्षेत्र के चर्चित जौकटिया पंचायत का नई डीह बाजार का सेड एवं भूमि का अतिक्रमण अंचल द्वारा भूमि का पैमाइश कर दो बार नोटिस देने के बावजूद भी आज तक अतिक्रमण मुक्त नहीं होने को लेकर राष्ट्रीय युवा शक्ति के जिला अध्यक्ष सह समाज सेवी रामबाबू सिंह के नेतृत्व में दर्जनों युवा एवं ग्रामीण जनता दरबार में पहुंचकर अंचल अधिकारी से शिकायत की इन लोगों का आरोप था कि थाना नंबर 285 खाता संख्या 608 वॉट खेसरा संख्या 3014 रकबा 19 कत्था 19 धुर सरकारी बाजार की भूमि में कुछ दबंगों द्वारा बना शेड में मवेशी समेत अपने निजी काम हेतु तथा घर एवं दुकान बनाकर अतिक्रमण कर लिए हैं जिसके आलोक में प्रशासनिक कार्रवाई के दौरान अंचल से अतिक्रमण बाद संख्या 12/22 23 चल रहा है अतिक्रमण हटाने हेतु अंचल कार्यालय से इसके पूर्व दो बार नोटिस भी जारी कर दिया गया है इसके बावजूद अतिक्रमणकारियों द्वारा बाजार की भूमि को लगातार अतिक्रमण किया जा रहा है यहां कभी भी शांति व्यवस्था भंग होने की संभावना बनी रहती है अतिक्रमण के कारण सब्जी एवं अन्य दुकानदार अपना दुकान नहीं लग पा रहे हैं ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी से तीसरा बार अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध नोटिस भेज कर बाजार की भूमि को अभिलंब अतिक्रमण मुक्त करने की मांग की है अन्यथा बाध्य होकर ग्रामीणों द्वारा प्रशासनिक उदासीनता के खिलाफ जनता चरण वध आंदोलन चलाएगी इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए अंचलाधिकारी राजीव रंजन ने अंचल नाजिर अमित कुमार से अभिलंब अतिक्रमण बाद का फाइल उपलब्ध कराने का सख्त निर्देश दिए तथा लोगों को समझा बूझकर संतुष्ट किया।बताया जाता है कि पूर्व जिला पार्षद सह माले नेता शंभू प्रसाद सिंह ने अपना पूरा जीवन इस बाजार की भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने के सपने को देखते-देखते स्वर्ग सिधार गए। उन्हीं के सपने को साकार करने के लिए युवा वर्ग एवं ग्रामीण चटनी एकता का परिचय दे रहे हैं। इस मौके पर पंचायत के मुखिया पुत्र विपिन कुमार उप मुखिया मंटू यादव खुर्शीद आलम रामनरेश पटेलप्रद्युम्न पटेल बसंत साह जितेंद्र कुमार समेत दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थें।

# नीट के पेपर लीक मामले में केंद्रीय शिक्षा मंत्री और एनटीए के अध्यक्ष दें तत्काल इस्तीफा

प्रात :किरण संवाददाता



छपरा। रविवार को एआईएसएफ सारण जिला सचिव अमित नयन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि नीट के पेपर लीक मामले में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एन टीए) के अध्यक्ष तथा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को परीक्षा धांधली के मामले में तत्काल अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। अमित नयन ने कहा कि 24 लाख छात्रों का भविष्य केंद्र सरकार और एनटीए अधर में लटका दिया है। देश के बच्चों के भविष्य के साथ लगातार खिलवाड़ हो रहा है। जिला सचिव अमित नयन ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के बयान को लेकर घोर निंदा की है। उन्होंने कहा कि कैसे बिना कोई जांच के शिक्षा मंत्री एनटीए को क्लीन चिट दे रहे हैं? शिक्षा मंत्री का स्टेटमेंट पुरी तरह से गैरजिम्मेदाराना है।एक तरफ देश में लगातार हर जगह पेपर लीक होते जा रहा है। वहीं केंद्र सरकार और प्रतिष्ठित संस्थान जिन्हें परीक्षा संचालन की जिम्मेदारी मिली है वह अपना पल्ला झाड़ रहे हैं।यह देश के लिए बेहद हीं दुर्भाग्यपूर्ण है।नीट धांधली में उन्हें और एनटीए के अध्यक्ष को तत्काल अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए।केंद्र सरकार और नेशनल टेस्टिंग एजेंसी को संवेदनशीलता दिखाते हुए तो पेपर लीक के दोषियों को शीघ्रता पूर्वक गिरफ्तार करते हुए कठोर कार्रवाई करनी चाहिए। ताकि भविष्य में ऐसी कोई भी गुस्ताखी करने से माफिया का गिरोह हजार बार सोचे। कई जगह गिरफ्तारिया हो रही है, ऐसे समय में केंद्रीय शिक्षा मंत्री बयान दे रहे हैं की नीट की परीक्षा में कोई धांधली नहीं हुई है। यह बेहद ही असंवेदनशील एवं गैरजिम्मेदाराना है। सभी प्रदेशों को विश्वास में लेकर देश में एक पेपर लीक पर ठोस कदम उठाने की जरूरत है। दोषियों को सख्त से सख्त सजा मुकर्रर हो इसके इंतजामात हो। एआईएसएफ जिला परिषद इसकी मांग करता है।

# पानी नहीं मिलने से नाराज ग्रामीणों ने किया सड़क जाम, आवागमन बाधित



प्रात :किरण संवाददाता

भेल्दी(सारण)।पचरूखी पंचायत के फिरोजपुर वार्ड नंबर 13 में पीएचडी विभाग द्वारा लगाए गए टंकी का मोटर काफी दिनों से खराब होने व भीषण तपिश में पानी नहीं मिलने से नाराज ग्रामीणों ने पीएचडी विभाग के खिलाफ रविवार को फिरोजपुर में आगजनी कर दिघवारा-भेल्दी मुख्य मार्ग को जाम कर दिया।इस दौरान आक्रोशित ग्रामीणों ने पीएचडी विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए सड़क पर टायर जलाकर आगजनी की।सड़क जाम होने से सड़क के दोनों किनारे वाहनों की लंबी कतारें लग गई और आवागमन ठप हो गया।

ग्रामीण विटामिन सिंह,बच्चा सिंह,भृगुनाथ सिंह,किशुन राम,मुन्ना मांझी,भरोसा राम,राजकुमार मांझी,फजल रहमान,मेंहदी हसन,विश्वनाथ साह,धर्मनाथ साह,चन्देश्वर राम,राजेश्वर राम,डा.मनीर,जान महम्मद,सैफूदीन,साकेत सिंह,भानू साह,रंजय साह,विक्की कुमार,चंदन कुमार आदि का कहना है कि फिरोजपुर में पीएचडी विभाग द्वारा पानी टंकी का निर्माण कराया गया है जिसका मोटर पिछले एक महीने से खराब होने के कारण सैकड़ों घरों के लोग इस भीषण गर्मी में पानी के लिए तरस रहे हैं।कई बार ठेकेदार व पीएचडी विभाग में शिकायत करने के बाद भी मोटर को ठीक नहीं कराया जा सका।हारकर ग्रामीण सड़क पर उतर गए और विरोध-प्रदर्शन करने लगे।सड़क जाम की सूचना मिलते ही भेल्दी पुलिस व पचरूखी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि पप्पु सिंह मौके पर पहुंच विभागीय अधिकारियों से बात की और जल्द ही मोटर को ठीक कर पानी की सप्लाई किए जाने का आश्वासन मिलने के बाद लोग शांत हुए और सड़क जाम खत्म हुआ।सड़क जाम खत्म होते ही वाहनों का परिचालन शुरू हो सका।

**पीएचडी विभाग के कार्यपालक,सहायक व कनीय अभियंता पहुंच मोटर को खोलवाए**

सड़क जाम खत्म होने के एक घंटे के अंदर फिरोजपुर एकल ग्रामीण जलापूर्ति योजना का मोटर जलने की सूचना मिलते ही लोक स्वास्थ्य अनियंत्रण विभाग के कार्यपालक अभियंता संयोग कुमार,सहायक अभियंता धर्मेन्द्र कुमार आनंद व कनीय अभियंता विजय शर्मा मौके पर पहुंच जले मोटर को निकलवाकर बनाने के लिए भेज दिया।कार्यपालक अभियंता ने कहा कि कल तक जलापूर्ति शुरू करवा दी जाएगी।

# चंडीगढ़ में छपरा के डॉ हरेंद्र कुमार हुए सम्मानित




प्रात :किरण संवाददाता

छपरा सदर। चंडीगढ़ में पसवा के 11वें राष्ट्रीय समारोह में छपरा के सी पी एस ग्रुप के निदेशक डॉ हरेन्द्र सिंह को सम्मानित किया गया है।बताते चले कि प्राइवेट स्कूल एवं चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन का तीन दिवसिये समारोह चंडीगढ़ के पंचकूला में आयोजित हुआ था।जिसका उद्घाटन रोटरी क्लब के अंतराष्ट्रीय अध्यक्ष शेखर मेहता, हॉकी खिलाड़ी सह पूर्व मंत्री असलम शेर खान, बिहार के पंचायती राज मंत्री एवं सासाराम के विधायक मुरारी प्रसाद गौतम, संगठन के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव एसपी वर्मा, गुरप्रीत सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष स्माइल अहमद आदि की उपस्थिति में प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी और सीपीएस ग्रुप के चेयरमैन डॉ. हरेन्द्र सिंह को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए ह्यग्लोबल रिप्रेजेंटेटिव लीडरशिप अवार्ड-2024ह्व से सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि डॉ. हरेन्द्र सिंह के पहल के तहत सीपीएस छपरा द्वारा प्रतिवर्ष 51 बालिकाओं का निःशुल्क शिक्षण किया जाता है। इसके अलावा, विद्यालय सामाजिक एवं प्रशासकीय कार्यों में भी बढ़- चढ़कर भाग लेता है। समारोह में अतिथिओं ने सरकार के सामने निजी विद्यालयों की मांगों को भी प्रस्तुत किया।

# जेपीयू के कुलपति ने विभिन्न विभागों के शिक्षकों को सौंपा विश्वविद्यालय का विभिन्न कार्यों का दायित्व

प्रात :किरण संवाददाता

छपरा सदर। जे पी यू के कुलपति डॉ परमेंद्र कुमार बाजपेई के निर्देश पर कुलसचिव डॉ रणजीत कुमार ने पत्र निर्गत कर विभिन्न विभागों के शिक्षकों को अपने मूल कार्य के अतिरिक्त अन्य कार्यों का भी दायित्व सौंपा है। जिसमे मुख्य रूप से बिहार राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1976 (अद्यतन संशोधित) की धारा 14 (इ) के प्रावधानों के तहत कुलपति प्रो परमेंद्र कुमार बाजपेई ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से प्रो. (डॉ.) वीरेन्द्र कुमार, आचार्य, भूगोल विभाग, जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा को उनके अपने कार्यों के अतिरिक्त इस विश्वविद्यालय के समायोजक, महाविद्यालय विकास परिषद् के पद पर अगले आदेश तक के लिए नियुक्त करने की कृपा प्रदान की है। वही प्रो. (डॉ.) हरिश्चन्द को आदेशित किया गया है कि वे अपना कार्यभार प्रो. (डॉ.) वीरेन्द्र कुमार को सौंप दें।वही कुलपति ने प्रो. रामनाथ प्रसाद, आचार्य एवं विभागाध्यक्ष, दर्शनशास्त्र विभाग, जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा को उनके कार्यों के अतिरिक्त इस विश्वविद्यालय के शैक्षणिक मामले का प्रभारी पदाधिकारी के पद पर अगले आदेश तक के लिए नियुक्त की है।कुलपति ने प्रो. राजेश नायक, आचार्य, इतिहास विभाग, जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा को उनके अपने कार्यों के अतिरिक्त इस विश्वविद्यालय का खेल निदेशक के पद पर अगले आदेश तक के लिए नियुक्त करने की कृपा प्रदान की है। कुलपति ने प्रो. सुधीर कुमार सिंह, विभागाध्यक्ष, इतिहास विभाग, जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा को उनके अपने विभागीय दायित्वों के अतिरिक्त इस विश्वविद्यालय के परिवहन कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी के पद पर अगले आदेश तक के लिए नियुक्त करने की कृपा प्रदान की है।

# 112 डायल टीम के सदस्यों ने बाईक दुर्घटना में जख्मी व्यक्ति को त्वरित ईलाज के लिए पहुंचाया अस्पताल



प्रात :किरण संवाददाता

बगहा।बगहा पुलिस जिला के नौरंगिया थाना के डायल 112 टीम के पुलिस पदाधिकारी व पुलिस कर्मी काफी सख्त है। दुर्घटना की जैसे ही सुचना मिलती है,वे शीघ्रता शीघ्र घटना स्थल पर पहुंच कर जख्मी व्यक्ति को सुरक्षित अस्पताल पहुंचाने में विलंब नहीं करते,बल्कि ससमय अस्पताल पहुंचा रहे हैं। ताकि जख्मी व्यक्ति की बेहतर उपचार हो सकें। नौरंगिया थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि रविवार की सुबह थाना क्षेत्र के खैरटवा टोला के पास बाईक से दुर्घटना ग्रस्त गंभीर रूप से जख्मी एक व्यक्ति पडा है। उन्होंने बताया कि जैसे ही घटना की जानकारी थाना के डायल 112 के प्रतिनियुक्त विकास कुमार, रवि कुमार, शैलेश चौधरी व सैप जवान अरुण कुमार सिंह को मिली। वे तत्काल घटना स्थल पर पहुंचे तथा जख्मी व्यक्ति को अनुमंडलीय अस्पताल बगहा ईलाज हेतु पहुंचाया। थानाध्यक्ष ने बताया कि दुर्घटना में जख्मी व्यक्ति की पहचान पटखौली थाना क्षेत्र के बरवल गांव के प्रवेश गोड़ के रुप में की गई है। उन्होंने बताया कि ससमय 112 डायल की गाड़ी घटना स्थल पर नहीं पहुंचती, तो किसी भी प्रकार की अनहोनी हो सकती थी। लेकिन नौरंगिया थाना की डायल 112 टीम के सदस्यों के सहयोग से ससमय अस्पताल पहुंचा कर सहायता प्रदान की तथा जख्मी व्यक्ति की बेहतर उपचार कराया गया। लौकरिया थानाध्यक्ष ने टीम के प्रतिनियुक्त सदस्यों को धन्यवाद दिया।

# भीषण गर्मी को देखते हुए रोटी बैंक ने प्रज्ञान फाउंडेशन के साथ मिलकर लोगों को पिलाया शर्बत



प्रात :किरण संवाददाता

बेतिया(घनश्याम)।गरीब व असहाय लोगों को भोजन कराने के लिए समर्पित एक धर्मार्थ ट्रस्ट रोटी बैंक बेतिया ने प्रज्ञान फाउंडेशन के साथ मिलकर लोगों को शर्बत वितरित करने के लिए एक तरोताजा करने वाला शिविर आयोजित किया। यह कार्यक्रम आज दोपहर एक्सिस बैंक के पास सुप्रिया सिनेमा रोड पर हुआ, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली।रोटी बैंक बेतिया ट्रस्ट के संस्थापक संजू गिरी ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य राहगीरों को ठंडा और स्फूर्तिदायक पेय प्रदान करना था, जो ऐसी चुनौतीपूर्ण मौसम स्थितियों के दौरान हाइड्रेशन के महत्व को स्वीकार करता है।शिविर ने न केवल सद्भावना का संकेत दिया, बल्कि समुदाय के भीतर एकता और एकजुटता की शक्ति का भी उदाहरण दिया। इन दोनों संगठनों के संयुक्त प्रयास ने सकारात्मक प्रभाव डालने और जरूरतमंद लोगों की भलाई का समर्थन करने की उनकी प्रतिबद्धता को रेखांकित कियामौके पर अंकित बरनवाल, विनीत कुमार, अभिषेक गुप्ता, सोनू गुप्ता, जिशु बरनवाल एवं सतीश उपस्थित रहें।

# बगहा पुलिस द्वारा रात्रि पेट्रोलिंग के क्रम में सार्वजनिक वित्तीय संस्थानों, एटीएम के आस-पास विशेष निगरानी रखी गई

## बगहा पुलिस द्वारा वाहन जांच के दौरान 99,000 रुपए का लगाया गया जुमार्ना

- बगहा पुलिस की कार्रवाई में 4 अभियुक्त गिरफ्तार,कुल अवैध शराब 75 .28 लीटर देशी व अंग्रेजी शराब,01 कार ,01 टेम्पू, 01 मोटरसाईकिल और 01 साईकिल बरामद

प्रात :किरण संवाददाता



बगहा।बगहा पुलिस जिला में शनिवार को विगत 24 घंटा में 04 अभियुक की गिरफ्तारी की गई है।कुल-03 अजमानतीय वारंट तथा 01 कुर्की का निष्पादन किया गया है। उक्त जानकारी पुलिस अधीक्षक,बगहा सुशांत कुमार सरोज ने प्रेस रिलीज जारी करके दिया। उन्होंने बताया कि बगहा थाना, लौकरिया थाना,नदी थाना,रामनगर थाना द्वाराशराब के कांड व वारंट में 4 अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया साथ ही अवैध 67 लीटर देशी शराब और 8.28 लीटर अंग्रेजी शराब,01 कार ,01 टेम्पू, 01 मोटरसाईकिल और 01 साईकिल बरामद किया गया हैं। इस संबंध में बगहा पुलिस द्वारा अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। एसपी ने बताया कि बगहा पुलिस द्वारा को अपराध नियंत्रण हेतु वाहन जाँच किया गया।जॉच के क्रम में यातायात थाना द्वारा-34,000, चौतरवा थाना द्वारा-18,500, बगहा थाना द्वारा-12,000, धनहाँ थाना द्वारा-12,000, रामनगर थाना द्वारा-11,500, पटखौली थाना द्वारा-11,000 इस प्रकार कुल-99,000 रुपए का जुमार्ना लगाया गया।एसपी ने बताया कि बगहा पुलिस द्वारा रात्रि पेट्रोलिंग के क्रम में सार्वजनिक वित्तीय संस्थानों,एटीएम के आस-पास विशेष निगरानी रखी गई। रविवार को बगहा पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाए रखने हेतु दिवा गस्ती के दौरान विभिन्न थाना अंतर्गत वाहनो की चेकिंग की गई।

# नगर के ऐतिहासिक धरोहर हजारी बगीचा में कचरा गिराने पर तत्काल रोक लगाए नगर आयुक्त:गरिमा

प्रात :किरण संवाददाता



बेतिया: नगर निगम की महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने शहर ऐतिहासिक धरोहर हजारी पशु मेला बगीचा में कचरा गिराने पर तत्काल रोक लगाने का आदेश नगर आयुक्त शंभू कुमार को दिया है। नगर के सामाजिक कार्यकर्त्ता रूपेश कुमार के द्वारा प्रस्तुत विडियो साक्ष्य के साथ शिकायत को महापौर ने बेहद गंभीरता के साथ लिया है। उन्होंने नगर आयुक्त को प्रेषित अपने कड़े पत्र में यह भी लिखा है कि- आप अवगत हैं कि माननीय एनजीटी के द्वारा भी हजारी बगीचा के पशु मेला ग्राउंड कचरा गिराने पर घोर आपत्ति की गई है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि इसको लेकर नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के द्वारा 42 लाख का जुमार्ना लगाने की लिखित चेतावनी दी गई है।बावजूद इसके वहां कचरा गिराने का अपराध अब भी लगातार किया जा रहा है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने यह भी लिखा है कि इस अपराध में सिटी मैनेजर अरविंद कुमार की भी सहभागिता साबित होने की शिकायत के साथ साक्ष्य भी शिकायतकर्त्ता रूपेश कुमार के द्वारा प्रस्तुत किया गया है। इसको लेकर उन्होंने निर्देश दिया है कि स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई करते हुए हजारी मेला ग्राउंड में कचरा गिराने पर कारगर रोक लगवाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही महापौर ने बताया कि इस ऐतिहासिक धरोहर को राष्ट्रीय स्तर के एक पार्क सह पक्षी अभ्यारण्य में इसको विकसित करने के लिए प्रस्तुत आवेदन के साथ महापौर का भी अनुशंसा पत्र संलग्न किया गया है।कई एकड़ विस्तार वाले शहर के ऐतिहासिक हजारी बगीचा को पूरे नगर निगम क्षेत्र के पर्यावरण संरक्षा के लिए राष्ट्रीय स्तर के पार्क के साथ इसको पक्षी अभ्यारण्य के रूप में विकसित कराने का अनुरोध मुख्यमंत्री से उनके द्वारा किया गया है।

# एसटीएफ व डोरीगंज थाना की संयुक्त कर्रवाई में वांछित अपराधी गिरफ्तार : एएसपी

- अपराधी के पास से 133 जिंदा कारतूस भी हुआ बरामद

प्रात :किरण संवाददाता



छपरा। बिहार एसटीएफ एवं २डोरीगंज थाना की संयुक्त कार्रवाई में हत्याकांड में वांछित व फरार चल रहे अभियुक्त को 133 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है।इस आशय की जानकारी एएसपी राज किशोर सिंह ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त डोरीगंज थाना अंतर्गत लालबाबू यादव पिता स्वर्गीय गंगासागर राय ग्राम कुतुबपुर चकिया का निवासी बताया गया है। एएसपी ने प्रेस वार्ता करते हुए यह भी बताया कि गत 1 मई को कोईलवर थाना अंतर्गत अवैध बालू खनन को लेकर गुड्डू राय गिरोह तथा सत्येंद्र पांडेय गिरोह के बीच वर्चस्व की लड़ाई में दो लोगों की हत्या हुई थी। इस मामले में कोईलवर थाना कांड संख्या 210/24 दर्ज है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में एएसपी राज किशोर और सिंह ने कहा कि गिरफ्तार लालबाबू यादव सारण जिला अंतर्गत अपराध के मुख्य शीर्ष में वांछित था। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से पॉइंट 315 बोर का 133 जिंदा कारतूस बरामद किया गया है, इस घटना में इस्तेमाल किए गए हथियारों के लिए पूछताछ की जा रही है। इस संबंध में डोरीगंज थाना कान संख्या 126/ 24 दर्ज कर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है' गिरफ्तार अपराधियों के लिए लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में शनिवार को बिहार एसटीएफ एवं डोरीगंज थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में लालबाबू यादव को गिरफ्तार करने में कामयाबी मिली है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में डीएसपी राकेश कुमार के अलावा डोरीगंज थाना के पुलिस कर्मी भी उपस्थित थे।

# हनुमान प्राण प्रतिष्ठा को लेकर हांथी घोड़ा बैंड बाजा के साथ निकली गई क्लश यात्रा

प्रात :किरण संवाददाता

एकमा। स्थानीय नगर पंचायत के भरहोपुर टोला कोहरगंढ गांव स्थित नवनिर्मित हनुमान मंदिर व हनुमान प्राण प्रतिष्ठा को लेकर हाथी घोड़ा बेंड बजे के साथ सैकड़ो महिला पुरुष के साथ कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा यज्ञ स्थल के परिक्रमा करने के पश्चात क्लश यात्रा मांझी प्रखंड के डुमाईगढ घाट के सरयुग तट के किनारे से सैकड़ो महिला पुरुष युवती एवं युवाओं के द्वारा जल भरी कर जय श्री राम जय हनुमान के जय घोष के साथ क्लश यात्रा यक्ष स्थल पर पहुंची। जहां संत श्री श्री हनुमान दास जी महाराज वह संत श्री श्री महेंद्र नाथ जी महाराज के अलावे अन्य सहयोगियों द्वारा वैदिक मंत्रों उच्चारण के साथ हनुमान प्राण प्रतिष्ठा के लिए पूजा पाठ हवन के साथ शुभ आरंभ हुआ। जिसमें यज्ञ स्थल सहित पूरा गांव के आलावे आसपास के सभी गांवों में भक्ति में हुई माहौल जहां यज्ञ स्थल पर श्रद्धालु परिक्रमा करते हुए जय हनुमान की जय घोष लगाते रहे। यह यज्ञ तीन दिवसीय चलेगी। जिसका शुभ आरंभ शनिवार के दिन से आरंभ हुई। जहां प्रतिदिन रात्रि के 8:00 बजे से 11:00 बजे तक प्रवचन एवं कथा वाचक वेदाचार्य द्वारा किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जंगलात यादव शशि भूषण सिंह सुजीत दुबे नागेंद्र सिंह संतोष सिंह नागेंद्र दुबे सहित समस्त ग्राम वासियों का भरपूर सहयोग रहा।

## संक्षिप्त खबरें

### आरा बक्सर में बढ़ते तापमान पर पर्यावरण विद ने चिंता जाहिर की

आरा। वैज्ञानिकों ने भारत मे बक्सर को सबसे गर्म शहर के रूप मे चिन्हित किया है जिसको लेकर पर्यावरण विद रमेश कुमार सुदामा ने चिंता जाहिर करते हुए कहा कि आरा - बक्सर मे बढ़ने तापमान का का मुख्य कारण है सड़कों के विस्तार के दौरान काटे गए लाखों पेड़ सड़कों के किनारे लाखों पेड़ था जिसे चौड़ीकरण के दौरान काट दिया गया, बदले में जो पौधा लगाया गया वह रखरखाव के अभाव में पेड़ नहीं बन पाया, इसके लिए सरकार पर निर्भर रहने के बजाय हम सभी को अपने-अपने गांव के सामने फोर लाइन आदि सड़कों पर वृक्षारोपण करना होगा और उन्हें जानवरों से बचाना होगा, आम नागरिकों द्वारा सड़क के किनारे लगाए गए पौधो का सबसे बड़ा दुश्मन है चरवाहा, सरकार को भी ठोस कानून बनना चाहिए जिससे पौधों को अपने जानवरों से चरवाने से लोग डरे, अभी भारत में 600 करोड़ पेड़ की आवश्यकता है, और 130 करोड़ भारत की आबादी है, इस हिसाब से प्रति व्यक्ति पांच पेड़ लगाने की आवश्यकता है, हम अगर दूसरे के हिस्से का पौधा नहीं लगा सकते तो कम से कम अपने हिस्से का ही पौधा लगाए, और उसे संरक्षित करके पेड़ बनाएं।

### बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा सम्मानित हुए डॉ.ए. अहमद

आरा। बिहार राज एड्स नियंत्रण समिति द्वारा एचआईवी एवं सिफलिस के उर्ध्वाधर संरक्षण का उन्मूलन हेतु यह प्रमाण पत्र दिया गया। जिले के कई चिकित्सकों एवं बुद्धिजीवियों ने उन्हें बधाई दी पटना में राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान आरा के चिकित्सक डॉ. अबसार अहमद को मोमेंटो और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। बिहार राज एड्स नियंत्रण समिति द्वारा एचआईवी एवं सिफलिस के उर्ध्वाधर संरक्षण का उन्मूलन हेतु यह प्रमाण पत्र दिया गया। बता दे की पूर्व में भी उन्हें विभिन्न संगठनों द्वारा बेहतरीन कार्य के लिए सम्मानित किया जा चुका है। डॉक्टर अबसार अहमद संचारी रोग पदाधिकारी, भोजपुर के सम्मानित होने पर जिले के कई चिकित्सकों एवं बुद्धिजीवियों ने उन्हें बधाई दी है।

### विशेष जांच अभियान को लेकर आरा जंक्शन पर बेटिकट यात्रियों में मची अफरातफरी

आरा :जंक्शन : 12393 सम्पूर्ण क्रांति और 12370 कुंभ एक्सप्रेस में जेनरल टिकट लेकर एसी बोगियों में यात्रा करने वाले यात्रियों को काफी महंगा पड़ गया। इस दौरान रेल यात्रियों के खिलाफ चलाये गये विशेष जांच अभियान में 17 लोग पकड़े गए। बेटिकट पकड़े गए यात्रियों से लगभग 16 हजार रुपए जुमार्ना वसूल किया गया। इस दौरान आरा जंक्शन पर रेल यात्री बोगी से कूदकर भागने लगे, तो कुछ लोग अपनी समस्या बताने लगे, लेकिन सभी लोगों से जुमार्ना वसूला गया। इसे लेकर अफरातफरी मची रही। बताया जा रहा है कि दानापुर रेल मंडल के आरा जंक्शन पर सहायक वाणिज्य प्रबंधक विश्वनाथ के निर्देश पर संपूर्ण क्रांति और कुंभ एक्सप्रेस ट्रेनें में जांच अभियान चलाया गया। इसमें 17 लोगों से 15560 रुपये जुमार्ना वसूला गया। अभियान में टीटी स्क्वायड आरा सीआईटी सीपी यादव, रजनीश कुमार, मनोज कुमार पांडेय सहयोग कर रहे थे। सुरक्षा व्यवस्था के लिए आरपीएफ दरोगा अवधेश कुमार, एएसआई गुड्डू, प्रधान आरक्षी ए के मिश्रा, सुधीर कुमार, दिनेश यादव सहित कई जवान थे।

### श्रेया हत्याकांड में आम जनमानस से लेकर नेताओं में गुस्सा और तीन की गिरफ़्तारी

औरंगाबाद।। नबीनगर में 11वीं कक्षा की छात्रा श्रेया की हत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इस घटना के विरोध में जिले में बढ़ते आक्रोश के दौरान पुलिस ने यह कार्यवाई की है। यह घटना अब कानूनी और सामाजिक दोनों ही दृष्टियों से बेहद संवेदनशील बन गई है। आम जनमानस से लेकर नेताओं का गुस्सा इस घटना के विरोध में देखने को मिल रहा है। इस हत्याकांड में पुलिस ने श्रेया के प्रेमी, उसकी सहेली, और सहेली की मां को गिरफ्तार किया है। एसडीपीओ सदर संजय कुमार पांडेय ने प्रेसवार्ता के दौरान इस मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 12 जून को श्रेया के लापता होने के बाद 14 जून को उसका शव इंद्रपुरी बराज से बरामद किया गया था। शव की हालत इतनी खराब थी कि शरीर से त्वचा तक निकल गई थी, जिससे इस क्रूर हत्या का अंदाजा लगाया जा सकता है। प्रेसवार्ता के दौरान एसडीपीओ पांडेय ने कहा कि श्रेया की मां के द्वारा तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। जांच के दौरान पता चला कि छात्रा की सहेली और उसकी मां अक्सर श्रेया की मुलाकात उसके एक प्रेमी से करवाती थी। श्रेया की सहेली की मां इन दोनों के बीच के सूत्रधार का काम करती थी। इसी संलिप्तता के आधार पर उन्हें गिरफ्तार किया गया है। एसडीपीओ ने कहा कि श्रेया की हत्या में इन तीनों का कहीं न कहीं जुड़ाव है। सहेली की माँ ब्यूटी पार्लर संचालिका है। पुलिस ने इन तीनों को न्यायालय में समर्पित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। हालांकि एसडीपीओ ने यह भी बताया कि छात्रा के पोस्टमार्टम रिपोर्ट में आए तथ्य और परिजनों के आरोप मेल नहीं खा रहे हैं।

# इरान में फंसे भाई की रिहाई के लिए दर दर की ठोकर खा रही है बहन

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। ईरान मे तस्करों के चुंगल में फंसे भाई के लिए दर दर की ठोकर खा रही है बहन जी हां मामला भोजपुर जिले के पिरो थाना के सुखरौली गॉव से जुड़ा हुआ है जहाँ का रहने वाला गौरव 4 महीने से ड्रग तस्करों के चुंगल में फंसा हुआ है बताया जारहा है कि मिस्टर साहू नाम का एक दलाल भोजपुर के सुखरौली गांव के गौरव को 4 महीने पहले ईरान ले गया था। उसे तेल कंपनी में काम लगवाने का झांसा दिया गया था। तब से गौरव ईरान में ही कैद है। अभी तक उसके घर वापस नहीं लगने से पूरा परिवार किसी अनहोनी की आशंका से परेशान है और दर-दर की ठोकर खाने को मजबूर है नौकरी दिलाने के नाम पर विदेश ले जाकर मिस्टर साहू ने गौरव को ड्रग्स के बदले ईरान में गिरवी रख दिया है। ड्रग पैडलर्स अब गौरव के परिवार वालों से 2 करोड़ की फिरौती मांग रहे हैं। फिरौती की रकम नहीं देने पर गौरव की हत्या करने की धमकी दे रहे हैं। वॉट्सऐप के जरिए लगातार मैसेज कर रहे हैं।

गौरव का परिवार विदेश मंत्रालय तक पहुंचा है। विदेश मंत्रालय ने ईरान में अपने दूतावास में बात की है। लेकिन, अभी भी गौरव का कुछ पता नहीं चल सका है। मामला भले ही ईरान में भारतीय दूतावास तक पहुंच गया हो, लेकिन भोजपुर प्रशासन ने गौरव के परिवार की सुध नहीं ली है। केवल खाना पूर्ति के लिए थाने में मामला दर्ज किया गया है लेकिन अभी तक कोई करवाई नहीं हुई है कोई अधिकारी गौरव का हाल बताने या परिवार का हाल पूछने तक नहीं आता। पुलिस ने प्राथमिकी भी पूर्व सांसद आरके सिंह के कहने पर दर्ज की थी।इधर, हर गुजरते दिन के साथ परिवार की उम्मीदें टूट रही हैं, लेकिन उन्हें मोदी सरकार पर भरोसा है। हर थककर गौरव के परिवार के लोग भोजपुर एसपी ऑफिस पहुंचे थे, लेकिन एसपी से मुलाकात नहीं हो सकी। भाई के चुंगल में फंसे होने के वीयोग में बहान का रो रो कर बुरा हाल है। गौरव की बहन निक्की कहती हैं कि पेडलर्स की ओर से लगातार धमकी दी जा रही है। दो करोड़ रुपए की मांग की जा रही है। अगर पैसे नहीं दिए तो वो लोग गौरव को मार देंगे। वो लोग (पैडलर्स) बोलते हैं- हम लोग गौरव को ऐसी मौत मारेंगे, जिसे देखकर रूह कांप जाएगी। यह बात बताते-बताते गौरव की बहन निक्की की आंखें भर आती हैं।

रोते हुए निक्की आगे बताती हैं कि विदेश मंत्रालय से एक मेल आया था। उन्होंने ईरान में मामले की सूचना देने की बात कही है। हालांकि, भोजपुर जिला प्रशासन ने अब तक हमारे परिवार के लोगों से मिलकर हाल भी पूछने की जरूरत नहीं समझी है। हमारा केस भी दर्ज नहीं किया जा रहा था। तब हम लोगों ने आरके सिंह को इसकी जानकारी दी थी। आरके सिंह के कहने पर हमारा मामला दर्ज हुआ था।कोई भी अधिकारी हमारे बीच आकर हमसे हाल जानने की कोशिश नहीं करता है। इस वजह से आज एसपी ऑफिस आए हैं, लेकिन एसपी से मुलाकात नहीं हो सकी है।

गौरव के दोनों भाई-बहन भोजपुर पुलिस, भारतीय विदेश मंत्रालय, गुजरात के आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस), नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) तक गुहार लगा चुके हैं। बुधवार को गौरव के भाई राजन ने विदेश मंत्री एस जयशंकर के कार्यालय में फोन किया। कॉल पर उसकी बात विदेश सचिव के अवर सचिव विभूति नाथ पांडेय से हुई।अवर सचिव विभूति नाथ पांडेय ने ईरान की राजधानी तेहरान में अपने भारतीय दूतावास से संपर्क किया। उन्होंने गौरव के परिवार को बताया कि भारत के वाणिज्य-दूत ने ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रतिनिधि से बात की है ईरान के फारस, सिस्तान और बलूचिस्तान प्रांत में संबंधित अधिकारियों को जानकारी दी गई है। इंटरपोल विभाग, तेहरान को भी जानकारी दी गई है।

ऐसा आरोप है कि गौरव को फारस से सिस्तान और बलूचिस्तान में बंधक के रूप में ले जाया गया है। इसलिए हमारे वाणिज्य-दूत ने एमएफए प्रतिनिधि के साथ भी इस मामले को उठाया है। फिलहाल गौरव की अभी तक कोई जानकारी नहीं मिली है।अवर सचिव ने आगे बताया कि परिवार के सदस्यों द्वारा उपलब्ध कराए मोबाइल नंबर पर संपर्क स्थापित करने के हमारे वाणिज्य दूतावास के सभी प्रयास आज तक सफल नहीं हुए हैं। क्योंकि मोबाइल नंबर बंद या नॉट रिचेबल हैं। हमारा दूतावास और वाणिज्य दूतावास गौरव कुमार का शीघ्र पता लगाने, कुशलता और भारत वापसी के लिए ईरानी पक्ष के साथ इस मामले को उठाता रहेगा।वहीं, अवर सचिव की ओर से राजन को बताया गया कि हमारे दूतावास ने सुझाव दिया है कि गौरव कुमार को बहकाने वाले कथित अपराधी स्पष्ट रूप से भारत और दुबई में रहने वाले भारतीय नागरिक हैं। इसलिए भारत में ही आवश्यक जांच करना उचित होगा।29 अप्रैल को भारतीय तटरक्षक (आईसीजी) और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने 173 किलोग्राम ड्रग्स पकड़ी थी। इसमें 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। एटीएस के अफसरों ने बताया था कि इन पेडलर्स ने ड्रग्स के बदले बिहार के भोजपुर के युवक को ईरान की गैंग के पास गिरवी रखा था।

इससे पहले ईरान जाने के लिए गौरव 15 फरवरी को पटना जंक्शन पहुंचा था। पटना जंक्शन से लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस ट्रेन से मुंबई पहुंचा और जॉब एजेंट कंपनी (इंटरनेशनल किडनैपर गैंग) के खर्च पर मुंबई के एक होटल में करीब एक सप्ताह ठहरा। 22 फरवरी को एयर अरबिया एयरलाइंस से शारजाह एयरपोर्ट के लिए उड़ान भरा। शारजाह में उसे इंटरनेशनल किडनैपर गैंग के हैंडलर मिस्टर साहू और सोनू ने रिसीव किया। गौरव ने 24 फरवरी को दोपहर 2 बजे चेक इन किया और 25 फरवरी को दोपहर 12 बजे चेक आउट किया। ईरान जाने के दौरान गौरव से परिजनों की कई दफा वीडियो कॉल पर बात हुई थी। लेकिन, 8 मई के बाद से उससे बात नहीं हो सकी है। अब पैडलर्स लगातार दो करोड़ रुपए की मांग कर रहे हैं। जब तक रुपए नहीं दिए जाएंगे, वो गौरव से ना तो बात करवाना चाहते हैं और न ही गौरव को छोड़ना चाहते हैं। वही इस संदर्भ में पिरो के अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी राहुल सिंह ने बताया कि युवक के ईरान में फंसे होने के मामले में स्थानीय थाने में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है इस मामले में इंटरपोल और गुजरात एटीएस संपर्क किया जा रहा है प्रयास है कि जल्दी गौरव को वापस लाया जाए।

## बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। ईद उल अजहा यानी बकरीद पर्व को लेकर लोगों में काफी उत्साह दिख रहा है वही सभी लोग अपने-अपने तरीके से इसकी तैयारी में जुटे हुए हैं वहीं जिला प्रशासन भी इस पर्व को शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर कटिबद्ध है जहां की आज जगदीशपुर थाना में आगामी त्यौहार बकरीद को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमेकी मुख्य रूप से पर्व को शांतिपूर्वक मनाने समेत कई मुद्दों पर चर्चा की गई जहां उसे दिन पूरे जगदीशपुर नगर में पेयजल की आपूर्ति समेत बिजली की निर्वाण रूप से आपूर्ति सुनिश्चित कराई जाएगी वहीं कई स्थानों पर दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल की भी तैनाती की गई है इस बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी संजीत कुमार ने बताया कि सभी लोगों से जगदीशपुर प्रशासन की अपील है की सौहार्द पूर्ण वातावरण में पर्व मनाए किसी भी प्रकार की समस्या हो तो प्रशासन को जरूर सूचित करें वहीं बैठक में उपस्थित अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजीव चंद्र सिंह ने सभी संबंधित पदाधिकारी शांति समिति के सदस्यों समेत पूरे जगदीशपुर नगर वासियों से कहां की सोमवार को मनाया जाने वाले पर्व को लेकर जगदीशपुर प्रशासन काफी सक्रिय है और सभी जगह मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है एवं सभी लोगों से यह अपील है कि शांतिपूर्ण वातावरण में इस त्यौहार को मनाई बैठक में उपस्थित लोगों में अंचलाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी थाना अध्यक्ष एवं शांति समिति के सदस्यों उपस्थित थे।

## हथियार के बल पर सीएसपी से लाखों की लूट मची सनसनी

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। भोजपुर जिले में एक बार फिर तमाम सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देते हुए हथियारबंद अपराधियों ने सीएसपी से लाखों रुपए लूट लिए और फरार हो गए हैं घटना गजराजगंज थाना क्षेत्र के चौकीपुर पासवान चौक स्थित दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र से जुड़ा हुआ है जहां की ग्राहक के भेष में पहुंचे हथियारबंद अपराधियों ने सीएसपी से 120000 लूटकर फरार हो गए घटना के बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना गजराजगंज थाना पुलिस को दी और मौके पर पहुंची पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है यह ग्राहक सेवा केंद्र आरा बक्सर मुख्य मार्ग पर ही अवस्थित है जहां की दोपहर में ग्राहकों से लेनदेन का काम चल रहा था तभी हथियारबंद अपराधी वहां पहुंचे और रुपए लूटकर फरार हो गए ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक संजय कुमार सिंह 2017 से ही दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक का सीएसपी यहां चलते हैं जो की आरा शहर के मौला बाग के निवासी हैं घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई।

वहीं घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी आराम से बाइक से फरार हो गए वहीं स्थानीय पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है हालांकि घटना के बाद लूट कांड का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है जिसके बाद पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की छानबीन में जुट गई है।

# मुख्यालय वार्षिक पारितोषिक वितरण के लिए भोजपुर सहित शाहाबाद के 108 पुलिस कर्मी चयनित

### क्षेत्रीय मुख्यालय में परेड आयोजित कर डीआइजी की ओर से सभी को किया जायेगा सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता



आराः भोजपुर में चर्चित प्रोफेसर दंपती हत्या सहित तीन कांडों के उद्भेदन करने में सराहनीय कार्य करने वाले 64 पुलिस कर्मी पुरस्कृत किए जायेंगे। वार्षिक पारितोषिक वितरण दिवस के अवसर पर सभी को क्षेत्रीय मुख्यालय में परेड आयोजित कर डीआइजी की ओर से सम्मानित (ह्र''ु्रँङ्खल्लङ्कश्रीु८ उक्र्रह्म) किया जाएगा। उसके तहत वरीय अफसरों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया जाएगा। इंस्पेक्टर से सिपाही संवर्ग तक के कर्मियों को प्रशस्ति-पत्र के साथ पुरस्कार के तौर पर नकद राशि भी दी जायेगी। उसके लिए मुख्यालय की ओर से शाहाबाद रेंज के 108 पुलिस कर्मियों को चयनित किया गया है।

उनमें भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार यादव, तत्कालीन एएसपी चंद्रप्रकाश, जगदीशपुर एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह और तत्कालीन नगर थानाध्यक्ष शंभू भगत, नवादा थानाध्यक्ष अविनाश कुमार सहित 64 पुलिस कर्मी शामिल हैं। वहीं पुरस्कार और सम्मान के लिए एक साथ 64 पुलिस कर्मियों का चयन किए जाने से भोजपुर के पुलिस महकमे में काफी खुशी देखी जा रही है। पुलिस मुख्यालय की ओर से इस संबंध डीआइजी को पत्र भेजा गया है। उसके अनुसार आरा के नवादा क्षेत्र के कतीरा मोहल्ले में प्रोफेसर दंपती का चाकू से गोदकर हत्या का उद्भेदन, कोईलवर में बालू तस्करों के पास से एसएलआर सहित काफी संख्या में हथियार बरामदगी और हत्या के फरारी व 50 हजार के ईनामी उमाशंकर मिश्र की गिरफ्तारी को लेकर जिले के 64 पुलिस कर्मियों को सम्मानित करने के चयनित किया गया है। पुलिस मुख्यालय के अनुसार प्रोफेसर दंपती हत्याकांड की चाकू से गोदकर हत्या करने और आभूषण लुटने के मामले में पुलिस टीम द्वारा सीडीआर, टावर डंप और सीसीटीवी फुटेज के अवलोकन करने के बाद अपराध कर्मी तपन डे को असम से गिरफ्तार किया गया था। उसमें एसपी प्रमोद कुमार यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सराहनीय काम किया था। टीम में इंस्पेक्टर शंभू भारत, नवादा थानाध्यक्ष अविनाश कुमार, तत्कालीन दारोगा संजय कुमार सिन्हा, राकेश कुमार सिंह, सिपाही अमित कुमार, अरविंद कुमार, कपिल मंडल, संजय कुमार पाल, ब्रह्मानंद पाठक, धर्मेंद्र कुमार, विनीत कुमार, शैलेश कुमार, विपुल कुमार सिंह, रंजीत कुमार, संजू कुमार और सुकेश कुमार शामिल थे। सभी को सम्मानित करने के लिए चयनित किया गया है। बालू माफिया पर कारवाई और तस्करों के पास से एसएलआर सहित काफी संख्या में हथियार की बरामदगी को लेकर भोजपुर के 25 पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया जाना है। पुलिस मुख्यालय के अनुसार सात जुलाई 23 को एसपी प्रमोद कुमार यादव के नेतृत्व में कोईलवर थाना क्षेत्र के कमालुचक घाट से छापेमारी कर आठ बालू तस्करों को गिरफ्तार किया गया था। तब तस्करों के पास से एक एसएलआर, पांच राइफल, दो देसी कट्टा, एक पिस्टल, 86 गोलियां, खोखे और सात लाख रुपए नगद बरामद किया गये थे। छापेमारी मेंएसपी प्रमोद कुमार यादव के अलावे, तत्कालीन एएसपी चंद्र प्रकाश, इंस्पेक्टर शंभू भारत, तत्कालीन दारोगा अविनाश कुमार, राकेश कुमार सिंह, रवि कुमार गुप्ता, राजू कुमार यादव, संतोष कुमार, सिपाही कमलेश कुमार, अमित कुमार, अरविंद कुमार, कपिल मंडल, संजय कुमार पाल, ब्रह्मानंद पाठक, धर्मेंद्र कुमार, विनीत कुमार, शैलेश कुमार, विपुल कुमार सिंह, रंजीत कुमार, संजू कुमार, सुकेश कुमार, रतन कुमार, प्रियतम कुमार, मदन कुमार और ओम प्रकाश शामिल हैं। सभी को सम्मानित करने के लिए चयनित किया गया है। शाहपुर के करनामेपुर थाना क्षेत्र के सोनवर्षा गांव निवासी गवाह हत्या कांड में फरार व पचास हजार के इनामी उमाशंकर मिश्र की गिरफ्तारी के लिए भी 22 पुलिस कर्मी सम्मानित किए जायेंगे। उनमें एसपी प्रमोद कुमार यादव, जगदीशपुर एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह, इंस्पेक्टर शंभू भगत, तत्कालीन दारोगा राकेश कुमार सिंह, रवि कुमार गुप्ता, राजू कुमार यादव, संतोष कुमार, सिपाही कमलेश कुमार, अमित कुमार, अरविंद कुमार, कपिल मंडल, संजय कुमार पाल, ब्रह्मानंद पाठक, धर्मेंद्र कुमार, विनीत कुमार, शैलेश कुमार, विपुल कुमार सिंह, रंजीत कुमार, संजू कुमार, सुकेश कुमार, रतन कुमार, प्रियतम कुमार, मदन कुमार और ओम प्रकाश शामिल हैं।

## गंगा नदी में डूबें चार लड़के, प्रशासन द्वारा की जा रही तलाश

प्रात : किरण संवाददाता



आरा :भोजपुर जिले के बहोरनपुर ओपी अंतर्गत गंगा नदी के शिवपुर घाट पर गंगा दशहरा पर्व पर स्नान करने के दौरान गंगा नदी में चार लड़कों की डूबने से अफरा तफरी मच गई है। प्रशासन द्वारा डूबे हुए लापता लड़कों की तलाश की जा रही है। लेकिन डूबने के दो घंटे बाद भी लड़कों का कोई अता-पता नहीं चल सका है।

गोताखोरों द्वारा बच्चों की तलाश की जा रही है। लेकिन गंगा नदी के तिलहटी में तेज धार होने के कारण लड़कों का का कुछ पता नहीं चल पा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार डूबे हुए सभी बच्चे बिहिया थाना क्षेत्र के खरौनी गांव के बताए जा रहे हैं।

वही प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शिवपुर घाट पर बना रहे ब्रिज के 200 मीटर पश्चिम लड़के सेल्फी लेने के दौरान गंगा नदी में गिर पड़े एवं नदी के गहरे पानी में चले गए। इसके बाद लोगों द्वारा बचाने का काफी प्रयास किया गया। लेकिन लोग लड़कों तक पहुंच पाते तब तक चारों लड़के गहरे पानी में डूब गए और गंगा नदी के तिलहटी में तेज धार होने के कारण लापता हो गए। बहोरनपुर ओपी प्रभारी अभय शंकर सिंह के अनुसार लड़कों के खोजबीन के लिए एसडीआरएफ की टीम एवं स्थानीय गोताखोर लगाए गए हैं लापता लड़के बिहिया थाना क्षेत्र के खरौनी गांव के बताए जा रहे हैं। जिनका नाम दीपू यादव, सोनू यादव, निशु शर्मा तथा रामजी गोंड़ है।

## श्रेया हत्याकांड में सांसद लवली आनंद ने दोषियों पर गिरफ्तार करने की मांग

प्रात : किरण संवाददाता

औरंगाबाद। नवीनगर की छात्रा श्रेया हत्याकांड में पुलिस के द्वारा अब तक कोई आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं किए जाने से नवीनगर के अलावा पूरे औरंगाबाद जिले में आक्रोश का माहौल है। यह आक्रोश जिला मुख्यालय में देखने को भी मिला। जहां सैकड़ों की संख्या में जनता सड़क पर आ गई और रमेश चौक को जाम कर दिया। इधर इस घटना की जानकारी मिलते ही शिवहर की सांसद लवली आनंद अपने पति पूर्व सांसद आनंद मोहन, बेटे शिवहर के विधायक चेतन आनंद और बेटी डॉ आयुषी के साथ शनिवार की रात्रि ही नवीनगर पहुंची। यहां उन्होंने मृतका के घर जाकर उसके परिजनों से मुलाकात की और उन्हें हरसंभव मदद करने तथा उचित न्याय दिलाने का भरोसा दिया। रविवार की सुबह जिला मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में सांसद लवली आनंद ने कहा है कि मृत छात्रा का पोस्टमार्टम एक अज्ञात शव के रूप में लापरवाही से किया गया है जबकि इस तरह के मामले में डॉक्टरों की टीम गठित करने के बाद पोस्टमार्टम किया जाता है। उन्होंने कहा कि पुलिस इस मामले को हल्के में ले रही है जबकि यह दिल्ली की निर्भया कांड की तरह दूसरा मामला है। उन्होंने औरंगाबाद एसपी से बात की और जल्द से जल्द इस मामले में कार्रवाई करते हुए दोषियों को गिरफ्तार करने की बात कही। कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से भी मिलकर उन्हें इस घटना के बारे में अवगत कराया जाएगा और मृत छात्रा के परिजनों को उचित न्याय दिलाने की मांग की जाएगी। वहीं पूर्व सांसद आनंद मोहन ने कहा कि मैंने सासाराम डीएम से बात की और कहा कि पोस्टमार्टम वाले जगह का सीसीटीवी फुटेज को जब्त कर दिखाया जाए क्योंकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर ही अच्छे से कार्रवाई होगी। कहा कि अगर पुलिस चाहेगी तो इस घटना का सच सामने आएगा अन्यथा नहीं आएगा।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री और पूर्व सांसद आरके सिंह का भव्य स्वागत

प्रात : किरण संवाददाता



आरा। लोकसभा चुनाव के बाद पहली बार आरा पहुंचे पूर्व केंद्रीय मंत्री और पूर्व सांसद राजकुमार सिंह का आरा लोकसभा क्षेत्र के प्रवेश द्वार कोईलवर में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कड़ी धूप के बावजूद भाजपा कार्यकर्ताओं ने कोइलवर के थाना मोड़ के समीप एनएच 922 पर पहुँच पूर्व केंद्रीय मंत्री सह आरा के पूर्व सांसद आरके सिंह का जोरदार स्वागत किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने आरके सिंह के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। स्वागत के दौरान कार्यकर्ताओं ने अंगवस्त्र से स्वागत करते हुए उन्हें फूल मालाओं से लाद दिया। मौके पर ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष ऋतु राज, कोइलवर मंडक अध्यक्ष राकेश शर्मा, शेखर गुप्ता, विवेक श्यामप्रकाश विंद,वीणा गुप्ता,विशाल सिंह,सोनू पाठक समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## शहर के लोगों की समस्या का समाधान नगर आयुक्त द्वारा किए गया

प्रात : किरण संवाददाता

गया । गया शहर के लोगों की समस्या को शनिवार को अभिलाषा शर्मा, नगर आयुक्त गया नगर निगम द्वारा नगर निगम कार्यालय में जनता दरबार में आए पेंशन, होल्डिंग टैक्स, अतिक्रमण, अनाधिकृत निर्माण नाला निर्माण आदि लगभग 18 नागरिकों के शिकायतों को सुना गया है।नागरिकों के शिकायतों को नगर आयुक्त द्वारा सुनकर उनके आवेदनों को संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मचारी को अग्रेतर कार्यवाई हेतु अग्रसारित किया गया। नगर आयुक्त द्वारा शनिवार को जनता दरबार के माध्यम से शिकायतों को सुना गया है।इस जनता दरबार में उप नगर आयुक्त, संबंधित लिपिक/ सहायक भी मौजूद थे

## कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी ने अग्निशमन विभाग को तीन कुलर उपलब्ध कराया

प्रात : किरण संवाददाता



गया।कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी संस्था के द्वारा अग्निशमन कार्यालय में स्टेशन गर्मी से बचने के लिए कुलर उपलब्ध कराया गया है। इस संबंध में विकास कुमार माली ने बताया कि अग्निशमन सेवा के संयुक्त मंत्री संजय कुमार के द्वारा जानकारी मिला था। कि कार्यालय ने इस भीषण गर्मी से वहा कार्य कर रहे कर्मी काफी परेशान है। जानकारी मिलते ही कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव तत्काल अग्नि समन के संयुक्त मंत्री संजय कुमार को 3 कुलर उपलब्ध कराया है। साथी उन्होंने कहा कि अग्निशमन विभाग विभाग के लोग अपनी जान पर खेल कर किसी के घर दुकान आदि जगहों पर आग लगता है। तो उसे बुझाने का कार्य करते हैं।उन्होंने कहा कि ऐसे पदाधिकारी और कर्मी को हमारी संस्था से जो भी कुछ सहयोग चाहिए तो हमारी संस्था देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए संस्था के द्वारा कुलर उपलब्ध कराया गया है। संस्था अग्नि समन विभाग के लिए हमेशा तत्पर्य है।

## केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने मगध हेल्थ केयर हॉस्पिटल का किया शुभारंभ

प्रात : किरण संवाददाता



गया।शहर के मीर अबू सालेह रोड स्थित मगध हेल्थ केयर का रविवार को केंद्रीय सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री सह नवनिर्वाचित सांसद जीतन राम मांझी, टिकारी विधायक डॉ अनिल कुमार, जदयू महानगर अध्यक्ष राजू बरनवाल,पंचायती अखाड़ा उदासीन संगत के महंत दुर्वेश दास एवं अस्पताल के प्रबंध निदेशक सह वार्ड पार्षद राहुल कुमार ने वैदिक मंत्रोच्चारण एवं स्वस्तिवाचन के साथ फीता काटकर उद्घाटन किया गया है। इस उद्घाटन के मौके पर केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि गया में आधुनिक सुविधाओं से युक्त अस्पताल खोलने से आम गरीब लोगों को काफी फायदा होगा। यह अच्छा प्रयास है। गया में इस तरह के अस्पताल के अस्पताल के जरूरत थी।वही अस्पताल के डायरेक्टर राहुल कुमार ने बताया कि हृदय रोग के लिए कार्डियोलॉजिस्ट, किडनी रोग के लिए नेफ्रोलॉजी, मधुमेह, हड्डी एवं नस , नेत्र, मुख एवं दंत, स्त्री प्रसूति एवं बांझपन रोग विशेषज्ञ और एम्स, आईजीआईएस, पीएमसीएच के चिकित्सकों द्वारा रोगियों का सफल इलाज किया जाएगा। एक छत के नीचे सभी रोगों के इलाज की सुविधा उपलब्ध है। प्रतिदिन ओपीडी सुविधाऐं मिलेगी। स्त्री रोग विशेषज्ञ के द्वारा प्रतिदिन महिलाओं के लिए परिवार नियोजन की सुविधा रहेगी। कोई भी मरीज चिकित्सकीय परामर्श संबंधित रोगों के चिकित्सक से ले सकते हैं।इस अवसर पर जदयू महानगर अध्यक्ष राजू बरनवाल, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा वरिष्ठ नेता रोमित कुमार, वार्ड पार्षद ओमप्रकाश सिंह, धीरज रौनीयार,शहीद उच्च विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार सिंह, अश्वनी सिंह, डॉ नवनीत निश्चल,डॉ भवानी शंकर, डॉ आशमा ज्योति,डॉ रिचा कुमारी, डॉ आनंद शंकर,डॉ अबू हुरैरा, डॉ प्रमोद कुमार, डॉ सनी कुमार सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

### नशाखुरानी का शिकार हुए युवक की इलाज के दौरान सीएचसी गिद्धौर में हुई मौत

गिद्धौर/जमुई। शनिवार को गिद्धौर के दिग्विजय सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए गए नशाखुरानी गिरोह के शिकार व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। बताया गया कि गिद्धौर रेलवे स्टेशन से किसी व्यक्ति ने डायल 112 को बेहोशी की अवस्था में मिले अज्ञात व्यक्ति की सूचना दी। जिसके बाद डायल 112 की पुलिस ने उक्त व्यक्ति को दिग्विजय सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गिद्धौर पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान शनिवार की देर रात युवक की मौत हो गई। व्यक्ति के पास से आधार कार्ड एवं ई-श्रम कार्ड मिला। जिसमें नाम मोहम्मद ताजुद्दीन गौहर, निवासी केशवा, भागलपुर, उम्र 30 वर्ष अंकित है। मामले के संदर्भ में गिद्धौर थानाध्यक्ष रीता कुमारी ने बताया कि आधार कार्ड में दिए पते के आधार पर उक्त व्यक्ति के परिजनों से संपर्क किया गया।



# डलास में कॉन्सर्ट के बीच में रोके जाने पर बादशाह ने फैंस से मांगी माफी

जाने-माने रैपर बादशाह डलास कॉन्सर्ट के बीच में ही रोक दिए जाने को लेकर फैंस से माफी मांगी है। स्थानीय प्रमोटरों और प्रोडक्शन कंपनी के बीच किसी अनबन के चलते उन्हें अमेरिका के डलास में अपना संगीत कार्यक्रम बीच में ही रोकना पड़ा।
बादशाह इन दिनों अपने तीसरे स्टूडियो एल्बम एक था राजा के चलते अमेरिका और कनाडा के दौरे पर हैं। उनका ये टूर मई में शुरू हुआ और अगस्त में पूरा होगा।
बादशाह ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक पोस्ट साझा किया है। इसमें उन्होंने कहा कि उनका दिल टूट गया और वह परेशान हैं, क्योंकि डलास के कर्टिस कुलवेल सेंटर में अपना प्रदर्शन बीच में ही रोकना पड़ा। उन्होंने लिखा, डलास, आज जो कुछ हुआ उससे मैं सचमुच बहुत दुखी और निराश हूं। आप लोग बहुत अच्छे हैं और इससे बेहतर के हकदार हैं। उन्होंने आगे लिखा, मैं आपके शहर में प्रदर्शन करने के लिए उत्सुक था, लेकिन स्थानीय प्रमोटरों और प्रोडक्शन कंपनी के बीच किसी अनबन के कारण, मुझे शो को बीच में रोकने के लिए मजबूर होना पड़ा। यह उन फैंस के लिए उचित नहीं है, जो उस टिकट को खरीदने के लिए अपनी मेहनत की कमाई खर्च करते हैं, और यह पूरे दल के लिए उचित नहीं है, जो इन यात्राओं पर अपना दिल लगाते हैं। हम हफ्तों तक अभ्यास करते हैं, महीनों तक योजना बनाते हैं और आपको शानदार अनुभव प्रदान करने के लिए अथक यात्रा करते हैं। रैपर ने आगे लिखा, हम प्रमोटर की ओर से प्रबंधन की इस कमी के कारण हुई असुविधा, निराशा और परेशानी के लिए ईमानदारी से माफी मांगते हैं। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि भविष्य में अधिक सक्षम प्रमोटर टीम के साथ चीजों को बेहतर ढंग से प्रबंधित किया जाए, जो गुणवत्तापूर्ण अनुभव को प्राथमिकता देती है और समझती है कि संगीत और दौरा एक गंभीर व्यवसाय है।
डलास में आयोजित बादशाह का संगीत कार्यक्रम बीच में ही रुक गया और उनके शो के टिकट खरीदने वाले फैंस अचानक रुकने के बाद निराश हो गए। इस बात को लेकर रैपर-सिंगर ने फैंस से माफी मांगी है।
गायक-रैपर ने आगे कहा, मैं वापस आने का वादा करता हूं और यह पहले से अधिक बड़ा, बेहतर और साहसिक होगा।



# डिप्रेशन की समस्या से गुजर चुकी हैं पशमीना रोशन

**ऋतिक रोशन की चचेरी बहन पशमीना रोशन अभिनय की दुनिया में कदम रखने जा रही हैं। उनकी पहली फिल्म का नाम इश्क विश्क रिबाउंड है। इन दिनों वह फिल्म का जोर शोर से प्रचार कर रही हैं। इस बीच एक साक्षात्कार में उन्होंने अपने मानसिक स्वास्थ्य और अपनी पहली फिल्म को लेकर खुलकर बात की।**

हाल ही मे एक साक्षात्कार के दौरान पशमीना रोशन ने खुलासा किया कि वह कुछ वर्ष पहले डिप्रेशन की समस्या से जूझ रही थीं। बातचीत के दौरान उन्होंने यह भी कहा कि वह इस बात को लेकर भ्रमित थीं कि वह अच्छी अभिनेत्री बन सकती हैं या नहीं।
अभिनेत्री ने खुलासा किया कि डिप्रेशन के दौरान वह केवल दोपहर में सोती थीं। पशमीना ने साझा किया कि वह स्कूल में थिएटर ग्रुप का हिस्सा थीं, लेकिन उस समय उन्हें यह नहीं पता था कि आगे उन्हें इस क्षेत्र में करियर बनाना है। अभिनेत्री ने कहा, इसलिए, मैंने मार्केटिंग के लिए यूके में विभिन्न विश्वविद्यालयों में आवेदन किया था। मुझे वीजा भी मिल गया था, कमरे बुक हो चुके थे। उस समय गर्मियों की छुट्टियां चल रही थीं और मैं बहुत उदास थी। मेरे सभी दोस्त पार्टियों में जाते थे और वे सब कुछ करते थे। मैं केवल दोपहर में सोती थी। पशमीना ने कहा कि इसके बाद उन्होंने अभिनय और नृत्य की कक्षाएं लीं। भरतनाट्यम सहित डांस के विभिन्न रूपों को सीखा और लगातार ऑडिशन दिए। पशमीना रोशन ने आगे कहा कि उन्हें कई बार रिजेक्ट भी किया गया, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी।
अभिनेत्री ने खुद का मूल्यांकन किया और अपने परिवार से मिले फीडबैक पर काम किया, जिससे उन्हें अपनी पहली फिल्म मिलने में मदद मिली। इश्क विश्क रिबाउंड की बात करें तो यह फिल्म 21 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# अब क्रिसमस पर नहीं रिलीज होगी वेलकम टू द जंगल

बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार यानी कि अक्षय कुमार स्टारर फिल्म वेलकम टू द जंगल लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। दर्शकों को इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार है। ये एक मल्टीस्टारर फिल्म है, जिसमें अक्षय के साथ-साथ संजय दत्त, सुनील शेट्टी, दिशा पटानी, रवीना टंडन, लारा दत्ता, जैकलीन फर्नांडीज जैसे कई सितारे शामिल हैं। फिल्म ने मई में अपना पहला शेड्यूल पूरा किया है। ये फिल्म इस साल दिसंबर में रिलीज होने वाली थी। मगर, अब मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट टाल दी है। वेलकम टू द जंगल के निर्माताओं ने बहुत धूमधाम के साथ फिल्म की घोषणा की थी। मगर मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मेकर्स अब इस साल फिल्म को रिलीज नहीं कर पाएंगे।




# अर्जुन कपूर ने खुद किया खुलासा - सोनाक्षी के साथ क्यों नहीं चला रिश्ता



अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा इन दिनों अपनी शादी की खबरों को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। अभिनेत्री 23 जून को बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल के साथ शादी के बंधन में बंधने जा रही हैं। इसी बीच सोशल मीडिया पर अर्जुन कपूर और सोनाक्षी सिन्हा को लेकर मीम्स बन रहे हैं। तेवर की शूटिंग के दौरान दोनों के रिश्ते में होने की अफवाह उड़ी थीं, मगर फिल्म के खत्म होने के बाद उनके रिश्ते के खत्म होने की बात भी सामने आई थी। हाल ही में अर्जुन ने उनके और सोनाक्षी के रिश्ते पर बात की है। अर्जुन कपूर से एक बातचीत में उनके और सोनाक्षी के रिश्ते से जुड़ा सवाल पूछा गया। इसके जवाब में उन्होंने कहा, कुछ इक्वेशन लंबे समय तक चलते हैं। अन्य एक फिल्म के निर्माण से आगे नहीं बढ़ते, क्योंकि इसके खत्म होने के बाद, लोग अपने अलग-अलग रास्ते अपना लेते हैं। मैं अभी भी एक व्यक्ति के रूप में उनसे बहुत प्यार करता हूं। उन्होंने कहा, हमेशा ऐसा दिखाया जाता है कि हम पार्टियों में एक-दूसरे को पहचानते नहीं हैं। जो कि सच नहीं है। हम हमेशा एक-दूसरे से बात करने की कोशिश करते हैं। हम दोनों में से किसी पर भी एक निश्चित समय से आगे इक्वेशन बनाए रखने का कोई दबाव नहीं है। एक मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों के अलग होने का कारण दोनों की भावनाएं थीं।
मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सोनाक्षी जल्द ही अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड जहीर इकबाल के साथ शादी के बंधन में बंधने वाली हैं। खबर के अनुसार, सोनाक्षी और जहीर 23 जून को रजिस्टर्ड मैरिज करेंगे। इसके बाद शाम में रिसेप्शन पार्टी देंगे। इनकी शादी का कार्ड भी वायरल हो रहा है, जिसमें शादी से जुड़ी जानकारियां लिखी हुई हैं।



# पोलोमी दास ने नागवधू-एक जहरीली कहानी में अपने किरदार का किया खुलासा

टीवी की मशहूर एक्ट्रेस पोलोमी दास ने पौराशपुर, नागिन 6 और बारिश जैसे शो से दर्शकों के दिलों में अपनी जगह बनाई है। वह जल्द ही नागवधू-एक जहरीली कहानी में नजर आएंगी। उन्होंने शो में अपने किरदार सनवरी के बारे में खुलकर बात की और कहा कि यह सीरीज एक महिला के संघर्ष को दिखाती है।
पोलोमी ने कहा, मेरा किरदार सनवरी भारत के एक छोटे से गांव में रहती है। उसका पूरा गांव बहुत सारे अंधविश्वास के साथ जीता है। वह शादीशुदा है। शो की कहानी उसकी जिंदगी में शादी के बाद आए बदलाव पर आधारित है। वह अंदर से पूरी तरह से टूट चुकी है।
एक्ट्रेस ने कहा, शो में आप देख पाएंगे कि सनवरी अपनी जिंदगी के बुरे दौर से कैसे उबरती है। यह सीरीज एक महिला की यात्रा और उसके भीतर के संघर्ष को दिखाती है। पोलोमी ने नागवधू के डायरेक्टर जीतू के साथ अपनी अच्छी बॉन्डिंग के बारे में भी बात की। उन्होंने बताया कि वह उनके साथ पहले भी काम कर चुकी हैं। उन्होंने कहा, जब आप जीतू जैसे अच्छे डायरेक्टर के साथ काम करते हैं, तो सेट पर सब कुछ आसान हो जाता है। कुछ सीन ऐसे होते हैं जिनमें सावधानी बरतनी पड़ती है। हमें इसे खूबसूरती से शूट करना चाहिए, न कि अश्लील तरीके से। हमारे डायरेक्टर ने इसे ठीक से किया है और सुनिश्चित किया है कि हम सेट पर कंफर्टेबल रहें। नागवधू-एक जहरीली कहानी सीरीज एक ऐसी महिला के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसको लेकर चर्चाएं हैं कि वह जिस भी लड़के के साथ रात बिताती है, उसकी हत्या कर देती है। सीरीज में सुबुही जोशी ने आभा का रोल निभाया है। यह 21 जून को ऑल्ट पर रिलीज होगी।



# जिन्हें किया लॉन्च, उन्होंने नई फिल्म के लिए जवाब तक नहीं दिया

**अनुराग कश्यप लीक से हटकर फिल्में बनाने के लिए जाने जाते हैं। अलग तरह की कहानियां पेशकर उन्होंने दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई है। हाल ही में वह महाराजा नाम की फिल्म में बतौर अभिनेता नजर आए थे। वह जल्द ही लोगों के लिए बैड कॉप नाम की सीरीज लेकर आ रहे हैं।**

इस शो में वह अहम किरदार में नजर आने वाले हैं। इस बीच निर्देशक ने एक साक्षात्कार में इंडस्ट्री के कलाकारों को लेकर एक हैरान कर देने वाला खुलासा किया है। अनुराग ने कहा कि जब उन्होंने दो अभिनेताओं से उनकी नई फिल्म के लिए संपर्क करने की कोशिश की तो उन्होंने उन्हें पहले टाला और फिर जवाब देना बंद कर दिया। निर्देशक ने खुलासा किया कि उन दोनों अभिनेताओं को उन्होंने ही लॉन्च किया था। इस बातचीत के दौरान अनुराग ने कहा कि वह उन कलाकारों का सम्मान करते हैं, जो वैध कारण बातकर फिल्म में काम करने से इनकार कर देते हैं। निर्देशक ने कहा कि वह उन लोगों से निराश हैं, जो उन्हें इंतजार करवाते हैं और बाद में संपर्क रखना भी छोड़ देते हैं। उन्होंने कहा, मुझे कुछ लोगों की खूबी पसंद है जो कोई कारण से फिल्म के लिए नहीं कह देते हैं। मैं उनका बहुत सम्मान करता हूं, लेकिन जो लोग आपको दो-तीन साल तक इधर-उधर घुमाते हैं और फिर मना कर देते हैं या फिर आपको जवाब देना भूल जाते हैं, ऐसे लोगों से मुझे समस्या है।
दो अभिनेता हैं जिन्होंने मेरे साथ अपना करियर शुरू किया और फिर जिस फिल्म में मैं काम कर रहा हूं, उसको लेकर वे जवाब देना भूल गए। उन्होंने हां या न कहने की परवाह भी नहीं की। वे बस भूल गए। बैड कॉप की बात करें तो इस सीरीज में अनुराग के अलावा गुलशन देवैया और हरलीन सेठी भी अहम किरदारों में हैं। सीरीज में दर्शकों को आठ एपिसोड देखने को मिलेंगे। शो का निर्देशन आदित्य दत्त ने किया है।

# इश्क विश्क रिबाउंड के लिए शाहिद कपूर ने लिखा भावुक नोट



शाहिद कपूर ने फिल्म 'इश्क विश्क' से साल 2003 में बॉलीवुड में डेब्यू किया था। 21 सालों बाद अब निर्माता इस फिल्म का सीक्वल 'इश्क विश्क रिबाउंड' लेकर आए हैं। शाहिद कपूर ने इंस्टाग्राम पर स्टोरी साझा करते हुए 'इश्क विश्क रिबाउंड' की टीम को बधाई दी है। उन्होंने फिल्म के लिए उत्साह भी जाहिर किया है।
शाहिद ने एक प्यारा सा नोट लिखते हुए फिल्म की पूरी टीम को शुभकामनाएं दी हैं।
शाहिद ने लिखा, 'मुझे आशा है यह आप लोगों के लिए उतनी ही स्पेशल हो जितनी 21 साल पहले मेरे लिए थी, बेस्ट ऑफ लक'।

## संक्षिप्त खबरें

### 51 जोड़ों का सामूहिक विवाह द्वारा नि: शुल्क रजिस्ट्रेशन

गया।आप अपने क्षेत्र बिहार झारखंड से कोई भी समाज का जरूरतमंद जोड़ा हो जिनकी शादी ठीक हो गई हो और आर्थिक मजबूरी और स्थान की कमी के कारण विवाह नहीं करवा पा रहे हो तो वैसे जोड़ो को हमारी संस्था मां वैष्णो देवी सेवा समिति के द्वारा करवा दी जाएगी।जिसमें प्रत्येक जोड़ो को विधिवत उनकी शादी करवाई जायेगी सारा खर्च घर से करके आयेंगे, केवल बारात का सारा बीच हमलोग करवाएंगे जैसे मेहंदी लहंगा चुनरी शेरवानी भोज सभी लोगों का 51 मंडप 51 पण्डित द्वारा विधिवत होगी।अतः आप सभी अपने आस पास यह सूचना दे और पुण्य के भागी बने हमलोग वर वधु को गृहस्ती बसाने हेतु सारी सामग्री उपहार स्वरूप भी देते है।नोट लड़की का उम्र 18 वर्ष से ऊपर और लड़का का उम्र 21 वर्ष से ऊपर वर पक्ष और वधू पक्ष से दस दस लोग आ सकते है।रजिस्ट्रेशन हेतु संपर्क करें।

### गंगा दशहरा पर्व को लेकर माँझी के राम घाट सरयू नदी तट पर श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

माँझी। सारण गंगा दशहरा पर्व को लेकर माँझी के राम घाट सरयू नदी तट पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।इस महापर्व पर सभी ने स्नान-दान करते हुए भगवान विष्णु का विशेष प्रकार से पूजा-अर्चन किया।माँझी के राम घाट स्थित हनुमान गढ़ी मंदिर परिसर में चल रहे चौबीस घंटे का अखण्ड अष्टयाम के बीच नदी तट पर भोर से ही माँझी के सैकड़ों गाँव टोले से स्नान को लेकर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा।महिला-पुरुषों ने सरयू में आस्था की डुबकी लगाई। विद्वानों के अनुसार मान्यता है कि गंगा दशहरा के दिन मां गंगा का स्वर्ग से पृथ्वी पर अवतरण हुआ था। भागीरथ के तपस्या से प्रसन्न होकर ब्रह्मदेव ने उन्हें वरदान दिया था।जिससे माँ गंगा भगवान शिव की जटा से होकर पृथ्वी पर उतरी थी।

### पुलिस ने चार शराबी को किया गिरफ्तार

परसा।थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव में शराब पीकर हंगामा कर रहे चार शराबीयो को परसा पुलिस ने गिरफ्तार किया।गिरफ्तार शराबियों में थाना क्षेत्र के अन्याय गांव निवासी लोकनाथ राय,रामप्रवेश महतो तितरा गांव निवासी सुखारी राय तथा विशुनपुरा गांव निवासी सुरेन्द्र शर्मा बताया जाता हैं।गिरफ्तार शराबियों पर उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर शनिवार को जेल भेज दिया।

### पुलिस ने अज्ञात शव किया बरामद

परसा।थाना क्षेत्र के धर्म बागी गाछी से परसा पुलिस ने एक अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद किया है।बगीचा में बृद्ध की शव होने की सूचना पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई।ग्रामीणों ने बताया कि बृद्ध ब्यक्ति की शव बगीचा में कब से था।इसकी जानकारी किसी को नही है।बगीचा जब लोग गया तो देखा कि कोई बृद्ध ब्यक्ति सो रहा है।करीब जाकर लोग देखा तो बृद्ध को मौत होने की शंका हुई।तब ग्रामीणों द्वारा पुलिस को सूचना दिया गया।पुलिस पहुँच शव को लेकर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसा पहुँची।पुलिस द्वारा ग्रामीणों से शव को शिनाख्त कराने के प्रयास किया जा रहा है।लेकिन पहचान नही हो सका था।बृद्ध ब्यक्ति उजला गंजी,धोती पहने हुए है।

### जिंदा कारतूस के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

परसा।थाना क्षेत्र के विशुनपुरा गांव में एक ब्यक्ति के पास 6 जिंदा कारतूस होने की गुप्त सूचना मिली।जिसपर पहल करते हुए थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने तत्वरित करवाई करने हेतु पीएसआई अभिषेक कुमार को पुलिस बल के साथ थाना क्षेत्र के बिशनपुरा में छापेमारी करने का निर्देश दिया।निर्देश के आलोक में विशुनपुरा गांव में पुलिस ने छापेमारी किया तो एक ब्यक्ति को 6 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार ब्यक्ति परसा थाना क्षेत्र के बिशनपुरा गांव निवासी वीरेंद्र महतो बताया जाता है।गिरफ्तार व्यक्ति पर आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज रविवार को जेल भेज दिया।पुलिस अन्य विंदुओं पर जांच कर रही है।

### आपसी भाईचारा कायम बनाएं रखने को लेकर बैठक

औरंगाबाद।कुबार्नी को लेकर आपसी भाईचारा के साथ मानने को लेकर पैगाम ए इंसानियत मुस्लिम समुदाय के सदसो ने कहां की औरंगाबाद शहर हमेशा रहा है।अमन चैन का और रहेगा भी आगे हम सब मिलजुलकर एक दूसरे का सहयोग करेंगे मिलकर परमनाएंगे।खुले में कुबार्नी ना करे न किसी तरह, सार्वजनिक जगह पर कुबार्नी ना करें पर्दे के अंदर कुबार्नी दें किसी भी तरह का बयान देने से बचे।शहर के पठान टोली मस्जिद परिसर मे लगा हिंदुस्तान जिंदाबाद हिंदू मुस्लिम एकता जिंदाबाद हम सब हैं भाई भाई का लगा नारा।कुबार्नी की वीडियो, आपत्तिजनक फोटो वायरल करने पर कार्रवाई। बकरीद को लेकर शहर के पठान टोली मसजिद के परिसर में हुई आपसी भाईचारा कायम बनाएं रखना को ले कर बैठक।

# बिहार के केंद्रीय मंत्री के नेतृत्व में बिहार दौड़ेगी विकास के पथ पर

प्रात: किरण संवाददाता



बरियारपुर (मुंगेर)। बरियारपुर प्रखंड कार्यालय सड़क मार्ग में लोकसभा रामविलास पार्टी के द्वारा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के अंतर्गत मिले पांच के पांच लोकसभा सीट पर शानदार जीत दर्ज करने की खुशी में लोजपा कार्यकर्ता के द्वारा बैठक कर जश्न मनाया गया जिसकी अध्यक्षता प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष मनोहर दास मंच संचालन लेबर प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव आत्माराम ने किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोजपा रामविलास के मुंगेर जिला अध्यक्ष प्रमोद पासवान उपस्थित थे मुख्य अतिथि ने कहा की लोकसभा के लिए मिले पांचों सीट पर लोजपा आर के द्वारा शत प्रतिशत जीत दर्ज कर इतिहास रच दिया गया है हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा हृदय सम्राट चिराग पासवान को केंद्र में मंत्री बनने तथा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के कद्दावर नेता राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह के शानदार जीत एवं भारत सरकार में केंद्रीय मंत्री बनने के शुभ अवसर पर यह जश्न मनाया गया बिहार राज्यसे बनाए गए सभी केंद्रीय मंत्री अब बिहार को विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ाएंगे साथ ही साथ चिराग जी भी अपने पिता के बचे हुए सपनों को पूरा करेंगे हम सभी कार्यकर्ता विकास कार्य में हमेशा एकजुट होकर उनको सहयोग करते रहेंगे मौके पर लोजपा के पदाधिकारी राजेश पासवान सुनील पासवान अवधेश पासवान सुरेंद्र पासवान रविंद्र पासवान प्रहलाद कुमार आलोक रंजन ब्रह्मदेव मंडल बबलू सिंह भूषण पासवान मोहन मंडल देवेंद्र यादव सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# वीटीआर के ईडीसी सदस्यों के साथ मंत्री ने की बैठक

प्रात: किरण संवाददाता,



गया। वाल्मीकिनगर वन विभाग के ऑडियो वीडियो हॉल में रविवार को पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री प्रेम कुमार ने टाइगर रिजर्व के ईडीसी अध्यक्षों एवं सहकारिता विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक किया। बैठक में ईडीसी अध्यक्षों के द्वारा अपनी समस्याओं से मंत्री को अवगत कराया गया ।इस बैठक में 14 समिति के अध्यक्ष शामिल रहे । परमानंद प्रसाद ईडीसी अध्यक्ष कुनई ने कहां की लगभग 1000 से ज्यादा किसान जंगल के नजदीक निवास करते हैं जिनके फसल जंगली जानवरों द्वारा नुकसान किया जाता है। जिसका मुआवजा भी किसानों को नहीं मिल पाता है वही गरीब किसानों को जिन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिलता है। गांव के नजदीक नदी नालों से बालू निकासी पर रोक लगाई जाती है ।

विनोद उरांव बैरागी सोनबरसा के अध्यक्ष ने बताया कि जंगल से आने वाली पानी में शील्ट होने के कारण खेत की उपजाऊ मिट्टी पर बालू और शील्ट जमा हो जाती है। जिससे जमीन की उर्वरा शक्ति समाप्त होती जाती है। वहीं किसानों को घर बनाने के लिए नदी नालों से बालू की निकासी पर प्रतिबंध है। बकरी पालन सिलाई मशीन वन विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जाती है किंतु उनकी खरीद ईडीसी की निगरानी में हो ताकि पारदर्शिता बनी रहे। वही रेणु देवी चिउंटहा अध्यक्षा ने बताया कि सरकार का प्रयास वनों की सुरक्षा उसके विकास के लिए सराहनीय है, किंतु वनवर्ती ग्रामीणों के लिए सरकार सहानुभूति पूर्वक विचार करते हुए रोजगार मुहैया करवाए। गर्दी दोन की अध्यक्षा सोनपति देवी ने कहा कि ग्रामीणों के गांव के नजदीक जंगली नदी से फसल खेत मकान की बबार्दी होती है ।जिसका मुआवजा अब तक नहीं मिलता है। संजय पटवारी गोवर्धना अध्यक्ष ने कहा कि हमारा गांव जंगल से घिरा है जिस कारण जंगली जानवरों द्वारा पालतू पशुओं, और फसलों का नुकसान होता है। जंगल के बाहरी छोर पर बाउंड्री हो जाने से नुकसान पर रोक लगाई जा सकेगी। वही मुआवजा की प्रक्रिया अत्यंत जटिल होने के कारण किसानों को मुआवजा का लाभ नहीं मिल पाता है। एक एकड़ में अत्यंत कम मुआवजा का तीन गुना लागत होती है। मुआवजा की प्रक्रिया को सरल किया जाए। ईडीसी को कोई भी सुविधा उपलब्ध नहीं है ।जंगली नदी से होने वाले खेतों के कटाव का मुआवजा भी नहीं मिलता है। वन विभाग से एलपीसी बनाने की प्रक्रिया को सरल किया जाए, यह अत्यंत जटिल है। सतपुर के अध्यक्ष ने कहा कि राजस्व गांव घोटवा टोला में स्थित नाला में बरसात के दिनों में पानी ज्यादा होने के कारण मुख्य सड़क से ग्रामीणों का संपर्क टूट जाता है। बच्चों की शिक्षा बाधित होती है वहीं पूर्व संतपुर अध्यक्ष केदार काजी ने कहा कि वन विभाग की रिक्त भूमि पर पौधारोपण किया जाए जिससे वन भूमि का अतिक्रमण ना हो सके और पर्यावरण की रक्षा भी हो। 2021 में गेंडा द्वारा फसल नुकसान का मुआवजा किसानों को अभी भी अप्राप्त है ।जंगली जानवरों से फसलों की रक्षा के लिए झटका मशीन लगाने की अनुमति मिले। वन विभाग मुआवजा देने में उदासीनता ना रखें। मुख्यमंत्री के दरुआवारी गांव आगमन पर दरुआबारी से तीन आरडी पुल तक सड़क निर्माण का सड़क आश्वासन मिलने के बावजूद अब तक प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है।

वही मौके पर मौजूद वाल्मीकि नगर विधानसभा के युवा विधायक धीरेंद्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह ने ग्रामीण और किसानो की समस्याओं पर वन विभाग के अधिकारियों को सहानुभूति पूर्वक विचार करने की बात कही। उन्होंने कहा कि वन संपदा और वन्यजीवों की सुरक्षा में ग्रामीण और किसानों का अहम योगदान है। वन विभाग से सहयोग मिलने पर जनता रक्षक के रूप में रहेगी किंतु सहयोग नहीं मिलने पर यही जनता भक्षक भी बन सकती है। विधायक ने गनौली वन क्षेत्र के वनपाल कुंदन द्वारा रिश्वत लेने के ऑडियो वायरल होने पर तथा निर्दोष छात्रों पर प्राथमिकी दर्ज करने पर कड़ी प्रतिक्रिया दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि नदी नालों से वन विभाग के अधिकारियों द्वारा बालू की निकासी कराई जाती है। वहीं जब गरीब लाचार ग्रामीण द्वारा बालू निकालने पर प्राथमिकी दर्ज की जाती है। यह कहां का न्याय है। एलपीसी के लिए मुखिया और ईडीसी को अधिकृत किया जाए ताकि मुआवजा की प्रक्रिया सरल हो सके।

मंत्री प्रेम कुमार ने माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पर्यावरण की सुरक्षा की दिशा में किए गए कार्यो की सराहना की और कहा कि प्रदूषण को रोकने और पर्यावरण की सुरक्षा के लिए उनके द्वारा लगातार प्रयास जारी है।

मैं इसके पूर्व भी आया था। कई समस्याओं से अवगत हुआ था। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार के द्वारा किसानों और ग्रामीणों के लिए विश्वकर्म योजना, आयुष्मान भारत योजना, आवास योजना आदि तमाम योजनाएं लागू की गई है। ताकि इसका लाभ समाज के सभी वर्ग को मिले। उन्होंने जिलाधिकारी से इन बिंदुओं पर वार्ता करने का आश्वासन दिया केंद्र व राज्य की योजनाओं को लागू करने के लिए सर्वे कराई जाएगी जिनको लाभ नहीं मिल रहा है, उनको लाभ दिलाना पहली प्राथमिकता है ।उन्होंने वन अधिकारियों को ईडीसी के साथ तालमेल बनाए रखने का निर्देश दिया।

## गंगा दशहरा पर गंगा स्नान को लेकर गंगा-स्नान करते रहे श्रद्धालु

प्रात: किरण संवाददाता



तारापुर (मुंगेर)। रविवार के दिन आहले सुबह से ही दोपहर तक उत्तर वाहिनी गंगा सुल्तानगंज गंगा दशहरा स्नान करने को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ सड़क मार्ग में लगी रही । गौरतलब है कि क्षेत्र के असरगंज तारापुर संग्रामपुर खड़गपुर टेटिया बंबर सहित जमुई जिला के लक्ष्मीपुर बांका जिला के बेलहर साहिबगंज शंभूगंज खेसर इत्यादि जगहों से निजी एवं किराए की बस से भारी संख्या में पुरुष महिला एवं नौजवान सुल्तानगंज गंगा स्नान के लिए निकल पड़े। छोटी बड़ी कई वाहनों पर महिलाएं गीत गाकर सुल्तानगंज जाते दिखे । दिनों भर सड़क मार्ग में श्रद्धालुओं को लेकर सभी तरह के वाहनों पर काफी भीड़ रही । इधर घटना दुर्घटना रोक लगाने को लेकर अनुमंडल प्रशासन ने सभी प्रमुख सड़क मार्ग में पुलिस की गश्ती वाहन दौड़ते करते हुए देखा गया।। गंगा स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने देश प्रदेश की खुशहाली को लेकर मां गंगा से विनती भी किया । गंगा स्नान कर लौट रहे श्रद्धालुओं ने तारापुर में रुककर प्रसाद की खरीददारी भी किया ।

## दो दिवसीय रामधुनी महायज्ञ को लेकर भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई

प्रात: किरण संवाददाता



आलमनगर (मधेपुरा) । प्रखंड के बसनवाड़ा पंचायत स्थित गणेश मंडल टोला मैं दो दिवसीय रामधुनी महायज्ञ को लेकर भव्य कलश शोभा यात्रा निकल गई कलश शोभा यात्रा आयोजन स्थल गणेश मंडल टोला से तेलिहारी, बसनवाड़ा, खुरहान बाजार होते हुए छिन्नमस्तिका मंदिर डाकिनी स्थान पहुंचा पूजा अर्चना एवं वैदिको उच्चारण के साथ कलश में जल भरकर पुनः बच्चन खुरहान बाजार, बसनवाड़ा, भखना वासा होकर गणेश मंडल टोला पहुंचा इस बाबत दो दिवसीय रामधुनी यज्ञ आयोजन करता उपेंद्र मंडल उर्फ. महंत ने बताया कि दो दिवसीय रामधुनी महायज्ञ को लेकर आज भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई कलश शोभा यात्रा में 501 कुंवारी कन्या एवं नव विवाहिता शामिल हुए कैलाश शोभा यात्रा को भव्य बनाने के लिए बैंड पार्टी डीजे को शामिल किया गया था। वहीं उन्होंने बताया कि रामधुनी महायज्ञ में स्थानीय कलाकारों के अलावा आसपास के शहरों के कई मंडली शामिल होंगे वहीं कलश शोभायात्रा को सफल बनाने के लिए ग्राम पंचायत बांसवाड़ा के मुखिया प्रतिनिधि रामानंद सिंह, भारतीय जनता युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष पप्पू साह, उमाकांत मंडल, रूपनारायण मंडल, जयप्रकाश मंडल, संजय, नागेश्वर प्रसाद मंडल, सुभाष, अजय, अनिल भारती सहित पंचायत के कई लोग मौजूद थे।

# थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई आयोजित

प्रात: किरण संवाददाता,



परसा।थाना परिसर बकरीद त्यौहार को लेकर रविवार को प्रतिनधि जनप्रतिनिधि व गणमान्य लोगों के साथ शांति समिति बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में मुख्य रूप से बकरीद त्यौहार को शांतिपूर्ण व आपसी भाईचारे के साथ मनाने का अपील किया गया. इस संबंध में थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि सभी जगह पर बकरीद त्यौहार को लेकर पुलिस बल तैनात किया जाएगा. पूरे क्षेत्र में पुलिस बल भी गस्ती करती रहेगी.और सामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखी जाएगी. ऐसे में कहीं भी कोई अफवाह फैलता है तो तुरंत सूचना प्रशासन को दे. सभी लोग मिलजुलकर सौहार्दपूर्ण वातावरण में बकरीद का त्यौहार मनाए.त्यौहार के दौरान किसी तरह की गड़बड़ी करने वाले असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई की जाएगी .उन्होंने कहा कि प्रशासन पूरी तरह से सचेत है त्यौहार के पूर्व से ही इंटरनेट मीडिया पर प्रशासन की कड़ी नजर है किसी भी तरह के विवादित या आपत्तिजनक पोस्ट शेयर करने वाले के खिलाफ प्रशासन कड़ी कार्रवाई करेगा.इस मौके मुखिया संजीव सिंह अभय कुमार अख्तर अली भोला पंडित मोहम्मद रुस्तम रमेश राय लालबाबू राय पारसनाथ सलामत हुसैन मोहम्मद इकबाल अंसारी मकसूद आलम रामप्रवेश राय दीपक कुमार लक्ष्मण शाह जनार्दन प्रसाद राजेश कुमार शर्मा मोहम्मद नसरुद्दीन कृष्ण शर्मा मोहम्मद मंसूर समिति दर्जनों की संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## नशाखुरानी का शिकार हुए युवक की इलाज के दौरान सीएचसी गिद्धौर में हुई मौत



प्रात: किरण संवाददाता

गिद्धौर/जमुई। शनिवार को गिद्धौर के दिग्विजय सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए गए नशाखुरानी गिरोह के शिकार व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। बताया गया कि गिद्धौर रेलवे स्टेशन से किसी व्यक्ति ने डायल 112 को बेहोशी की अवस्था में मिले अज्ञात व्यक्ति की सूचना दी। जिसके बाद डायल 112 की पुलिस ने उक्त व्यक्ति को दिग्विजय सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गिद्धौर पहुंचाया। जहां इलाज के दौरान शनिवार की देर रात युवक की मौत हो गई। व्यक्ति के पास से आधार कार्ड एवं ई-श्रम कार्ड मिला। जिसमें नाम मोहम्मद ताजुद्दीन गौहर, निवासी केशवा, भागलपुर, उम्र 30 वर्ष अंकित है।

## पति ने अपने ही पत्नी को टांगी से काटकर निर्मम हत्या कर दिया

प्रात: किरण संवाददाता




बगहा।बगहा पुलिस जिला अंतर्गत चौतरवा थाना क्षेत्र के बरिअरवा गांव में उस समय हंगामा मच गया जब एक महिला की शव बड़ी बरिआरवा गांव के चंवर सरेह में ग्रामीणों ने देख चौतरवा थाना की पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला के शव को बरामद करते हुए पोस्टमार्टम हेतु बगहा अनुमंडलीय अस्पताल में भेज दिया। थाना अध्यक्ष संजीत कुमार ने बताया कि मृत महिला के पुत्री सरिता देवी ने अपने पिता पर टांगी से काटकर निर्मम हत्या कर शव को फेंक देने का आरोप लगाते हुए न्याय की मांग की है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि महिला पनुमति देवी उम्र तकरीबन 40 वर्ष पति ढोढाई शर्मा ग्राम बरिअरवा थाना चौतरवा निवासी है। वही मृतिका के पुत्री के दिए गए आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज करते हुए पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

# शाहपुर प्रखंड के शिवपुर घाट पर पहुंचे नवनिर्वाचित सांसद सुदामा प्रसाद

प्रात: किरण संवाददाता



शाहपुर प्रखंड के गंगा दशहरा का स्नान करने दौरान बारा खरौनी गांव के चार युवकों का शिवपुर घाट स्नान से हुई मौत! घटना की जानकारी मिलते ही नवनिर्वाचित सांसद सुदामा प्रसाद शिवपुर घाट पहुंचे और पूरी घटना की जानकारी ली! इस दौरान घटना की जानकारी मिलते हैं भोजपुर डीएम से फोन से बात कर तत्काल एनडीआरएफ बुलाकर सभी लोगों को शव को बरामद करने की मांग की!शिवपुर घाट पर उस गांव के सैकड़ों लोग मर्माहत थे!घाट पर पहुंचकर पीड़ित परिवारों ढ़ाड़स बढ़ाया!मृतकों में 1.सोनू यादव पिता-विदेशी यादव उम्र 19 वर्ष,2.दीपू यादव पिता-रामाशंकर यादव उम्र 21 वर्ष,3.रामजी गौड़ पिता-जवाहर गौड़,उम्र 16,4.नीशू शर्मा पिता-लालबाबू शर्मा उम्र 17 वर्ष सभी घनिष्ठ मित्र थे!इन मित्रों एक मित्र डूब रहे तो सभी बचाने के चक्कर में सभी लोग डुब गये!मृतकों में यूपी की एक लड़की जिसका नाम पता भी मालूम नहीं हुआ है!सभी लोग गंगा स्नान करने के दौरान डुबने ने से मौत गई!अभी तक शव बरामद नहीं हुआ है!नवनिर्वाचित सांसद सुदामा प्रसाद ने आगे कहा कि आये दिन सोन-गंगा नदी के किनारे पर्व त्योहार के दौरान स्नान करते ऐसी घटनाएं घट रही है!सांसद सुदामा प्रसाद ने सरकार से सभी मृतक के आश्रितों बीस लाख रुपए मुआवजा,जिले के सोन-गंगा नदी के किनारे नहाने योग घाटों चिन्हित कर,पर्व के दिनों में सभी घाटों पर एनडीआरएफ के टीम के साथ सुरक्षा की गारंटी की जाए!सांसद सुदामा प्रसाद के साथ आरा नगर सचिव दिलराज प्रीतम,शाहपुर प्रखंड सचिव हरेन्द्र सिंह, मुखिया मदन यादव,जेएनयू के छात्र उत्तम पासवान,बब्लू राय सहित कई लोग शामिल थे!

## मधेपुरा में ट्रक लूट मामले का पुलिस ने किया 12 घंटो अंदर बड़ा खुलासा

प्रात: किरण संवाददाता



मधेपुरा। मधेपुरा में ट्रक लूट मामले का पुलिस ने बड़ा खुलासा किया। 12 घंटो के अंदर लूट की रकम के साथ दो अपराधी को गिरफ्तार किया। एक देशी पिस्टल, एक देशी कट्टा और लूट की रकम भी बरामद किया। दरअसल जिले के मुरलीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलदौर नहर के पास एनएच 107 मुख्य सड़क पर बीते देर रात एक ट्रक चालक से हथियार के बल पर लूटपाट की घटना घटित हुई थी, इस मामले का पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। वहीं इस मामले में दो बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार बदमाशों के पास से लूट की 2500 रुपए नगद, एक देशी कट्टा, एक पिस्टल दो गोली, चार मोबाइल और एक बाइक भी बरामद हुई है। इस घटना के बाबत मधेपुरा एएसपी प्रवेंद्र भारती ने आज मुरलीगंज थाना में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि 15 जून की देर रात को कटिहार जिले के रौतारा थाना क्षेत्र अंतर्गत रमैली निवासी ट्रक चालक बिंदु महतो सहरसा के मिंटू भगत राइस मिल से धान का भूसा लोड कर एथेनॉल फैक्ट्री पूर्णिया जा रहे थे कि इसी बीच रास्ते में मुरलीगंज थाना क्षेत्र के बेलदौर नहर के समीप रात्रि के करीब दो बजे मुख्य सड़क पर अज्ञात बदमाशों द्वारा ट्रक चालक को हथियार का भय दिखाकर एक मोबाइल और 2500 रुपए लूट लिया गया। इस घटना की जानकारी ट्रक मालिक द्वारा मुरलीगंज पुलिस को दी गई जहां पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गुप्त सूचना एवं तकनीकी साक्ष्य से कांड का उद्भेदन कर लूटी गई मोबाइल, नगद रुपए, घटना में प्रयुक्त एक कट्टा एवं बाइक सहित दो बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार बदमाश मुरलीगंज थाना क्षेत्र के गंगापुर वार्ड संख्या 8 निवासी मोलचंद मंडल के पुत्र प्रेम सागर और भलनी वार्ड संख्या 3 निवासी संजीव यादव के पुत्र आशुतोष आनंद उर्फ शिवम कुमार है। बताया जा रहा है कि गिरफ्तार दोनों बदमाशों पर पूर्व से भी कई मामले दर्ज है साथ हीं इनकी अपराधिक इतिहास भी पुरानी है, गिरफ्तार अपराधी को तत्काल जेल भेज दिया गया।

## बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम की परिसम्पत्ति होटल विष्णु विहार का जीर्णोद्धार के उपरांत किया शुभारंभ

प्रात: किरण संवाददाता

गया। गया में बिहार राज्य पर्यटन विकास निगम की परिसम्पत्ति होटल विष्णु विहार का जीर्णोद्धार के उपरांत शुभारंभ कर जनता को समर्पित किया गया है। इस होटल के संचालन का दायित्व एम के एस इंटरप्राइजेज को दिया गया है जिनके द्वारा होटल को नए एवं बेहतर स्वरूप में परिवर्तित किया गया है। इस दौरान बिहार के पूर्व महाधिवक्ता सह पूर्व मंत्री पी. के.शाही, बिहार सरकार के लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के मंत्री नीरज कुमार सिंह 'बबलू' , मधुबन के विधायक व पूर्व मंत्री राणा रणधीर सिंह, हम(से.) के प्रदेश अध्यक्ष सह टेकारी के विधायक एवं पूर्व मंत्री अनिल कुमार , पूर्व सांसद हरि मांझी, बिहार पर्यटन विकास निगम के महाप्रबंधक अभिजित कुमार, गया के जिलापदाधिकारी डॉ. त्यागराजन एस. एम., भाजपा जिलाध्यक्ष गया प्रेम प्रकाश सिंह एवं पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष गया धनराज शर्मा , धीरज रौनीयार,सहित अन्य गणमान्यजन भी उपस्थित थे। ज्ञान और मोक्ष की पावन धरा गया में यात्रियों को उच्चस्तरीय सुविधा उपलब्ध कराते हुए सुखद यात्रा की अनुभूति कराने की दिशा में यह होटल निश्चित रूप से सफल होगा।

## क्रिकेट के फाइनल मुकाबले में नीबी ने डुघरा को 4 विकेट से हराया

प्रात: किरण संवाददाता

कैमूर: भभुआ प्रखंड क्षेत्र के हथियाबांध विद्यालय के समीप स्थित खेल मैदान में रविवार को क्रिकेट टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला कैथी पंचायत के डुघरा एवं रतवार पंचायत के नीबी के बीच खेला गया। टॉस जीतकर नीबी ने गेंदबाजी करने का निर्णय लिया।शुरूआत में डुघरा की टीम ने बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर की खेल में 4 गेंद पहले ऑल आउट होकर महज 89 रन बना सकी। जवाब में लक्ष्य का पीछा करने उतरी नीबी की टीम ने दो ओवर शेष रहते हुए 6 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर टूनार्मेंट पर कब्जा जमा लिया। शानदार खेल प्रदर्शन के तहत मैन ऑफ द मैच का खिताब विजेता टीम के राधेकृष्ण यादव व मैन ऑफ द सीरीज का खिताब विजेता टीम के ही राजेश शर्मा को मिला।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे भभुआ के जिला पार्षद विकास सिंह उर्फ लल्लू पटेल द्वारा फीता काट कर उद्घाटन किया गया।जिला पार्षद भीषण गर्मी के बीच खेल के अंत तक बने रहे और मैच का आनंद उठाया।मैच समाप्ति के बाद जिला पार्षद द्वारा विजेता व उपविजेता टीम को कप व अन्य पुरस्कार सामग्रियां देकर सम्मानित किया गया।इस दौरान खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाते हुए जिला पार्षद ने कहा कि जीत और हार खेल का एक हिस्सा है, कभी भी खिलाड़ी को हार से निराश नहीं होना चाहिए। निरंतर अभ्यास करने वाला खिलाड़ी ही जीवन में सफल होता है। एक खिलाड़ी को हमेशा अपने लक्ष्य के प्रति अग्रसर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज पढ़ाई के साथ-साथ खेल की महत्ता भी बढ़ गई है।खेल में जॉब के अवसर हैं।उन्होंने आगे कहा कि रोहतास का रहने वाले आकाशदीप गांव से खेल शुरू कर देश के लिए खेल रहे हैं।उनके हौसलों व पक्का इरादों से देश का और क्षेत्र का नाम रौशन हो रहा है।बता दें कि अंपायर की भूमिका में दीपक कुमार व अभिषेक तिवारी तथा स्कोरर की भूमिका में रवि रंजन तिवारी ने टूनार्मेंट के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## श्रेया हत्याकांड में सांसद लवली आनंद ने दोषियों पर गिरफ्तार करने की मांग

औरंगाबाद। नवीनगर की छात्रा श्रेया हत्याकांड में पुलिस के द्वारा अब तक कोई आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं किए जाने से नवीनगर के अलावा पूरे औरंगाबाद जिले में आक्रोश का माहौल है। यह आक्रोश जिला मुख्यालय में देखने को भी मिला। जहां सैकड़ों की संख्या में जनता सड़क पर आ गई और रमेश चौक को जाम कर दिया। इधर इस घटना की जानकारी मिलते ही शिवहर की सांसद लवली आनंद अपने पति पूर्व सांसद आनंद मोहन, बेटे शिवहर के विधायक चेतन आनंद और बेटी डॉ आयुषी के साथ शनिवार की रात्रि ही नवीनगर पहुंची। यहां उन्होंने मृतका के घर जाकर उसके परिजनों से मुलाकात की और उन्हें हरसंभव मदद करने तथा उचित न्याय दिलाने का भरोसा दिया। रविवार की सुबह जिला मुख्यालय स्थित सर्किट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में सांसद लवली आनंद ने कहा है कि मृत छात्रा का पोस्टमार्टम एक अज्ञात शव के रूप में लापरवाही से किया गया है जबकि इस तरह के मामले में डॉक्टरों की टीम गठित करने के बाद पोस्टमार्टम किया जाता है। उन्होंने कहा कि पुलिस इस मामले को हल्के में ले रही है जबकि यह दिल्ली की निर्भया कांड की तरह दूसरा मामला है।

## संक्षिप्त समाचार

**ओलंपिक क्वालिफायर**

### भारतीय पुरुष तीरंदाजी टीम क्वालिफायर के क्वार्टर फाइनल में हारी

**अंताल्या (तुर्की), एजेंसी।** भारतीय पुरुष तीरंदाजी टीम ओलंपिक के आखिरी क्वालिफायर से कोटा हासिल करने में विफल रहने के बाद महिला टीम की तरह अब पेरिस खेलों के टिकट के लिए रैंकिंग पर निर्भर रहेगी। विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज भारतीय टीम के खिलाफ शनिवार को यहां क्वार्टर फाइनल में मेक्सिको ने उलटफेर किया। शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत 4-0 की बढ़त बनाने के बाद 4-5 (57-56, 57-53, 55-56, 55-58) (26-26*) से हार गया। पुरुष वर्ग में शीर्ष तीन स्थान पर रहने वाली टीमों को ओलंपिक कोटा मिलेगा। पुरुष और महिला टीम अब भी पेरिस ओलंपिक की कट-ऑफ तारीख



से पहले अपनी रैंकिंग के आधार पर क्वालिफाई कर सकती हैं। यह हार भारतीय तीरंदाजी के लिए बड़ा झटका है क्योंकि शुरुआती दो सेट के बाद टीम को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए सिर्फ तीसरे सेट में सिर्फ ड्रॉ की जरूरत थी। मेक्सिको ने हालांकि तीसरे और चौथे सेट में जीत के साथ स्कोर 4-4 से बराबर किया। इसके बाद शूट ऑफ में भी दोनों टीमों का स्कोर बराबर था, लेकिन निशाने के केंद्र के समीप तीर होने के कारण मेक्सिको विजेता बना। इससे पहले दीपिका कुमारी, भजन कौर और अंकिता भक्त की भारतीय महिला रिकर्व टीम शुक्रवार को प्री-क्वार्टर फाइनल में निचली रैंकिंग वाले यूक्रेन से 3-5 से हार के बाद कोटा हासिल करने में असफल रही। महिला टीम अभी भी पेरिस ओलंपिक की कट-ऑफ तारीख से पहले अपनी रैंकिंग के आधार पर क्वालीफाई कर सकती है।

**टी-20 वर्ल्डकपः 2024**

### बाबर से लेकर रिजवान... सबकी कटेगी सैलरी! नाराज है पीसीबी

आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2024 में पाकिस्तान टीम का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है और वह सुपर 8 में जगह नहीं बना सकी. पाकिस्तान टीम को पहले संयुक्त राज्य अमेरिका के हाथों सुपर ओवर में हार झेलनी पड़ी थी. फिर उसे टीम इंडिया ने छह रनों से हरा दिया. इसके बाद पाकिस्तान ने कनाडा को जरूर 7 विकेट से हराया. मगर यूएसए और आयरलैंड के बीच मैच धुलने के साथ ही उसका पत्ता कट गया. आयरलैंड के खिलाफ




मैच धुलने के चलते अमेरिकी टीम के 5 अंक हो गए और वो अगले राउंड में पहुंच गई. अपनी टीम के खराब प्रदर्शन के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड काफी सख्त कदम उठाने जा रहा है. पीसीबी खिलाड़ियों की सैलरी में कटौती कर सकता है. बोर्ड के विश्वसनीय सूत्रों ने बताया कि कुछ अधिकारियों और पूर्व खिलाड़ियों ने पीसीबी अध्यक्ष मोहसिन नकवी को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट की समीक्षा करने की सलाह दी है.सूत्रों ने कहा, पीसीबी अध्यक्ष अगर टीम के खराब प्रदर्शन पर कड़ा रवैया अपनाते हैं तो खिलाड़ियों के केंद्रीय अनुबंध की समीक्षा की जा सकती है और उनके वेतन में कटौती हो सकती है. पाकिस्तान टीम के टी20 वर्ल्ड कप से जल्दी बाहर होने के लिए टीम के भीतर गुटबाजी और महत्वपूर्ण क्षणों में सीनियर खिलाड़ियों के खराब प्रदर्शन को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है.

# ऑस्ट्रेलिया की जीत से इंग्लैंड को हुआ बंपर फायदा

## सुपर-8 में पहुंची टीम, स्कॉटलैंड का सफर समाप्त



2

**ग्रॉस आईलेट, एजेंसी।** टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी स्कॉटलैंड ने ब्रेंडन मैकमुलेन की अर्धशतकीय पारी की बदौलत 20 ओवर में पांच विकेट पर 180 रन बनाए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने ट्रेविस हेड और मार्कस स्टोइनिस की विशाल साझेदारी की बदौलत 19.4 ओवर में पांच विकेट पर 186 रन बनाए और पांच विकेट से मुकाबला अपने नाम कर लिया। ऑस्ट्रेलिया ने स्कॉटलैंड के खिलाफ रविवार को पांच विकेट से जीत दर्ज की। उनकी इस जीत से इंग्लैंड को बंपर फायदा हुआ है। वह ग्रुप बी से सुपर-8 के लिए क्वालिफाई करने वाली दूसरी टीम बन गई है। वहीं, स्कॉटलैंड का सफर इसी के साथ टी20 विश्व कप 2024 में समाप्त हो गया। ऑस्ट्रेलिया पहले ही सुपर-8 के लिए क्लाविफाई कर चुकी है। वह फिलहाल अंक तालिका में शीर्ष पर है।

**ग्रुप बी की अंक तालिका का हाल** – स्कॉटलैंड के खिलाफ रविवार को जीत हासिल करने के बाद ऑस्ट्रेलिया के खाते में आठ अंक हो गए। वहीं, उनका नेट रनरेट +2.791 हो गया। अंक तालिका में दूसरे स्थान पर इंग्लैंड की टीम है। चार मैचों में दो जीत के साथ उनके खाते में पांच अंक हैं। वहीं, उनका नेट रनरेट +3.611 हो गया है। स्कॉटलैंड की टीम नेट रनरेट की वजह से क्वालिफाई करने से चूक गई। उनके खाते में भी पांच ही अंक हैं। हालांकि, उनका नेट रनरेट +1.255 है। इस ग्रुप की दो टीमें (नामीबिया और ओमान) पहले ही सुपर-8 की दौड़ से बाहर हो चुकी हैं।

**पांच विकेट से जीता ऑस्ट्रेलिया** – ग्रॉस आइलेट के डेरन सैमी नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए 35वें मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी स्कॉटलैंड ने ब्रेंडन मैकमुलेन की अर्धशतकीय पारी की बदौलत 20 ओवर में पांच विकेट पर 180 रन बनाए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने ट्रेविस हेड और मार्कस स्टोइनिस की विशाल साझेदारी की बदौलत 19.4 ओवर में पांच विकेट पर 186 रन बनाए और पांच विकेट से मुकाबला अपने नाम कर लिया।

**ऑस्ट्रेलिया की पारी** – 181 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत कुछ खास नहीं हुई। टीम को पहला झटका दो रन के स्कोर पर लगा। ब्रैड व्हील ने रिची बेरिंग्टन के हाथों डेविड वॉर्नर को कैच आउट कराया। वह सिर्फ एक रन बना सके। इसके बाद तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए मिचेल मार्श भी सिर्फ आठ रन बनाकर आउट हो गए। वहीं, मैक्सवेल एक बार फिर फ्लॉप साबित हुए। वह आठ गेंदों में 11 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। 60 रन के स्कोर पर तीन विकेट खो चुकी ऑस्ट्रेलिया को एक लंबी साझेदारी की जरूरत थी। ऐसे में टीम के लिए ट्रेविस हेड और मार्कस स्टोइनिस संकटमोचक साबित हुए। दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 80 रनों की विशाल साझेदारी हुई जिसे 16वें ओवर में साफयान शरीफ ने तोड़ा। उन्होंने सलामी बल्लेबाज को 140 रन के स्कोर पर आउट किया। वह 49 गेंदों में 68 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इस दौरान उनके बल्ले से पांच चौके और चार छक्के निकले। वहीं, मार्कस स्टोइनिस 29 गेंदों में 59 रन बनाकर पवेलियन लौटे। उन्होंने 203.44 के स्ट्राइक रेट से नौ चौके और दो छक्के लगाए। इसके बाद मोर्चा टिम डेविड और मैथ्यू वेड ने संभाला। दोनों टीम को दो गेंदों के शेष रहते जीत दिलाई। डेविड 14 और वेड चार रन बनाकर नाबाद रहे। इस मैच में स्कॉटलैंड के लिए मार्क वॉट और साफयान शरीफ ने दो-दो विकेट लिए। वहीं, ब्रैड व्हील को एक सफलता मिली।

**स्कॉटलैंड की पारी** – टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी स्कॉटलैंड की शुरुआत झटके के साथ हुई। एश्टन एगर ने टीम को तीन रन के स्कोर पर पहला झटका दिया। उन्होंने माइकल जोन्स को अपना शिकार बनाया। वह सिर्फ दो रन बना सके। इसके बाद मोर्चा जॉर्ज मुन्से और ब्रेंडन मैकमुलेन ने संभाला। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 89 रनों की विशाल साझेदारी हुई जिसे मैक्सवेल ने नौवें ओवर की आखिरी गेंद पर तोड़ा। उन्होंने मुन्से को 92 रन के स्कोर पर अपना शिकार बनाया। वह 23 गेंदों में 35 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, 12वें ओवर में मैक्कुलन जम्पा का शिकार बन गए। उन्होंने 34 गेंदों में दो चौकों और छह छक्कों की मदद से 60 रनों की धुआंधार पारी खेली। इस मैच में मैथ्यू क्रॉस 18, माइकल लीस्क पांच रन बनाने में कामयाब हुए। वहीं, रिची बेरिंग्टन 42 और क्रिस ग्रीव्स नौ रन बनाकर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलिया के लिए ग्लेन मैक्सवेल ने दो विकेट चटकाए जबकि एश्टन एगर, नाथन एलिस और एडम जम्पा को एक-एक विकेट मिला।

**टी20 विश्व कप**

# पाकिस्तान के बाहर होने पर भड़के पूर्व कप्तान, ठहराया ICC को जिम्मेदार, व्यवस्था पर भी उठाए सवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पाकिस्तान की शुरुआत इस टी20 विश्व कप में अच्छी नहीं रही थी और उसे पहले अमेरिका तथा रविवार को भारत के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। अमेरिका ने पाकिस्तान को सुपर ओवर में हराया था, जबकि भारत ने न्यूयॉर्क में खेले गए रोमांचक मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी टीम को छह रन से मात दी थी। टी20 विश्व कप 2024 में पाकिस्तान का सफर समाप्त हो चुका है। बाबर आजम की टीम सुपर-8 की दौड़ से बाहर हो गई है। आज टीम ग्रुप स्टेज का अपना आखिरी मुकाबला आयलैंड के खिलाफ खेलने के लिए उतरेगी। यह मैच फ्लोरिडा में खेला जाएगा। इस बीच पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर राशिद लतीफ ने पाकिस्तान टीम के टूर्नामेंट से बाहर होने पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने आईसीसी को टीम की हार का जिम्मेदार ठहराया है।



**अमेरिका ने किया सुपर-8 के लिए क्वालिफाई** – दरअसल, अमेरिका और आयरलैंड के बीच फ्लोरिडा में खेला जाने वाला मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया था। अमेरिका को मैच रद्द होने से जहां फायदा हुआ और ग्रुप-ए से भारत के बाद वह सुपर आठ में जगह बनाने वाली दूसरी टीम बन गई। वहीं, इसका सबसे ज्यादा प्रभाव 2009 की चैंपियन टीम पाकिस्तान पर पड़ा जिसका सफर ग्रुप चरण में ही थम गया। पाकिस्तान के लिए यह काफी निराशाजनक है क्योंकि टीम 2022 की उपविजेता रही थी। इतना ही नहीं उसके नाम पुरुष टी20 विश्व कप में सबसे ज्यादा बार सेमीफाइनल में पहुंचने का रिकॉर्ड भी दर्ज है।

**राशिद ने पिच को ठहराया हार का जिम्मेदार** –हैरानी की बात यह है कि एक तरफ जहां दुनिया पाकिस्तानी खिलाड़ियों को उनके खराब प्रदर्शन के लिए लताड़ लगा रही है, वहीं राशिद लतीफ उनका समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने पिच को इसका जिम्मेदार ठहराया है। विराट कोहली का उदाहरण देते हुए पूर्व कप्तान ने कहा, आप हर चीज के लिए पाकिस्तानी खिलाड़ियों को दोषी नहीं ठहरा सकते। उन्होंने अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन पिच की परिस्थितियों ने उनके प्रयासों को बेअसर कर दिया। उन्हें अमेरिका और भारत के खिलाफ दोनों ही मैचों में जीत हासिल करनी चाहिए थी, लेकिन परिस्थितियां उनके नियंत्रण से बाहर थीं। ऐसा हुआ है कि रन बनाना मुश्किल हो गया है। देखिए, विराट कोहली जैसा बल्लेबाज भी रन नहीं बना पा रहा है।

**पाकिस्तान ने गंवाए थे दो मैच** – पाकिस्तान की शुरुआत इस टी20 विश्व कप में अच्छी नहीं रही थी और उसे पहले अमेरिका तथा रविवार को भारत के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। अमेरिका ने पाकिस्तान को सुपर ओवर में हराया था, जबकि भारत ने न्यूयॉर्क में खेले गए रोमांचक मैच में चिर प्रतिद्वंद्वी टीम को छह रन से मात दी थी। पाकिस्तान की टीम 2009 में चैंपियन बनकर उभरी थी, लेकिन तब से वो अब तक कभी इस टूर्नामेंट का खिताब नहीं जीत सकी है। पाकिस्तान की टीम का प्रदर्शन पिछले साल भारत में खेले गए वनडे विश्व कप में भी निराशाजनक रहा था और वह सेमीफाइनल में जगह नहीं बना सकी थी और अब टीम टी20 विश्व कप में भी ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ सकी।

**लतीफ का बयान** – पूर्व खिलाड़ी ने आगे कहा, व्यक्तिगत अर्धशतक बहुत ज्यादा नहीं हैं। किसी भी टीम ने अफगानिस्तान जैसी टीम के खिलाफ अर्धशतक नहीं बनाया है। अगर कोई बल्लेबाज अर्धशतक बनाता है तो टीम ज्यादातर जीत जाती है। ऋषभ पंत ने 42 रन बनाए और भारत ने पाकिस्तान को हराया। विश्व कप के लिए परिस्थितियां आदर्श नहीं हैं। पाकिस्तान की टीम को सुपर ओवर में यूएस ने हराया था और पाकिस्तान से भारत के खिलाफ 120 रनों का लक्ष्य हासिल नहीं हुआ था।

# विश्व कप के बीच WI क्रिकेट के अधिकारी ने मांगी भारत से मदद, टेस्ट क्रिकेट को लेकर कही यह बात



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ग्रेव ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के स्तर पर तीन बड़े देशों (भारत, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया) के बाहर भी इस प्रारूप को बचाने के लिए अधिक प्रयास करने की जरूरत है। आईसीसी के नौ प्रतिस्पर्धी पूर्ण सदस्यों में से केवल तीन बड़े सदस्य ही 2023-2025 विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र में पांच मैचों की श्रृंखला खेलेंगे। मेरिका में खेले जाने वाले सभी मैच खेले जा चुके हैं। अब सुपर-8 के लिए सभी टीमें वेस्टइंडीज की तरफ कूच कर रही हैं। इस बीच क्रिकेट वेस्टइंडीज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जॉनी ग्रेव ने टेस्ट क्रिकेट को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने बताया है कि टेस्ट क्रिकेट खतरे में हैं। ऐसे में भारत को नेतृत्वकर्ता के रूप में भूमिका निभानी चाहिए। ग्रेव ने टेस्ट क्रिकेट के प्रति भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की प्रतिबद्धता की सराहना की है। ग्रेव ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के स्तर पर तीन बड़े देशों (भारत, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया) के बाहर भी इस प्रारूप को बचाने के लिए अधिक प्रयास करने की जरूरत है। आईसीसी के नौ प्रतिस्पर्धी पूर्ण सदस्यों में से केवल तीन बड़े सदस्य ही 2023-2025 विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र में पांच मैचों की श्रृंखला खेलेंगे। तीन अन्य पूर्ण सदस्य आयरलैंड, अफगानिस्तान और जिम्बाब्वे 2019 में शुरू की गई चैंपियनशिप का कभी हिस्सा नहीं रहे हैं। ग्रेव ने कहा, भारत को नेतृत्वकर्ता की भूमिका निभानी है। ताकत, प्रभाव और संसाधनों के मामले में वे अब नंबर एक बोर्ड हैं।

# यह विश्व कप काफी अजीब रहा है, पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पूर्व बोले आयरलैंड के कोच

**फ्लोरिडा (अमेरिका), एजेंसी।** आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 में पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबले से पहले आयरलैंड के कोच हेनरिक मालन ने कहा कि यह टूर्नामेंट अब तक काफी अजीब रहा है। आयरलैंड वर्तमान में ग्रुप ए में अंतिम स्थान पर है जिसने अब तक खेले गए तीन मैचों में से केवल एक अंक हासिल किया है। वे पहले ही मार्की इवेंट के सुपर आठ के लिए क्वालीफाई करने में विफल रहे हैं। प्रतियोगिता के अपने अंतिम ग्रुप चरण के मैच में आयरिश टीम रविवार को फ्लोरिडा के लॉडरहिल में सेंट्रल ब्रोवार्ड रीजनल पार्क स्टेडियम टर्फ ग्राउंड में मेन इन ग्रीन के साथ भिड़ेगी।



आयरलैंड के कोच ने जोर देकर कहा कि टीम ने पिछले हफ्ते फ्लोरिडा में रहने के बाद से बिल्कुल भी प्रशिक्षण नहीं लिया है। उन्होंने कहा, हम काफी भाग्यशाली रहे हैं। हमने कुछ हफ़्ते पहले आयरलैंड में उनके साथ खेला था। तैयारी के दृष्टिकोण से यह एक चुनौतीपूर्ण रही है। पिछले हफ्ते फ्लोरिडा में रहने के बाद से हमने बिल्कुल भी ट्रेनिंग नहीं की है, इसलिए मेरा मतलब है कि यही है। हम अपनी यूनिट मीटिंग और तैयारी मीटिंग कर रहे हैं और उन कुछ योजनाओं पर चर्चा कर रहे हैं जिन्हें हमने घर पर बहुत अच्छी तरह से लागू किया है और पहला गेम जीता। हम थोड़े लंबे समय तक इस पर निर्भर रह सकते हैं और उम्मीद है कि हम फिर से अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

# कनाडा के खिलाड़ियों को द्रविड़ ने दी खास सलाह

## कहा- आगे बढ़िए और युवाओं को प्रेरणा देते रहिए

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शनिवार को भारत और कनाडा के बीच फ्लोरिडा में होने वाला मुकाबला एक भी गेंद फेंके बिना रद्द घोषित कर दिया है। इस मुकाबले में टॉस भी नहीं हो सका और अंपायर ने दो बार मैदान का निरीक्षण करने के बाद मुकाबले को रद्द करने का फैसला किया। भारत और कनाडा के बीच खेला जाने वाला टी20 विश्व कप 2024 का 33वां मैच बारिश की वजह से बिना एक भी गेंद फेंके रद्द हो गया। अब भारतीय टीम सुपर-8 में अफगानिस्तान से भिड़ेगी। यह मैच 20 जून को खेला जाएगा। शनिवार को मुकाबला रद्द होने के बाद भारतीय टीम ने कनाडा की टीम से मुलाकात की। वहीं, मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कनाडा के खिलाड़ियों को खास सलाह दी।




**भारत बनाम कनाडा मैच रद्द** – शनिवार को भारत और कनाडा के बीच फ्लोरिडा में होने वाला मुकाबला एक भी गेंद फेंके बिना रद्द घोषित कर दिया है। इस मुकाबले में टॉस भी नहीं हो सका और अंपायर ने दो बार मैदान का निरीक्षण करने के बाद मुकाबले को रद्द करने का फैसला किया। फ्लोरिडा में मैच से पहले काफी बारिश हुई थी जिस कारण मैदान गीला था। मैदानकर्मियों ने मैदान को सुखाने की काफी कोशिश की, लेकिन उनके प्रयास सफल नहीं हो सके। मौजूदा टी20 में यह चौथा मुकाबला जो बारिश की भेंट चढ़ गया।

**कनाडा के ड्रेसिंग रूम में पहुंचे द्रविड़** – भारत बनाम कनाडा मैच रद्द होने के बाद टीम इंडिया के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ विरोधी टीम के ड्रेसिंग रूम में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने सभी खिलाड़ियों से मुलाकात की और उन्हें शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी। इसका वीडियो आईसीसी ने साझा किया। इसमें देखा जा सकता है कि कनाडा की टीम ने पूर्व खिलाड़ी को साइन की हुई जर्सी भेंट की। द्रविड़ ने कहा, मैं इस टूर्नामेंट में आप लोगों द्वारा दिए गए शानदार योगदान और प्रदर्शन की सराहना करता हूं।

# टेस्ट क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए भारत को नेतृत्वकर्ता की भूमिका निभानी होगी: जॉनी ग्रेव

**ब्रिजटाउन, एजेंसी।** क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी जॉनी ग्रेव ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट खतरे में है और वेस्टइंडीज जैसे छोटे क्षेत्रों में खेल के पांच दिवसीय प्रारूप के अस्तित्व को बचाये रखने के साथ-साथ इसके विकास को सुनिश्चित करने में भारत जैसे देश को 'नेतृत्वकर्ता की भूमिका निभानी होगी। सीडब्ल्यूआई से 2017 में जुड़ने वाले ग्रेव ने व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद टेस्ट क्रिकेट के प्रति बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) की अटूट प्रतिबद्धता की सराहना की, लेकिन कहा कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के स्तर पर तीन बड़े देशों (भारत, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया) के बाहर भी इस प्रारूप को बचाने के लिए अधिक प्रयास करने की जरूरत है।

आईसीसी के नौ प्रतिस्पर्धी पूर्ण सदस्यों में से केवल तीन बड़े सदस्य ही 2023-2025 विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप चक्र में पांच मैचों की श्रृंखला खेलेंगे। तीन अन्य पूर्ण सदस्य आयरलैंड, अफगानिस्तान और जिम्बाब्वे 2019 में शुरू की गई चैंपियनशिप का कभी हिस्सा नहीं रहे। ग्रेव वर्तमान में टी20 विश्व कप की सह-मेजबानी में व्यस्त हैं। उन्होंने खेल के भविष्य और बीसीसीआई द्वारा निभाई जाने वाली भूमिका पर अपने मन की बात साझा की। उन्होंने कहा, 'भारत को नेतृत्वकर्ता



की भूमिका निभानी है। ताकत, प्रभाव और संसाधनों के मामले में वे अब नंबर एक बोर्ड हैं। उन्होंने जिस तरह से खेल के तीनों प्रारूपों को खेलना जारी रखा है, वह शानदार रहा है। टेस्ट क्रिकेट के प्रति उनकी प्रतिबद्धता मुझे नहीं लगता कि यह कभी इतनी मजबूत रही होगी जितनी अब है। ग्रेव ने कहा कि आईसीसी में भारत के रुख का काफी प्रभाव रहता है।

उन्होंने कहा, 'आईसीसी द्वारा लिए जाने वाले प्रमुख निर्णयों में उनकी भूमिका काफी अहम रही है। पिछले 12 महीनों में आईसीसी द्वारा हासिल की गई सबसे बड़ी चीजों में से एक में बीसीसीआई ने काफी समर्थन किया, जो कि क्रिकेट को ओलंपिक में वापस लाना है। उन्होंने ओलंपिक में क्रिकेट की 128 साल के बाद हुई वापसी पर खुशी जताते हुए कहा, 'क्रिकेट के ओलंपिक में शामिल होने से बहुत बड़ा प्रभाव पड़ा है। खासकर एसोसिएट सदस्य देश अब इस खेल के विकास के लिए सरकार और ओलंपिक संघों से धनराशि प्राप्त कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि मौजूदा टी20 विश्व कप से क्षेत्र में 300 मिलियन डॉलर की आर्थिक वृद्धि होगी। वेस्टइंडीज ने इससे पहले 2010 में टी20 विश्व कप की मेजबानी की थी। ग्रेव ने कहा, 'हम 14 साल के बाद किसी वैश्विक टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहे हैं। यह काफी मायने रखता है। विश्व कप के लिए हमने छह स्टेडियमों को अपग्रेड किया है। स्टेडियम बेहतर होने का फायदा वहां के घरेलू क्रिकेट बोर्ड और क्रिकेट वेस्टइंडीज को आने वाले कई वर्षों तक होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### राजस्थान में 15 साल पुराने वाहनों पर लगाई रोक

**जयपुर, एजेंसी।** राजस्थान सरकार के परिवहन विभाग ने अपने नए आदेश में कई तरह के बदलाव किए हैं। नए आदेश के अनुसार, अलवर और भरतपुर जिलों में 10 साल और जयपुर, जोधपुर, उदयपुर और कोटा में 15 साल पुराने कमर्शियल वाहनों पर रोक लगा दी गई है।परिवहन विभाग की ओर से अलवर और भरतपुर जिले में 10 साल पुराने कमर्शियल और घरेलू डीजल वाहनों पर रोक लगा दी गई है। ऐसे वाहनों के खिलाफ परिवहन विभाग सख्ती भी बरत रहा है। वहीं, राष्ट्रीय हरित ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के नियमों के तहत जिन जिलों में प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ रहा है, उन जिलों में 15 साल पुराने कमर्शियल डीजल भारी वाहनों पर रोक लगा दी गई है।जिलों में 15 साल पुराने कमर्शियल डीजल भारी वाहनों पर रोक लगाई गई है उनमें जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, कोटा और अलवर जिले का कुछ क्षेत्र शामिल है। हालांकि इन जिलों में 15 साल पुराने घरेलू वाहनों पर कोई रोक नहीं लगाई गई है।नए आदेश के अनुसार, अब परिवहन विभाग में किसी भी प्रकार की कोई नकद राशि जमा नहीं होगी। परिवहन विभाग में किसी भी काम के लिए अब ऑनलाइन पैसा ही जमा कराना होगा। ऐसा विभाग में किसी भी तरह के भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए किया गया है। यहां तक कि वाहनों के फिटनेस सर्टिफिकेट के लिए भी ऑनलाइन ही पैसा कराना होगा।

### 17 घंटे बाद जिंदगी की जंग हार गई डेढ़ साल की बच्ची

**अमरेली, एजेंसी।** गुजरात के अमरेली जिले के सूरजपुरा गांव में 50 फीट गहरे बोरवेल में गिरी डेढ़ साल की बच्ची आखिरकार जिंदगी की जंग हार गई। वह 17 घंटे तक बोरवेल के अंदर मौत से लड़ती रही। वह शुक्रवार को दोपहर में बोरवेल में गिर गई थी। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि सूरजपुरा गांव में 50 फीट गहरे बोरवेल में गिरी डेढ़ साल की बच्ची को बचाया नहीं जा सका।डेढ़ साल की बच्ची आरोही शुक्रवार दोपहर करीब 12.30 बजे बोरवेल में गिर गई थी। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और एनडीआरएफ की टीम ने बचाव कार्य शुरू कर दिया था। एनडीआरएफ के 17 घंटे लंबे बचाव अभियान के बाद शनिवार सुबह उसे बेहोशी की हालत में बाहर निकाला गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एनडीआरएफ के एक अधिकारी ने बताया कि बोरवेल 500 फीट गहरा था। इसमें गिरने के बाद लड़की लगभग 50 फीट की गहराई में जाकर फंस गई थी। उन्होंने बताया कि स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर एनडीआरएफ की टीम ने करीब 17 घंटे के बचाव अभियान के बाद बच्ची को शनिवार सुबह करीब पांच बजे बेहोशी की हालत में बाहर निकाला।

### बचाई जान, फिर कर दी थप्पड़ों की बौछार, लड़की को बचाने के लिए नदी में कूदे युवक की पिटाई

**सुलतानपुर , एजेंसी।** यूपी के सुलतानपुर में गोमती के गोलाघाट पुल से नदी में कूदी किशोरी को बचाने के लिए कूदे एक युवक को डुबने से बचाते हुए एक मछुवारा थप्पड़ जड़ रहा है। इसका वीडियो खूब किया गया। वीडियो में कहता सुनाई दे रहा है कि जब नशे में हो और तैरना नहीं आता तो क्यों नदी में कूद गए।पुलिस की मानें तो वायरल वीडियो गुरुवार का है। कोतवाली नगर के गोलाघाट स्थित गोमती नदी पुल से गुरुवार शाम एक किशोरी ने नदी में छलांग लगा दी। जिस समय किशोरी नदी में कूदी उसी समय वहां मछुआरे नदी में मछली मार रहे थे। मछुआरे किशोरी को बचाने के लिए दौड़े। उसे नदी से बाहर निकालकर ऊपर लाए। उसके बाद एंबुलेंस के जरिए किशोरी को राजकीय मेडिकल कॉलेज में लाकर एडमिट कराया गया। किशोरी कक्षा 11 की छात्रा है। उसकी पहचान गोसाईगंज थाना क्षेत्र के टाटिया नगर निवासी एक किशोरी के रूप में हुई है। बताया गया कि मां से शाम को झगड़ा करने के बाद उसने आत्म घाती कदम उठाया था। इसी घटना से जुड़ा एक वीडियो शनिवार को सामने आया। जिसमें एक युवक नदी के अंदर मौजूद है और उसे बाहर निकालते हुए मछुआरे थप्पड़ मार रहा है। इस बाबत जानकारी करने पर पुलिस ने बताया कि वीडियो गुरुवार का है। युवक नशे के आलम में था। जैसे ही किशोरी नदी में कूदी युवक उसे बचाने के लिए नदी में कूद गया। उसे तैरना भी नहीं आता था। इसी से नाराज मछुआरे उसे मार रहे थे।

## सभी तरह की संपत्तियों की आवंटन दरों में वृद्धि

# ग्रेटर नोएडा में घर बनाना, उद्योग लगाना हुआ महंगा

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने अपनी सभी तरह की संपत्तियों की आवंटन दरों में 5.30 फीसदी की वृद्धि कर दी है। इससे ग्रेटर नोएडा में घर, दुकान और उद्योग लगाना और अधिक महंगा हो गया है। नई दरें एक अप्रैल से लागू मानी जाएंगी।

प्राधिकरण के चेयरमैन मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को बोर्ड बैठक हुई। प्राधिकरण ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए संपत्ति की आवंटन दरें निर्धारित कर दी हैं। सभी तरह की संपत्ति की दरों में 5.30 फीसदी का इजाफा किया गया है। बैठक में दरें बढ़ाने पर मुहर लग गई। वित्त विभाग की तरफ से जल्द ही इससे संबंधित आदेश कर दिया जाएगा।

बैठक में सेक्टर चाई में एग्जीविशन कन्वेंशन सेंटर का निर्माण, दादरी के समीप कार्गो टर्मिनल विकसित करने, इस साल के अंत तक सभी 58 सेक्टरों में गंगाजल की आपूर्ति, पालतू बिल्ली-कुत्तों का रजिस्ट्रेशन शुल्क खत्म करने, किसान आबादी भूखंड के बढ़े क्षेत्रफल पर पास के सेक्टर का आवंटन रेट सहित कई अन्य महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर बोर्ड की मुहर लगी। ग्रेटर नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट में विकास से जुड़ी कई



परियोजनाएं आने वाली हैं, जिनमें ग्रेटर नोएडा वेस्ट मेट्रो, मल्टीमॉडल लॉजिस्टक हब एवं ट्रांसपोर्ट हब जैसी महत्वाकांक्षी परियोजनाएं शामिल हैं। विकास परियोजनाओं को देखते हुए प्रत्येक वित्तीय वर्ष में संपत्ति की आवंटन दरें निर्धारित की जाती हैं। प्राधिकरण की सभी तरह की संपत्तियों की आवंटन दरों में वृद्धि होने से इसका फायदा जमीन अधिग्रहण से प्रभावित किसानों को भी मिल सकता है। किसानों को मिलने वाले मुआवजा राशि में वृद्धि हो सकती है। विकास परियोजनाओं के लिए प्राधिकरण 21 गांवों की जमीन सहमति के आधार पर अधिग्रहीत करने की तैयारी कर रहा है। इससे संबंधित सूचना जारी कर दी गई है। बोर्ड की बैठक में ग्रेनो प्राधिकरण के सीईओ रवि कुमार एनजी, नोएडा प्राधिकरण के सीईओ डॉ. एम लोकश, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की एसीईओ मेधा रूपम, एसीईओ सौम्य श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

नोएडा से ग्रेटर नोएडा वेस्ट के नॉलेज पार्क-5 तक प्रस्तावित मेट्रो कॉरिडोर के दोनों तरफ 500 मीटर की दूरी स्थित सभी श्रेणी के भूखंडों के लिए अतिरिक्त एफएआर (फ्लोर एरिया रेशियो) को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बोर्ड की शनिवार को मंजूरी मिल गई। इस निर्णय से जहां आवासीय और व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा, वहीं प्राधिकरण को भी आर्थिक लाभ होगा। अतिरिक्त एफएआर की अनुमति लेने पर निर्धारित शुल्क जमा करना होगा। इससे उन लोगों को फायदा होगा, जिनके भूखंड कॉरिडोर के आसपास हैं। ग्रेनो प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में कुत्तों के पंजीकरण की संशोधित नीति को मंजूरी मिल गई है। कुत्तों के पंजीकरण का शुल्क अब खत्म कर दिया गया है। संशोधित पॉलिसी के अनुसार अब कुत्तों के पंजीकरण के लिए शुल्क नहीं लगेगा। पंजीकरण तीन माह के बजाय साल भर चलेगा। अगर किसी ने पंजीकरण न होने की शिकायत की तो उसकी जांच की जाएगी। मामला सही मिलने पर 2000 रुपये जुर्माना लगेगा।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बोर्ड ने मोबाइल टावर लगाने की पॉलिसी को मंजूरी दे दी है। मोबाइल कंपनियां अब मनमानी ढंग से टावर नहीं लगा सकेंगी। अब किसी पार्क या ग्रीन बेल्ट में मोबाइल टावर लगवाने के लिए मोबाइल सेवा ऑपरेटर कंपनी को तय प्रारूप पर सीईओ के समक्ष आवेदन करना होगा। आवेदक को तीन लाख की बैंक गारंटी क्षतिपूर्ति के रूप में प्राधिकरण के खाते में जमा करनी होगी। दादरी क्षेत्र के तिलपता कंटेनर डिपो के समीप गति शक्ति कार्गो टर्मिनल विकसित किया जाएगा। इस परियोजना को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण बोर्ड ने मंजूरी दे दी है। इससे क्षेत्र में विकास को नई गति मिलेगी। पीएम गति शक्ति योजना के अंतर्गत यहां करीब 260 एकड़ में कार्गो टर्मिनल विकसित किया जाएगा। यह जमीन पाली व मकौड़ा गांव के पास स्थित है। प्राधिकरण के मुताबिक इससे लगभग 15 हजार लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। साथ ही एनसीआर रीजन का मुख्य लॉजिस्टिक हब बन जाएगा।

## आईआईटी खड़गपुर के छात्र फैजान की हुई थी हत्या, दूसरी फॉरेंसिक रिपोर्ट में खुल गई पुलिस की पोल

**कोलकाता एजेंसी।**
आईआईटी खड़गपुर में एक छात्र की मौत मामले में दो साल बाद कई बड़ी बातें सामने आई हैं। कलकत्ता हाई कोर्ट आदेश के बाद की गई दूसरी ऑटोप्सी की रिपोर्ट में पता चला है कि छात्र फैजान के गले पर चाकू का निशान पाया गया था। इसके अलावा उसके शव पर गोली के निशान भी पाए गए थे। इसी साल मई में दूसरी ऑटोप्सी रिपोर्ट हाई कोर्ट को सौंपी गई थी। अगले सप्ताह हाई कोर्ट इस मामले में सुनवाई करने वाला है। उससे पहले एक्सपर्ट कमेटी फाइनल रिपोर्ट दे सकती है।

इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक डॉ. एके गुपता की रिपोर्ट में बताया गया है कि फैजान की गर्दन के पास बाईं तरफ चाकू के निशान मिले हैं। हालांकि पुलिस ने अपनी रिपोर्ट में इन घावों का जिक्र ही नहीं किया था। मिदनापुर मेडिकल कॉलेज में अक्टूबर 2022 में किए गए शव परीक्षण में भी किसी तरह के जख्म की जानकारी नहीं दी गई थी। इसके बाद फैजान की मां रेहाना ने हाई कोर्ट का रुख किया और जांच के लिए एसआईटी बनाने की मांग की। कोर्ट ने मई 2023 में



शव के अवशेष निकालकर दोबारा ऑटोप्सी करने का आदेश दिया। कोर्ट ने कहा था कि छात्र की मौत के पीछे का सच सामने आना जरूरी है। हालांकि शुरुआती रिपोर्ट में कहा गया था कि फैजान ने खुदकुशी की है। परिवार यह बात मानने को तैयार नहीं था। फैजान के परिवार का कहना था कि आईआईटी खड़गपुर परिसर में फैजान के साथ रैगिंग हुई और इसके बाद उसकी हत्या कर दी गई।

फॉरेंसिक एक्सपर्ट्स ने अपनी रिपोर्ट में यह भी कहा था कि उसके नाखूनों पर खून पाया गया था। इसके अलावा रीढ़ की हड्डी भी डेमेज थी। डॉ. गुप्ता की ऑटोप्सी में कई हैरान करने वाली बातें हैं। फैजान अहमद की खोपड़ी की एक हड्डी भी गायब थी। इस रिपोर्ट में जहर खाकर जान देने वाली थ्योरी को पूरी तरह नकार दिया। वहीं फैजान के परिवार का कहना है कि उसने खुदकुशी नहीं की थी बल्कि उसे मारा गया था। फैजान के परिवार के वकील अनिरुद्ध मित्रा ने कहा, बिना जांच के ही पुलिस ने इसे आत्महत्या का मामला बता दिया। आज तक पहली पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर ही जांच की जा रही है। हाई कोर्ट ने पुलिस को ऐसा ना करने के निर्देश भी दिए हैं। यहां तक कि संस्थान ने भी मामले को किसी तरह रफा दफा करने की कोशिश की। कॉरिडोर में कोई सीसीटीवी कैमरा भी नहीं लगा था। संस्थान में बच्चों के साथ रैगिंग हो रही थी लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की जाती थी। इसका मतलब है कि प्रशासन भी आरोपियों की मदद में लगा था।

## फर्जी जॉब कन्सलटेंसी खोलकर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का हुआ पर्दाफाश

### 8 आरोपियों के साथ नकली नोट छपाई का मिला समान

**रायपुर, एजेंसी।**
छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में पुलिस ने 8 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। रायपुर पुलिस ने नकली नोट छापने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए नौकरी नाम पर धोखाधड़ी की वारदात को अंजाम दे रहे आरोपियों का पर्दाफाश किया है। पुलिस के मिताबिक गिरोह के द्वारा रायपुर में नौकरी दिलाने के नाम पर लोगों से ठगी करते थे।

जानकारी के मुताबिक यह लोग फर्जी कंपनी खोलकर नौकरी दिलाने के नाम पर पैसे ऐंठने का काम कर रहे थे, जिसकी पुलिस को लगातार शिकायत मिल रही थी। ये गिरोह पंडरी में पैन इंडिया जॉब कन्सलटेंसी के नाम से फर्जी ऑफिस खोलकर लोगों से ठगी कर रहा था। बताया जा रहा है कि जब पुलिस मैके पर रेड मारने पहुंची तो कार्यालय बंद मिला। जिसके बाद पुलिस ने कार्यालय को खोलवाकर ऑफिस के अंदर रखे लैपटाप को जप्त किया गया है। जिसमें गिरोह के संबंध में कई महत्वपूर्ण जानकारियां मिली है।



पुलिस को यह भी पता चला है कि इसका एक और ब्रांच अशोका रतन रायपुर में स्थित है। जिसके बाद पुलिस की टीम ने अशोका रतन स्थित कार्यालय में दबिश दी है।

**फर्जी जॉब कन्सलटेंसी के नाम पर दे रहे थे धोका:** पुलिस के द्वारा दोनों इलाकों पर रेड मारने के बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ की गई है। पूछताछ में पता चला है कि यह लोग जॉब कन्सलटेंसी, जॉब पेन इंडिया कंपनी पंडरी एवं अशोका रतन, अनुपम नगर रायपुर में खोलकर लोगो को जॉब दिलाने हेतु रजिस्ट्रेशन कर, रजिस्ट्रेशन फीस लेते थे। इसके साथ ही अभ्यर्थियों को इन्टरव्यू में फेल कर कैंडिडेट्स को पास कराने के नाम पर उनसे पैसे लेते थे। जिसके बाद ये स्पाईस जेट कंपनी के नाम से अपाइटमेंट लेटर भेजते थे। लेकिन जब वे वहां पहुंचते थे तो वहां ऐसी किसी भी बात से इंकार कर दिया जाता था। आरोपियों ने यह भी बताया कि, वाटर प्रिंटर की मदद से वो 500-500 रूपये की नोटों को छापते थे और उन्हें बाजार में चला दिया करते थे।

## गांव में दहशत फैलाने वाले मगरमच्छ को पुलिस ने मारी गोली, स्थानीय लोगों ने दावत में पकाकर खाया

**मेलबर्न, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के गांव में स्थानीय लोगों ने एक पारंपरिक उत्सव के दौरान खारे पानी के एक बड़े मगरमच्छ को मारकर खा लिया। इस साल की शुरुआत में आई बाढ़ के बाद 3.63 मीटर लंबा मगरमच्छ 250 मीटर दूर बेन्स नदी में चला गया था। वह पानी से बाहर निकलकर बच्चों और वयस्कों पर हमला कर रहा था।मगरमच्छ ने कई कुत्तों को



भी अपना शिकार बनाया था। आदिवासी समुदाय के लोगों से बात करने के बाद पुलिस ने मंगलवार मगरमच्छ को गोली मार दी। एक बयान जारी कर पुलिस ने कहा, स्थानीय लोगों और वन्यजीवों के परामर्श के बाद मगरमच्छ को गोली मार दी गई। अब यह समुदाय के लिए खतरा पैदा नहीं करेगा। पार्क और वन्यजीवन द्वारा एक मगरमच्छ सुरक्षा सत्र आयोजित किया गया, जिसमें मगरमच्छ को मारने के बाद उसे पास के आदिवासी समुदाय तक पहुंचाया गया। दरअसल, यहां विशाल रेप्टाइल को दावत के लिए बनाया जाता है। उत्तरी क्षेत्र पुलिस सार्जेंट एंड्रयू मैकब्राइड ने कहाजानवर को मगरमच्छ की पूंछ के सूप में पकाया जाता है। उसे बारबेक्यू पर रखा गया और कुछ हिस्सों को केले के पत्तों में लपेटा गया और फिर पकाया गया। उन्होंने आगे कहा कि यह एक बड़ी पारंपरिक दावत थी। कमांडर काइली एंडरसन ने कहा कि मगरमच्छ सामुदायिक सुरक्षा के लिए खतरा पैदा कर सकते हैं। उन्होंने पार्क, वन्यजीव, पुलिस और स्थानीय लोगों को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद किया । उन्होंने आगे कहा कि हम बड़े मगरमच्छ को हटाने और समुदाय की सुरक्षा करने में सक्षम रहे।

## हमास ने नहीं मारा, इजरायल ने खुद उड़ाई अपनी गाड़ी; राफा में मारे गए 8 इजरायली सैनिक

**येरुशलम, एजेंसी।** राफा में इजरायल और हमास आतंकियों के बीच जंग चल रही है। गाजा को श्मशान बनाने के बाद इजरायली सेना अब हमास के आखिरी गढ़ में निर्णायक जंग लड़ रही है। इस बीच ऐसी रिपोर्ट सामने आई थी कि राफा में एक ऑपरेशन के लिए जाते वक्त हमास ने इजरायली सैनिकों के वाहन को बम से उड़ा दिया। इस हमले में 8 सैनिक मारे गए। हालांकि इस घटना को लेकर अब चौंकाने वाली जानकारी सामने आई है। इजरायली रक्षा सूत्रों का कहना है कि इजरायली सैनिकों की मौत की वजह हमास नहीं बल्कि उनकी खुद की गलती हो सकती है। जांच में सामने आया है कि जिस वाहन में इजरायली सैनिक सवार थे, उसमें विस्फोटक सामग्रियां रखी हुई थी। ऐसी संभावना ज्यादा है कि वाहन में रखा विस्फोटक फट गया और उसकी चपेट में आकर 8 इजरायली सैनिक मारे गए।

इजरायली सेना ने शनिवार को जानकारी दी कि सुबह-सुबह पांच बजे करीब दक्षिणी गाजा पट्टी के राफा में एक विस्फोट में उसके आठ सैनिक मारे गए। यह इस क्षेत्र में जनवरी महीने से शुरू ऑपरेशन के बाद सबसे घटना बड़ी है। राफा में इजरायल को बीते 6 महीने में सबसे बड़ा नुकसान हुआ है। इस विस्फोट में डिप्टी



कमांडर वासेम महमूद के अलावा 7 सैनिक मारे गए। आईडीएफ ने सैनिकों के परिवारवालों को घटना की सूचना दे दी है।

### इजरायली सैनिकों ने खुद उड़ाई अपनी गाड़ी

पहले रिपोर्ट सामने आई थी कि यह हमला हमास आतंकियों द्वारा किया गया था। लेकिन, टाइम्स ऑफ इजरायल की रिपोर्ट है कि इजरायली सैनिकों ने गलती से खुद की गाड़ी उड़ा दी या फिर गाड़ी में रखा बम खुद ही विस्फोट हो गया। इस मामले की जांच की जा रही है। आईडीएफ के प्रवक्ता रियर एडमिरल डैनियल हगारी ने कहा कि सेना जांच कर रही है। हगारी ने कहा कि घटना के वक्त सैनिक राफा में एक ऑपरेशन के लिए जा रहा था। सुबह पांच बजे करीब वाहन में विस्फोट हुआ और आईडीएफ के 8 सैनिक मारे गए। जानकारी सामने आई है कि विस्फोट से पहले मौके पर न कोई गोलाबारी हुई और न ही किसी तरह का कोई संघर्ष हुआ। दरअसल, वाहन के अंदर बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्रियां थी। ऐसी संभावना जताई गई है कि बम सैनिकों की गलती या खुद से उड़ गया होगा।

## 72 के बुजुर्ग से 12 साल की बेटी की शादी, ऐन वक्त पर पहुंच गई पुलिस; जमकर बवाल

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में महिलाओं के शोषण की खबरें अकसर सामने आती रहती हैं। अब एक और हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक पिता अपनी 12 साल की बेटी की शादी 72 साल के बुजुर्ग से कराने जा रहा था। रिपोर्ट के मुताबिक पिता का नाम अलाम सैयद बताया गया है। पांच लाख की कीमत पर वह मासूम बेटी का निकाह 72 साल के हबीब खान से करवाने जा रहा था। मामले की जानकारी जब पुलिस को हुई तो बुजुर्ग दूल्हे और निकाह ख्वान को गिरफ्तार कर लिया गया। वहीं मासूम का पिता मौके से फरार हो गया।

पाकिस्तान न्यूज चैनल एआरआई न्यूज के मुताबिक लड़की के पिता के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पाकिस्तान में इस तरह की घठनाएं आम हो गई हैं। इसी तरह की घटना पाकिस्तान के पंजाब में रजनपुर थट्टा नाम के गांव में सामने आई थी। यहां एक पिता अपनी 11 साल की बेटी की शादी 40 साल के शख्स से करवा रहा था।

## अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव से पहले ईवीएम को लेकर एलन मस्क की चेतावनी

### ईवीएम को हैक किया जा सकता है- एलन मस्क

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** दुनिया की सबसे अमीर शख्सियतों में शुमार एलन मस्क आजकल काफी चर्चाओं में हैं। कभी कंपनी से निकाले गए कर्मचारियों से पैसे वापस मांगकर सुर्खियां बटोर लेते हैं तो कभी किसी और कारण से। अब मस्क ने अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव से पहले ही इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) पर सवाल उठा दिया है। उन्होंने शनिवार को चौंकाने वाला दावा किया। कहा कि ईवीएम को हैक किया जा सकता है और इसे खत्म किया जाना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने अमेरिकी चुनावों से ईवीएम को हटाने की मांग की। बता दें, टेस्ला के



सीईओ एलन मस्क ने यह बयान अमेरिका के राष्ट्रपति पद के लिए स्वतंत्र उम्मीदवार रॉबर्ट एफ. कैनेडी जूनियर की एक पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए दिया।

अमेरिकी राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार कैनेडी जूनियर ने एसोसिएटेड प्रेस का हवाला देते हुए एक्स पर एक पोस्ट किया। इसमें उन्होंने कहा, 'प्यूर्टो रिको के प्राथमिक चुनावों में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों से संबंधित सैकड़ों मतदान अनियमितताएं सामने आई हैं। सौभाग्य से यह एक पेपर ट्रेल था, इसलिए समस्या की पहचान की गई और वोटों की गिनती को सही किया गया। सोचिए उन क्षेत्रों में क्या होता होगा, जहां कोई पेपर ट्रेल नहीं है?

उन्होंने आगे कहा कि अमेरिकी नागरिकों के लिए यह जानना आवश्यक है कि उनके प्रत्येक वोट की गणना की गई है। उनके चुनावों में कोई सेंध नहीं लगाई जा सकती। चुनावों में इलेक्ट्रॉनिक हस्तक्षेप से बचने के लिए उन्हें पेपर बैलेट पर वापस लौटना होगा।

एक्स पर कैनेडी जूनियर की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए एलन मस्क ने कहा, हमें इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों को खत्म कर देना चाहिए। मनुष्यों या एआई द्वारा हैक किए जाने का जोखिम, हालांकि छोटा है, लेकिन फिर भी बहुत अधिक है। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें एक प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस है, जिनका इस्तेमाल चुनावों में मतों को रिकॉर्ड करने और गिनने के लिए किया जाता है। इन मशीनों का मुख्य उद्देश्य मत प्रक्रिया को सरल, तेज और विश्वसनीय बनाना है। भारत में ईवीएम का इस्तेमाल विभिन्न प्रकार के चुनावों में किया जाता है, जैसे कि लोकसभा, विधानसभा और पंचायत चुनाव शामिल हैं।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129, 9430990555